दैनिक
डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!
Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

आवश्यकता
सुपौल, सीतामढ़ी
मधुबनी, बेगूसराय, मुंगेर, जमुई,
के लिए संवाददाता सह विज्ञापन
प्रतिनिधि के रूप में काम करने
वाले इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
9525278483, 6200031466

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा रविवार 30 जून 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 519

## संक्षिप्त खबरें ।

### हिजबुल्लाह के पास सिर्फ 72 घंटे इजराइल ने बदली रणनीति, लेबनान बॉर्डर पर हलचल तेज



लोक तंत्र की आवाज

**नई दिल्ली।** इजराइल ने लेबनान पर बड़ा हमला करने की पूरी तैयारी कर ली है. अब इजराइल अपने सैनिकों को गाजा से लेबनान बॉर्डर पर मूव कर रहा है. मिस्त्र की खुफिया एजेंसी की रिपोर्ट में ये खुलासा हुआ कि इजराइल गाजा से अपने सैनिकों को लेबनान बॉर्डर पर भेज रहा है. रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अगले 72 घटों में इजराइल राफा में मौजूद अपने ज्यादातर सैनिकों को लेबनान बॉर्डर पर मूव कर सकता है. जिसके बाद लेबनान में चिंता बढ़ गई है। दूसरी तरफ हिजबुल्लाह ने भी दावा किया है कि वे इजराइल के हर हमले से निपटने के लिए तैयार हैं और अगर लेबनान पर हमला होता है तो वे किसी भी इजराइली शहर को सुरक्षित नहीं छोड़ेंगे. वहीं क्षेत्र में मौजूद दूसरी ईरानी प्रॉक्सी ने भी कहा है कि वे इस जंग में हिजबुल्लाह का साथ देंगे।

**हिजबुल्लाह खतरे से बदली नीति :** लेबनान बॉर्डर पर हिजबुल्लाह पिछले आठ महीनों से इजराइल के लिए सिरदर्द बना हुआ है. लेबनान से लगे इजराइली कस्बों पर आए दिन हिजबुल्लाह के रॉकेट गिर रहे हैं. हालांकि कई बार इजराइल ने जवाबी कार्रावई करते हुए हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया है. पिछले कुछ दिनों से नॉर्दर्न बॉर्डर पर तनाव ज्यादा बढ़ गया है, जिसके बाद इजराइल ने अपनी रणनीति में बदलाव कर अपना ध्यान गाजा से लेबनान बॉर्डर पर लगाना शुरू कर दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइल सेना की टुकड़ियां गाजा से मूव करने की तैयारी कर रही है. इजराइल सेना बड़े पैमाने पर अपने टैंको और आर्म व्हीकल्स को गाजा से पीछे हटा रही है. 7 अक्टूबर के बाद इजराइल द्वारा गाजा पर किए जा रहे हमलों के विरोध में हिजबुल्लाह लेबनान सीमा से इजराइल पर हमले कर रहा है. हिजबुल्लाह के चीफ नसरल्लाह ने कहा है कि वे गाजा में सीजफायर होने तक अपने हमले जारी रखेंगे।

## लद्दाख में टैंक अभ्यास के दौरान बड़ा हादसा, नदी को पार करते समय बढ़ा जलस्तर, जेसीओ समेत 5 जवान शहीद

लोक तंत्र की आवाज



**नई दिल्ली।** लद्दाख के दौलत बेग ओल्डी इलाके में और दुखद हादसा हुआ है. रक्षा अधिकारी के मुताबिक, देर रात करीब 3 बजे यहां टैंक अभ्यास के दौरान नदी पार करते समय अचानक से नदी का जलस्तर बढ़ गया जिसमें सेना के जवान फंस गए. इस हादसे में सेना के पांच जवान शहीद हो गए हैं और एक जवान को बचाने में सफलता भी मिली है।

दरअसल रात में दौलत बेग ओल्डी में टैंक अभ्यास चल रहा था और सेना के कई टैंक यहां मौजूद थे. इस दौरान वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास एक टी–72 टैंक द्वारा रात में नदी कैसे पार की जाती है इसका अभ्यास चल रहा था. रक्षा अधिकारी के मुताबिक, 'कल शाम दौलत बेग ओल्डी इलाके में नदी पार करने के अभ्यास के दौरान हुए हादसे में एक जेसीओ और चार जवान समेत भारतीय सेना के पांच जवान शहीद हो गए. सभी पांचों शव बरामद कर लिए गए हैं.' टैंक की बरामदगी की भी कोशिश चल रही है।

**आर्मी का बयानः** सेना ने एक बयान जारी करते हुए कहा, '28 जून 2024 की रात को, एक सैन्य प्रशिक्षण गतिविधि के पूरा होने के दौरान पूर्वी लद्दाख के सासेर ब्रांगसा के पास श्योक नदी में अचानक जल स्तर बढ़ने के कारण सेना का एक टैंक फंस गया. बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे, हालांकि, नदी के तेज प्रवाह और जल स्तर के कारण बचाव अभियान सफल नहीं हुआ और टैंक चालक दल के सदस्यों की जान चली गई. भारतीय सेना पूर्वी लद्दाख में परिचालन तैनाती के दौरान अपने पांच बहादुर कर्मियों के खोने पर दुख व्यक्त करती है. बचाव अभियान जारी है।

**राजनाथ सिंह का पोस्टः** सेना भी इस बात की जांच कर रही है कि अचानक से जलस्तर कैसे बढ़ गया. जिस जगह यह हादसा हुआ वहां पर भारत और चीन के बीच लंबे समय से तनाव बना हुआ है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी हादसे पर दुख जताया है।

राजनाथ सिंह ने लिखा, 'लद्दाख में नदी पार कराते समय हुए दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में भारतीय सेना के पांच बहादुर जवानों की जान जाने से मैं बहुत दुखी हूं. हम देश के लिए अपने वीर जवानों की अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे. शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं. दुख की इस घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा है।

## ये कैसा विकास? दिल्ली के बाद अब राजकोट में बड़ा हादसा, एयरपोर्ट की कैनोपी टूटी



लोक तंत्र की आवाज

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में एयरपोर्ट की छत गिरने के बाद अब राजकोट इंटरनेशलन एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा होते–होते टला है. हीरासर स्थित इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर टर्मिनल के बाहर पैसेंजर पिकअप–ड्रॉप एरिया में ऊपर लगी कैनोपी ढह गई. राहत वाली खबर यह है कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पिकअप और ड्रॉप एरिया मे केनोपी टूटी है. बताया जा रहा है कि तेज हवा के साथ बारिश की वजह से यह हादसा हुआ है. हादसे मे कीसी को कोई नुकसान नहीं हुआ है. बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जुलाई 2023 में राजकोट एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का लोकार्पण किया था. इस एयरपोर्ट का 1400 करोड़ से ज्यादा की लागत से विस्तार हुआ था. अब इस हादसे के बाद प्रबंधन अधिकारियों पर सवाल उठ रहा है।

### दिल्ली एयरपोर्ट हादसे पर बनाई गई जांच समिति

बता दें कि दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रबंधन ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 पर छत गिरने की घटना की जांच के लिए एक समिति का गठन किया गया है. पुलिस ने दिल्ली हवाई अड्डे पर छत गिरने की घातक घटना के बाद भारतीय दंड संहिता की धारा 304 ए (लापरवाही से मौत) और 337 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाले कृत्य से चोट पहुंचाना) के तहत मामला दर्ज किया है।

**जबलपुर में भी हुआ हादसाः** गुरुवार को मध्य प्रदेश के जबलपुर में डुमना एयरपोर्ट पर एक मेटल सेट टूटकर खड़ी कार पर गिर गया. इस हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. यह घटना तब हुई जब कार एयरपोर्ट पर एक यात्री को छोड़ने आई थी और ड्रॉप–एंड–गो साइट पर खड़ी थी. कार में सवार यात्री और ड्राइवर दोनों ही घटना से कुछ ही क्षण पहले बाहर निकल गए थे।

## क्या है इसरो का जियोपोर्टल 'भुवन', जो गूगल से भी 10 गुना ज्यादा पावरफुल

लोक तंत्र की आवाज



**नई दिल्ली।** जियोपोर्टल-भुवन एक प्रकार का वेब पोर्टल है, जिसका उपयोग इंटरनेट के जरिये भौगोलिक जानकारी (भू–स्थानिक जानकारी) और अन्य संबंधित भौगोलिक सेवाओं को खोजने और उनका उपयोग करने के लिए किया जाता है. भुवन को गूगल मैप्स का भारतीय संस्करण भी कहा जाता है. यह एक बहुउद्देश्यीय सेटेलाइट एप्लिकेशन प्लेटफॉर्म है. इसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) संचालित करता है।

यह सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन उपयोगकर्ताओं को पृथ्वी की सतह का 2डी/3डी पिक्चर देखने की अनुमति देता है. ब्राउजर को विशेष रूप से भारत को देखने के लिए तैयार किया गया है, जो इस क्षेत्र में उच्चतम रिजॉल्यूशन प्रदान करता है. यह अन्य सॉफ्टवेयर की तुलना में एक मीटर तक की लोकल रिजॉल्यूशन के साथ भारतीय स्थानों की ब्रॉड इमिजेनेशन प्रदान करता है. सुरक्षा चिंताओं के कारण. उपलब्ध इमेजस में भारत का कोई भी रक्षा प्रतिष्ठान शामिल नहीं है. सामग्री चार स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध कराई गई है।

**इसके बारे में इसरो ने क्या कहा? :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस. सोमनाथ ने कहा, जब आप इंडिया जियोपोर्टल–भुवन के बारे में बात करते हैं तो यह आपको गूगल से मिलने वाली जानकारी से दस गुना अधिक जानकारी देता है. उन्होंने कहा कि हमने दो महत्वपूर्ण सूचना प्रसार उपकरण बनाये हैं– भुवन पंचायत और एनडीईएम. यह लाता है अतिरिक्त डेटा सेट. हाल ही में इसरो और मैप माई इंडिया ने भुवन को शुरू करने के लिए आपस में भागीदारी की थी. यह भारत में लागू भू–स्थानिक क्षेत्र से संबंधित नए दिशा निर्देशों के अनुरूप है।

### कितना महत्वपूर्ण है पोर्टल

यह पोर्टल भारत सरकार से उपलब्ध जानकारी के अनुसार देश की वास्तविक सीमाओं को दर्शाएगा. विदेशी मैप ऐप्स के बजाय मैप माई इंडिया के एप्लिकेशन का उपयोग कर उपयोगकर्ता अपनी गोपनीयता की बेहतर ढंग से सुरक्षा कर सकते हैं. विदेशी सर्च इंजन और कंपनियां फ्री मैप पेश करने का दावा करती हैं, लेकिन वास्तव में वे विज्ञापन के साथ यूजर को टारगेट कर उसकी गोपनीयता पर हमला करते हैं।

## ईरान में राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों में दोबारा हुआ सबसे चौकाने वाला उलटफेर, अब पेजेशकियन ने सईद जलीली को छोड़ा पीछे

लोक तंत्र की आवाज



**दुबई ।** ईरान में राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव के बाद आज वोटों की गिनती जारी है। कई राउंड की काउंटिंग के बाद अब दोबारा राष्ट्रपति चुनाव के परिणामों में बड़ा उलटफेर हुआ है। अभी तक शुरुआती रझानों में काफी आगे निकल चुके ईरान के कट्टरपंथी नेता सईद जलीली अब सुधारवादी नेता मसूद पेजेशकियन से पीछे हो गए हैं। चौंकाने वाले इन चुनावी परिणामों के रुझानों में सुधारवादी उम्मीदवार मसूद पेजेशकियन और कट्टरपंथी प्रत्याशी सईद जलीली के बीच अब कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है।

ईरान के सरकारी टेलीविजन चैनल द्वारा प्रसारित प्रारंभिक परिणामों में दोनों में से किसी भी उम्मीदवार को चुनाव में सीधे जीत हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखाया गया है, जिससे चुनाव परिणामों में शीर्ष दो स्थानों पर रहने वाले उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला होने की संभावना नजर आ रही है। चैनल ने बताया कि एक करोड़ 20 लाख मतों की गिनती के बाद पेजेशकियन को 53 लाख वोट मिले, जबकि जलीली को 48 लाख वोट मिले हैं। संसद के कट्टरपंथी स्पीकर मोहम्मद बाघेर कलीबाफ को 16 लाख वोट मिले। शिया धर्मगुरु मुस्तफा पूरमोहम्मदी को करीब 95,000 वोट मिले हैं।

**ईरान के कानून के अनुसार राष्ट्रपति बनने के लिए कितना वोट पाना है जरूरीः** ईरान में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ था। ईरान के कट्टरपंथी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मई में हुए हेलीकॉप्टर हादसे में मृत्यु हो गई थी, जिस कारण देश में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कराया गया। यह चुनाव ऐसे समय में हो रहा है, जब इजरायल–हमास के बीच जारी युद्ध को लेकर पश्चिम एशिया में व्यापक स्तर पर तनाव है और ईरान पिछले कई वर्षों से आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। ईरानी कानून के अनुसार, 50 प्रतिशत से अधिक मत हासिल करने पर ही कोई उम्मीदवार विजेता घोषित किया जा सकता हैं।

## नीतीश कुमार का बड़ा फैसला, संजय झा बनाए गए जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष

लोक तंत्र की आवाज

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में शनिवार को जेडीयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई. इस वक्त जेडीयू कार्यकारिणी की बैठक से बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां संजय झा को जदयू का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार जेडीयू कार्यकारिणी की बैठक में संजय झा को जेडीयू का कार्यकारी अध्यक्ष बनाने पर सहमति बनी है. बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संजय झा के नाम का प्रस्ताव लाया, जिस पर जेडीयू के नेताओं ने सहमति दी।

वहीं जेडीयू राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा हुई. जेडीयू राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में संगठन संबंधी कई प्रस्ताव लाए गए. जेडीयू राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा या विशेष पैकेज दिलाने पर भी चर्चा हुई. इसके साथ ही बैठक में झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई।

जेडीयू की बैठक में जो प्रस्ताव दिए गए उसमें कहा गया कि जनता दल यूनाइटेड के कार्यकर्ता एक अनुशासित सिपाही की तरह काम करते हैं. लोकसभा चुनाव में बिहार में संगठन के सभी स्तरों पर पार्टी पदाधिकारी के साथ तालमेल और कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद ने सफलता का मार्ग प्रशस्त किया. इस रणनीति का प्रयोग हमें 2025 के विधानसभा चुनाव में भी करना है. 2025 में जिन राज्यों में विधानसभा के चुनाव हो वहां हमारे उम्मीदवार चुनाव लड़े. प्रत्येक बूथ के लिए 5 से 10 कार्यकर्ताओं के नाम



पहले से तय कर लिए जाने चाहिए. राज्य पदाधिकारी और जिला पार्टी के पदाधिकारी जब भी दौरे पर जाएं बूथ प्रभारी के संपर्क में रहे. पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बूथ प्रभारी को जरूर आमंत्रित करें. पदाधिकारी या मंत्री किसी भी क्षेत्र में जाएं तो वहां के बूथ प्रभारी को सूचना होनी चाहिए. ऐसे में उनका मनोबल और उत्साह बढ़ेगा।

बैठक में प्रखंड अनुमंडल और जिला स्तर पर बूथ प्रभारी की बैठक आयोजित करने को लेकर भी चर्चा हुई. कार्यकारिणी की बैठक में कहा गया कि बूथ प्रभारी चुनावी मोर्चा के अग्रिम दस्त के सिपाही हैं. पार्टी की जीत सुनिश्चित करने में उनकी बड़ी भूमिका होगी. झारखंड में भी 2024 में चुनाव होना है. वहां पहले भी जेडीयू प्रत्याशी चुनाव लड़े हैं और जीते भी हैं. झारखंड पर विशेष ध्यान देते हुए हमें पहले वहां की उन सीटों को चिन्हित करने का काम कर लेना चाहिए जहां से हमारे प्रत्याशियों के चुनाव लड़ने की संभावना सबसे ज्यादा है. इसके बाद चुनाव के लिए आगे की रणनीति बनाकर गंभीरता से जुटना चाहिए।

प्रस्ताव में कहा गया कि बिहार में एनडीए सरकार चलाने के साथ ही लोकसभा चुनाव के बाद तीसरे दफे नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार गठन में हमारी महत्वपूर्ण भूमिका है. जेडीयू 16 सीटों पर चुनाव लड़ी और 12 सीटों पर जीत दर्ज की. केंद्र सरकार के गठन में हमारी उल्लेखनीय भूमिका है राजनीतिक प्रस्ताव में कहा गया हमारे लिए राजनीतिक सत्ता सेवा के लिए है भोग के लिए नहीं. हमारे नेतृत्व की यही सोच है।

## कठुआ में मस्जिद पर बुलडोजर चलाने पहुंचे अधिकारी, लोगों के पथराव में डीएसपी सहित 6 पुलिसवाले घायल

लोक तंत्र की आवाज



**कठुआ।** जम्मू–कश्मीर के कठुआ जिले के नागरी तहसील स्थित कल्याणपुर पादरी इलाके में शनिवार सुबह खूब हंगामा देख गया. दरअसल यहां कथित तौर पर अवैध रूप से बनाई गई एक मस्जिद को तोड़ने के लिए सरकारी अधिकारी जेसीबी मशीन लेकर पहुंचे थे।

मस्जिद पर बुलडोजर चलाए जाने की खबर आग की तरह फैल गई और वहां गुज्जर बकरवाल समुदाय के लोग भारी संख्या में जमा हो गए. खबर है कि इन लोगों ने वहां पथराव शुरू कर दिया, जिसमें डीएसपी रैंक के एक अधिकारी सहित 6 पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए. इस दौरान मस्जिद तोड़ने के लिए लाई गई जेसीबी भी लोगों ने तोड़ दी. इलाके में कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

इस कथित अतिक्रमण रोधी अभियान में शामिल एक अधिकारी ने बताया, 'जब उन्होंने अपना अभियान शुरू किया, तो एक विशेष समुदाय के लोगों ने उन पर हमला कर दिया. पुलिस को बिगड़ी हालात को कंट्रोल करने के लिए चेतावनी के तौर पर हवा में गोलियां चलानी पड़ीं। इस घटना में घायल अधिकारियों को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है. इलाके में माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है।

## बिहार में नदी बहा ले गई एक और पुल, 11 दिन में 5वां ब्रिज ढहने से प्रशासन पर खड़े हुए सवाल

लोक तंत्र की आवाज



**पटना।** बिहार के मधुबनी जिले में शुक्रवार को निर्माणाधीन पुल ढह गया, जो पिछले 11 दिनों में इस तरह की पांचवीं घटना है। यह पुल मधुबनी जिले के झंझारपुर में ढह गया। गुरुवार को 77 मीटर लंबे इस पुल के दो खंभों के बीच लंबे गर्डर का एक हिस्सा ढह गया। इस लापरवाही को छिपाने के लिए प्रशासन ने टूटे हुए हिस्से को प्लास्टिक से ढक दिया, ताकि लोगों को पुल ढहने के बारे में पता न चल सके।

**करीब 3 करोड़ थी इस निर्माणाधीन पुल की लागतः** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनाए जा रहे इस पुल की अनुमानित लागत करीब 3 करोड़ रुपये है। तीन दिन पहले यानी 26 जून को इस पुल के गर्डर की ढलाई हुई थी, जो गुरुवार को ढह गया। इस पूरे मामले में ठेकेदार अमरनाथ झा ने बताया कि नदी में जलस्तर बढ़ने से गर्डर गिर गया। साथ ही उन्होंने दावा किया कि नदी का जलस्तर कम होने के बाद पुल का पुनर्निर्माण किया जाएगा। बता दें कि 18 जून को अररिया में बकरा नदी पर 12 करोड़ रुपये की लागत से बना पुल ढह गया था।

### नीतीशको घेरने में जुटा विपक्ष

11 दिन के अंदर पांच पुल गिरने की घटना ने बिहार सरकार की लापरवाही की पोल खोलकर रख दी है। बिहार में पुल निर्माण में लापरवाही और भ्रष्टाचार के चल रहे मुद्दों को लेकर विपक्ष ने नीतीश सरकार को घेरना भी शुरू कर दिया है। बिहार के निर्माण मानकों और निरीक्षण पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

## पुलों द्वारा जलसमाधि लेने पर विपक्षी नेता इस्तीफ़ा दें'...तेजस्वी ने अनोखे अंदाज में पीएम मोदी और सीएम नीतीश धो दिया

लोक तंत्र की आवाज

**पटना।** बिहार में एक के बाद एक पुल गिर रहे हैं। ऐसे में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव लगातार बिहार की डबल इंजन सरकार को निशाने पर ले रहे हैं। एक बार फिर तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी और सीएम नीतीश पर अनोखे अंदाज में निशाना साधा है। तेजस्वी यादव ने बिहार में महज 9 दिन में 5 पुल गिरने को लेकर डबल इंजन सरकार को बधाई दी। तेजस्वी यादव ने ट्विट कर बिहार सरकार को घेरा है।

उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि, बधाई हो ! बिहार में डबल इंजन सरकार की डबल ताकत



से महज 9 दिन में केवल और केवल मात्र 5 पुल ही गिरे है। तेजस्वी यादव ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रहनुमाई और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई में 6 दलों वाली डबल इंजनधारी एनडीए सरकार ने बिहारवासियों को 9 दिन में 5 पुल गिरने पर मंगलराज की कल्याणमय उज्जवल शुभकामनाएं प्रेषित की है।

तेजस्वी यादव ने कहा कि, पुलों के गिरने से जनता के स्वाहा हो रहे हजारों करोड़ को स्वघोषित ईमानदार लोग भ्रष्टाचार ना कह कर शिष्टाचार कह रहे है। विपक्षियों को भ्रष्टाचारी का नारंगी प्रमाण पत्र बांटने वाले तथा पक्षकारिता की पत्रकारिता में पृथ्वी और आकाश की सभी रैंकिंग में नंबर–1 विश्व विजेता गोदी मीडिया द्वारा प्रमाणित सत्यवादी एवं अविनाशी नेता इन सुशासनी कारनामों पर मुँह क्यों नहीं खोलते? पुलों द्वारा जलसमाधि लेने पर विपक्षी नेता इस्तीफ़ा दें। बता दें कि, बिहार में मात्र 9 दिन 5 पुल जलसमाधि ले लिए हैं। बीते 18 जुलाई को पड़ोसी जिले अररिया में एक पुल उद्घाटन से पहले ही ध्वस्त हो गया था। इससे उसके निर्माण कार्य पर जमकर सवाल उठे। इसके बाद 23 जून को पश्चिम चंपारण जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाए जा रहे एक निर्माणधीन पुल का हिस्सा गिर गया था। 22 जून को सीवान के महाराजगंज में भी ऐसा ही हादसा हुआ और एक छोटा पुल गंडक नहर में समा गया। 27 जून को किशनगंज जिले के बहादुरगंज प्रखंड स्थित बांसबड़ी गांव के पास श्रवण चौक में नदी पर बना एक पुल बाढ़ के पानी में धंस गया। वहीं बीते दिन मधुबनी जिले में एक निर्माणाधीन पुल जल में समा गया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### वारिसलीगंज : वाहन जांच में पुलिस ने वसूला एक लाख नौ हजार रुपये जुर्माना



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज थाना द्वारा चलाये गये वाहन जांच से बगैर कागजात और नाबालिग वाहन चालकों में हड़कंप व्याप्त है। पुलिस के द्वारा चलाये जा रहे वाहन जांच के क्रम में वैसे वाहन चालक जिनके पास वाहन का कागजात नहीं था और नाबालिग वाहन चालक जिनके पास लाइसेंस नहीं था वे पतली गली से भागते देखे गये। वहीं कई नाबालिग चालक वाहन जांच के भय से वाहन को छिपाकर अन्यत्र खड़ी कर दिया। इस दौरान थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा ने कहा कि वाहन जांच के दौरान कुल एक लाख 9 हजार रुपये जुर्माना वसूल किया गया है। थानाध्यक्ष श्री सिन्हा ने बताया कि यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले चालक, बगैर कागजात के वाहन तथा बगैर लाइसेंस का वाहन चलाने वाले चालकों से परिवहन विभाग के नियमानुसार जुर्माना वसूल कर नाबालिग चालकों को कड़ी हिदायत देते हुए वाहन को मुक्त कर दिया गया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने के उद्देश्य से लगातार वाहन जांच अभियान चलते रहेगा।

### कौआकोल : संजय झा को जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर दी बधाई

रौशन कुमार सोनू

**कौआकोल(नवादा )।** नई दिल्ली में शनिवार को जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रस्ताव पर राज्यसभा सांसद संजय झा को जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में काफी खुशी की लहर देखी जा रही है। संजय झा को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रखंड जदयू अध्यक्ष रामाश्रय सिंह, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि सह जदयू नेता संजय यादव,उप प्रमुख नवीन यादव सहित दर्जनों जदयू कार्यकर्ताओं ने नव मनोनीत कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दी है। जदयू नेताओं ने कहा कि संजय झा के कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में काफी खुशी एवं उमंग देखी जा रही है।

### गया : दया प्रकाश सरस्वती विद्या मंदिर गया में एक पेड़ मां के नाम पर लगाया गया



गया। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत दया प्रकाश सरस्वती विद्या मंदिर गया में जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, जिला महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव, जिला मंत्री बिनोद सिंह,मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, जिला व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक दीपक पाण्डेय सहित विद्यालय के प्राचार्य सत्य शेखर रॉय सहित विद्यालय के द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर लगाया गया है ।इस अवसर पर भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ मातृत्व के सम्मान को बढ़ावा देने के लिए इस तरह का आयोजन रखना प्रत्येक पुत्र के लिए गौरव की बात हैं माताओं एवं पेड़ पौधे के सम्मान और प्रेम प्रकट करने के लिए सुंदर तरीका हैं आज हम गौरवान्वित महसूस करते हैं कि देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा जी के द्वारा किया गया यह देश के लिए राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम हैं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिन 23 जून से लेकर 6 जुलाई तक प्रत्येक बूथ पर चलाया जाएगा अपनी माताएं के प्रति प्रेम और सम्मान के लिए इस तरह का कार्यक्रम रखा गया हैं आज के कार्यक्रम में कार्यक्रम के जिला प्रभारी डॉ अनुज कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित हुए हैं।

# नवादा : छत्तीसगढ़ पुलिस के हत्थे चढ़ा साइबर ठग, 24 लाख रुपये समेत पासबुक व एटीएम किया गया बरामद

लोक तंत्र की आवाज़

**न्यूज संपादक धर्म जीत सिन्हा की रिपोर्ट**

**नवादा।** नवादा में साइबर अपराधियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा एक बड़ी कार्रवाई की गई है। छत्तीसगढ़ की पुलिस नवादा पहुंची है, जहां छत्तीसगढ़ पुलिस स्थानीय पुलिस की सहयोग से जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के महारथ गांव में दबिश देकर एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया है।

**साइबर अपराधियों का गढ़ बना नवादाः** छत्तीसगढ़ पुलिस ने छापेमारी के क्रम में गिरफ्तार साइबर ठग के पास से 24 लाख रुपये नगद, 2 पासबुक और 2 एटीएम और 3 मोबाइल फोन को जब्त किया है। छत्तीसगढ़ पुलिस के हत्थे चढ़ा साइबर ठग देश के विभिन्न प्रांत के लोगों से विभिन्न बैंकों से सस्ते दर पर लोन आदि दिलाने और अलग-अलग तरीका अपनाकर लोगों से ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे थे। 24 लाख रुपये के साथ एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई नवादा पुलिस के सहयोग से छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा की गई है। छत्तीसगढ़ की पुलिस ने जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के महरथ गांव में छापेमारी कर सोनू कुमार पिता रवि भूषण कुमार को गिरफ्तार किया।

24 लाख रुपये के साथ एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया गया



उसके पास से 24 लाख रुपये नकद, 2 पासबुक, 2 एटीएम बरामद हुआ। पुलिस ने 3 मोबाइल को भी जब्त किया है। छत्तीसगढ़ पुलिस के हत्थे चढ़ा साइबर ठग देश के विभिन्न प्रांत के लोगों से विभिन्न बैंकों से सस्ते दर पर लोन आदि दिलाने के नाम पर ठगी किया करता था। छत्तीसगढ़ पुलिस साइबर ठग को अपने साथ ले गई है।

बताया गया कि गिरफ्तार सोनू ने छत्तीसगढ़ के रजहरा थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति के बैंक खाता से 24 लाख रुपये उड़ा लिया था। पीड़ित व्यक्ति के द्वारा रजहरा थाना में अज्ञात ठग के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करा रुपये बरामदगी की गुहार लगाई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद रजहरा थाना की पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर नवादा जिले के शाहपुर थाना पहुंची। थानाध्यक्ष धीरज कुमार सिंह के सहयोग से छत्तीसगढ़ की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महरथ गांव में छापेमारी कर 24 लाख कैश, 3 मोबाइल, 2 एटीएम कार्ड तथा विभिन्न बैंक के 2 पासबुक के साथ साइबर अपराधी सोनू को दबोच लिया। वैसे इस इलाके में इतना बड़ा रकम की बरामदगी की कोई नई घटना नहीं है। इसके पूर्व वारिसलीगंज थाना पुलिस ने भवानी बिगहा गांव में छापेमारी कर 1.25 करोड़ रुपये के साथ तीन लग्जरी वाहनों को जब्त कर चुकी है। रजौली थाना इलाके के एक घर से भी एक करोड़ रुपये से ज्यादा की बरामदगी हुई थी।

## नई शिक्षा नीति में बार बार विषय परिवर्तन से विद्यार्थियों की बढ़ रही परेशानी



लोक तंत्र की आवाज़

**वारिसलीगंज (नवादा)।** गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विभिन्न रोजगार परक शिक्षा देने को ले राज्य के महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति लागू की गई है। जिसके तहत विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों का ज्ञान दिया जाना है। जबकि कालेजों में खासकर मगध विश्वविद्यालय के अधिकांश महाविद्यालय में शिक्षको की काफी कमी है। इस क्रम में वारिसलीगंज स्थित एसएन सिन्हा महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति के तहत सीबीसीएस पाठ्यक्रम के स्नातक चार वर्षीय कोर्स में सत्र 2023 - 27 में नामांकित विद्यार्थियों को नामांकन के बाद से तीसरी बार विषय बदली जा रही है। जिससे विद्यार्थियों में उहापोह की स्थिति है।क्या पढ़े क्या नहीं,के असमंजस की स्थिति में हैं विद्यार्थी।मगध विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा की बदहाली का हर रोज नया कीर्तिमान स्थापित करने में जुटा हुआ है।उदाहरण के तौर पर वारिसलीगंज स्थित एसएन सिन्हा महाविद्यालय में सोबीसीएस आधारित शिक्षा प्राप्त करने के लिए सत्र 2023-27 में नामांकित लगभग आधे विद्यार्थी प्रथम सेमेस्टर में किसी ने किसी वजह से फेल हो गए। ज्यादातर विद्यार्थियों के फेल होने का कारण प्रथम सेमेस्टर में परीक्षा शुरू होने के समय गलत प्रवेश पत्र बताया जा रहा है।विद्यार्थी जिस विषय में नामांकन लेकर पढ़ाई कर रहे थे। सेमेस्टर वन में आए प्रवेश पत्र में विषय ठरके ठीक विपरीत थे।जिससे परेशान विद्यार्थी कालेज पहुंच प्रवेश पत्र में सुधार करवाया। लेकिन ज्यादातर विद्यार्थी विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए प्रवेश पत्र के अनुसार परीक्षा में शामिल हो गए। परिणाम स्वरूप अधिकांश विद्यार्थी फेल हो गए। एक बार फिर द्वितीय सेमेस्टर में नामांकन के बाद जुलाई में परीक्षा होनी है। और फिर विश्वविद्यालय द्वारा विषय परिवर्तन किए जाने की सूचना निकाली गई है। विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार विद्यार्थियों को सूचना भेजकर कालेज प्रशासन द्वारा विषय परिवर्तन कराया जा रहा है।जिसे 30 जून तक पूरा कर लिया जाना है। नामांकन के समय प्रतिष्ठा विषय के साथ-साथ सब्सिडरी व कई अन्य विषय विद्यार्थियों को दी गई थी। नामांकन के आधार पर विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे थे। लेकिन सेमेस्टर दो में नामांकन के समय विज्ञान के विद्यार्थियों को कला का एक विषय तथा कला के विद्यार्थियों को विज्ञान का एक विषय दिया गया था। जिसकी पढ़ाई विद्यार्थी कर रहे थे। लेकिन अब एक बार फिर परीक्षा शुरू होने के महज कुछ दिन पहले नामांकन के समय रसीद में दिए गए विषय के उलट एमडीसी विषय में परिवर्तन किया जा रहा है।

## केजी रेलखंड में चार जोड़ी ट्रेनों का परिचालन बन्द होने से बढ़ी परेशानी

लोकतंत्र की आवाज़

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** केजी रेलखंड में कियूल-गया कि बीच चलने वाली चार जोड़ी ट्रेनों का परिचालन आगामी 02 जुलाई तक बन्द कर दिए जाने से रेल यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। वारिसलीगंज रेलवे स्टेशन से गया व किऊल कि ओर जाने वाली चार जोड़ी ट्रेनों का परिचालन फिलहाल बन्द कर दिया गया है। ऐसा दोहरीकरण के कार्य को लेकर किया गया है।शुक्रवार को स्थानीय स्टेशन से यात्रा पर निकले लोगो को जब यह जानकारी मिली कि लगातार दो जुलाई तक इस रेल खंड पर चलने वाली किऊल-गया तथा गया कियूल चार जोड़ी मेमो व पैसेंजर ट्रेन नहीं चलेगी तो यात्री परेशान हो गए। महिला, पुरुष, बच्चे व युवा भीषण गर्मी में इस ट्रैक पर चलने वाली अन्य ट्रेनों के इंतजार में घंटो स्टेशन पर इंतजार देखे गए। यात्रियों के ठहराव की समुचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण लोगो भीषण गर्मी में सिर छिपाने को इधर उधर भाग दौड़ करते नजर आये। स्टेशन प्रबंधक एके सुमन ने बताया की वारिसलीगंज नवादा के बीच दोहरीकरण कार्य पूर्ण होने को लेकर ट्रैक पर ट्रायल का कार्य किया जा रहा है, जिसको लेकर चार जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों को तत्काल रोक दिया गया है। बताया गया कि गाड़ी संख्या 03386, 03385, 03356, 03355, 03390, 03393, 03389 तथा 03394 को अगले दो जुलाई तक परिचालन बन्द कर दिया गया है। गया जमालपुर प्रतिदिन चलेगी जबकि हावड़ा गया बदले समय के साथ प्रतिदिन चलेगी।

## गया : बिहार में पुल गिरने केन्द्रीय मंत्री ने शंका जताई, चिंता के साथ जांच का विषय है: जितन राम मांझी

लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** गया लोकसभा सांसद सह केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के दिल्ली लौटने के बाद आज गया के अतिथि भवन में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया गया है। मंत्री को कार्यकर्ताओं के द्वारा फूल-माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया है।इस दौरान कई कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मामलों पर उनसे बातचीत की है वही पत्रकारों ने पुल गिरने के मामले पर जब सवाल किया तो उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से यह चिंता का विषय है। इधर, कुछ दिनों में कई पुल गिरने की घटनाएं हुई हैं लेकिन 15-20 दिन पहले इस तरह की घटनाएं नहीं हुआ करती थी तो यह जांच का विषय है।आखिर लगातार पुल गिरने की घटना




क्यों हो रही है ?इसके पीछे कोई साजिश तो नहीं है तो फिर खराब मैटेरियल इसमें इस्तेमाल तो नहीं किया जा रहा क्योंकि पूर्व में शायद ही एक-दो पुल गिरा करते थे लेकिन लगातार इस तरह की घटना इशारा करती है कि इसके पीछे कोई साजिश है. सरकार को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है।जो लोग भी इसके पीछे हैं उनके खिलाफ सरकार सख्त कार्रवाई करेगी।वही संसद सदस्य के करवाई के सवाल पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि संसद भवन में ओवैसी द्वारा शपथ ग्रहण के क्रम में जय फलिस्तीन का नारा लगाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह अलोकतांत्रिक बात हुई है। सदस्यों ने कार्रवाई करने के लिए लोकसभा अध्यक्ष से अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि सवाल यह है कि संविधान की रक्षा करने के लिए संविधान का शपथ लेते हैं। संविधान में देश के विरोधी तत्व के बारे में अगर कोई बोलता है तो मूर्खता है। भारत सरकार इस पर जरूर कार्रवाई करेगी। लोकसभा अध्यक्ष को कई मंत्री और सांसदो ने कार्रवाई के लिए लिखा है। हमारे भारतीय दूसरे जगह मारे जाते है तो उसके लिए नारा क्यों नही लगाया जाता है ? फिर फलिस्तीन की बात क्यों करते है। अपने देश की बात करते। फलिस्तानी की तो निंदा करनी चाहिए, जिसके कारण से भारतीय मारे जाते है। भारत सरकार सभी भारतीयों को सुरक्षित निकालने का प्रयास कर रही है।जो भारतीय मुसीबत में फंसे है। ऐसे में फलिस्तीनी ओबैसी का नारा लगाने का क्या औचित्य है। जिनपर कार्रवाई होनी चाहिए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने के एक रिपोर्ट में पश्चिम बंगाल को मिनी पाकिस्तान बताया है। पत्रकार के एक सवाल पर केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि जानकारी नही है, लेकिन यह बात सच है कि शरणार्थी के नाम पर हमारे बिहार और बंगाल में बांग्लादेश और सटे देशों से काफी संख्या में शरणार्थी आते है। वैसे शरणार्थियों पर सरकार सोच समझ कर निर्णय लेगी।

## भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती ने रजौली वासियों की उड़ाई नींद, मौसम की मार के बीच उमस-भरी गर्मी सितम ढा रही

लोक तंत्र की आवाज़

**रजौली (नवादा)।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी में बिजली कटौती की समस्य का सामना करना पड़ रहा है।रजौली में बिजली की व्यवस्था भगवान भरोसे ही चल रही है और बत्ती गुल होने पर लोग परेशान हो रहे हैं।इस कारण लोगों को घंटो बिजली की समस्या से जूझना पड़ता है।लाइट जाने पर लोगों को घंटों तक इंतजार करना पड़ता है।लोगों द्वारा कई बार कॉल करने के बाद भी कर्मचारी ट्रांसफॉर्मर से फॉल्ट आदि को दुरुस्त करने के लिए नहीं पहुंच रहे हैं।शनिवार कि अहले सुबह को 3 बजे बजे फॉल्ट के कारण की बिजली गुल हो गई थी।उपभोक्ताओं द्वारा लगातार बिजली विभाग के शिकायत नंबर पर कॉल किया गया।लेकिन उधर से कोई जवाब नहीं



मिला।

**दर्जन भर से अधिक ट्रांसफॉर्मर पर सर्वाधिक लोड :** रजौली में एक दर्जन से अधिक ट्रांसफॉर्मर ओवर लोड होकर हांफ रहे हैं।कोई ओवर लोड से हीट हो रहे हैं।इस कारण में अघोषित कटौती का भी सामना करना पड़ रहा है।दिन-रात कट रही बिजली सप्लाई की व्यवस्था को दुरुस्त करने के नाम पर पांच से छह घंटे बिजली काटी जा रही है।जैसे-जैसे गर्मी का पारा बढ़ता है,वैसे-वैसे पावर कट की समस्या शुरू हो जाती है।दिन हो या रात बिजली कट हो रही है।

**बिजली नहीं रहने से घरेलू कामकाज बाधित :** बिजली नहीं रहने से घरेलू काम- काज पूरी तरह बाधित हो गया है।वहीं व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। दरअसल तापमान में हर दिन चढ़ाव हो रहा है।गर्मी बढ़ते ही शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कट-आफ शुरू हो गया है।

**बिजली कटने की कोई समय-सीमा नहीं :** बिजली काटने की कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की गई है।शहरी या ग्रामीण इलाकों में बिजली के आने-जाने का कोई समय निर्धारित नहीं है।इससे उपभोक्ता परेशान हैं। विद्यार्थियों को भी बिजली की आंख मिचौली के कारण पठन-पाठन में दिक्कत हो रही है।एक सप्ताह से रजौली शहर से गांव तक बिजली की आंख मिचौली का खेल पिछले कई दिनों से चल रहा है।उपभोक्ता को काफी फजीहत झेलनी पड़ रही है। भीषण गर्मी में भी बिना सूचना लोड-शेडिंग के नाम पर आपूर्ति को बंद कर दिया जाता है।

## रजौली में उमस भरी गर्मी के कारण हो रही है डायरिया

लोक तंत्र की आवाज़

रजौली (नवादा): प्रखंड क्षेत्र में भीषण गर्मी बढ़ने के साथ ही कई बीमारियां आम हो गई है।मौसम में परिवर्तन की वजह से विभिन्न बीमारियों के मरीजों की संख्या में भी वृद्धि हुई है।निजी और सरकारी अस्पतालों में पेट दर्द, डायरिया,बुखार और सांस में तकलीफ के मरीज अधिक संख्या में पहुंच रहे हैं।डॉक्टर मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें गर्मी से बचने व खान-पान का विशेष ध्यान रखने की सलाह दे रहे हैं।अनुमंडलीय अस्पताल रजौली में ओपीडी में हर रोज आने वाले मरीजों में करीब 10 प्रतिशत डायरिया एवं बुखार के मरीज इलाज कराने के लिए पहुंच रहे हैं।यहां पर मरीजों के आने का हर दिन का आंकड़ा बढ़ते जा रहा है।डायरिया और बुखार के मरीजों की भरमार निजी अस्पतालों में भी है। बच्चे जवान और बुजुर्ग सब इसके चपेट में आ रहे है।हालांकि राहत की बात है कि चार से सात दिनों के अंदर मरीज ठीक हो जा रहे हैं।मौसम में परिवर्तन की वजह से फिलहाल



डायरिया,बुखार और सांस आदि के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है।अनुमंडलीय अस्पताल रजौली के चिकित्सक डॉ. सतीश चंद्र सिन्हा ने बताया कि विगत एक हफ्ते में मरीजों की संख्या में करीब 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।खाने में इंफेक्शन और सड़क पर उड़ रहे धूल कण इसके मुख्य कारण है।उन्होंने लोगों को गर्मी से बचने के साथ-साथ साफ सफाई का ध्यान रखने को कहा।भोजन तैयार होने के दो घंटे बाद उसे लेने से मना किया।उन्होंने कहा कि ताजा भोजन,फल और शुद्ध पानी पीना इस मौसम में जरूरी है।यही बचाव का उपाय है।कारण सबसे अधिक लोग लू लगने और फूड प्वाइजनिंग की वजह से बीमार हो रहे।उन्होंने ठंडा जगह रहने,खूब पानी पीने और ताजा भोजन करने की सलाह दी।

**कई बच्चे डायरिया से पीड़ित होकर आ रहे अस्पताल :** अनुमंडलीय अस्पताल रजौली के डॉ परितोष कुमार ने कहा की प्रतिदिन बच्चे और जवान डायरिया से पीड़ित है।जितने बच्चे अस्पताल पहुंच रहे हैंउसमें से अधिकांश डायरिया के मरीज हैं।उल्टी,दस्त और बुखार उनकी मुख्य समस्या है।उन्होंने बताया कि फिलहाल गर्मी चरम पर है।इसकी वजह से डायरिया का प्रकोप बढ़ा है। हाइजीन मेंटेनेंस नहीं करना इसका मुख्य कारण है।उन्होंने चिकित्सीय सलाह देते हुए कहा कि इन्फेक्शन से बचने के लिए लोगों को विशेष ध्यान देने की जरूरत है।बच्चे बीमार ना हो इसके लिए उनके खाने-पीने का खास ख्याल रखना होगा।उन्होंने कहा की गर्मी के दिनों में मक्खी की संख्या बढ़ी है।वे भोजन एवं पानी को दूषित कर देती है।नतीजतन कुछ ही घंटे बाद खाना खराब हो जाता है। इसलिए बच्चों का खाना तैयार करते समय हाथ को बार-बार धोएं।दूध पिलाने एवं खाना देने के लिए जिस बर्तन का उपयोग किया जा रहा हो उसकी साफ-सफाई बेहद जरूरी है।पानी को उबालकर दे।छोटे बच्चे को मां का ही दूध देना बेहतर है।दूध पिलाई का उपयोग करने पर उसकी सफाई बेहद जरूरी है।

**क्या कहते हैं,अधिकारी :** अनुमंडलीय अस्पताल रजौली प्रभारी उपाधीक्षक डॉ दिलीप कुमार ने कहा कि अन्य बीमारियों से निपटने की पूरी तैयारी की गई है।हर वार्ड में बेड और दवा उपलब्ध है स्वास्थ्य केंद्रों को खास निर्देश दिए गए हैं।इसलिए घबराने की बात नहीं है।डायरिया के इलाज के लिए पुख्ता इंतजाम है और इसका लाभ मरीजों को मिल भी रहा है।

## नहर की उड़ाही के बाद नाला की मरम्मत नहीं होने से किसान चिंतित, नाला और हियूम पाइप का मुहाना बंद होने से नहीं पहुंचेगा खेत तक पानी

लोक तंत्र की आवाज़

**वारिसलीगंज (नवादा)।** वारिसलीगंज समेत पड़ोसी शेखपुरा तथा नालंदा जिले के किसानों के लिए बरदान सकरी नदी में पौरा से निकली पूर्वी केनाल (नहर) की उड़ाही बाद नहर से निकली दर्जनों नाला व हियूम पाइप का मुहाना बन्द हो गया है।फलतः क्षेत्र के किसानों में खेतों तक नहरी पानी पहुंचना संभव नहीं हो पायेगा। इस बात की चिंता किसानों को अभी से ही सताने लगी है। हाजीपुर, मंजौर, चंडीपुर, मकनपुर, बासोचक, नारोमुरार, कोचगांव, झौर आदि के किसानो के खेतों तक नहरी पानी पहुंचाने को ले नहर में छोटे छोटे दर्जनों नाला व हियूम पाइप दिया गया था। जिसका मुहाना नहर उड़ाही के दौरान मिट्टी से ढक गया है। साथ ही कई हियूम पाइप टूटा फूटा है जिसकी मरम्मत बरसात पूर्व हो जानी थी। परंतु संवेदक की लापरवाही के कारण सभी मुहाना बन्द है। मकनपुर गांव के किसान अभिमन्यु सिंह, प्रमोद सिंह, नवीन कुमार, मनोज कुमार, रामानुज सिंह, बासोचक के इंद्रदेव महतो, तनिक राउत आदि ने कहा कि नहर से गाद उड़ाही हुए करीब ढाई माह से अधिक समय बीत चुका है। लेकिन संवेदक द्वारा नहर उड़ाही के दौरान दोनो किनारे से निकली पाइन, टड्डुआ का मुहाना पूरी तरह से ढक दिया गया है। जिस कारण नहर में पानी आने के बाद भी खेतो तक पानी नहीं पहुंच पाएगी। किसान इस बात को लेकर खासे चिंतित हैं कि अगर बरसात से पहले मुहाना की सफाई एवं नाला की मरम्मत नहीं हुई तो खेतों की सिंचाई संभव नहीं हो सकेगी। अभियान की तरह सकरी नदी के पौरा



पूर्वी नहर में भरी गाद नामक शीर्षक से कई समाचार पत्र प्रकाशित कर चुकी है। जिसका परिणाम स्वरूप नहर की उड़ाही हो सकी हैं। इस नहर से पौरा से लेकर बरबीघा के माउर गांव तक तीन जिले के चार प्रखंडों नवादा के वारिसलीगंज, नालंदा के कतरीसराय तथा शेखपुरा के शेखोपुरसराय एवं बरबीघा प्रखंडों के एक सौ से अधिक गांवो के किसानों के खेतों तक सकरी नदी का बरसाती लाल पानी पहुंच सकेगी। क्या कहते हैं इलाके के किसान- मकनपुर गांव के किसान रामानुज सिंह, प्रमोद सिंह, बीरबल राउत, कारू सिंह, मदन सिंह सहित चंडीपुर के किशोर सिंह, फंटूश सिंह, श्रवण सिंह, ललित राम, महेश सिंह समेत क्षेत्र के अन्य गांवो के किसान कहते हैं कि नहर में गाद की उड़ाही से लाभुक गांव के किसानों में काफी खुशी है। परंतु नहर से निकली विभिन्न पाइन, टडुआ का मुहाना मिट्टी से ढक गया है।जिसकी मरम्मत अभी तक नहीं किया गया है। इस संबंध में सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता अभिमन्यु सिंह ने बताया कि नहर की उड़ाही कार्य समाप्ति हुई है।अब मिट्टी में ढके सभी पाइन, टडुआ एवं नाला की मरम्मत की जाएगी।

## मुखिया हत्याकांड को लेकर घोषी के विधायक पहुंचे नवादा, पीड़ित परिवार को मिलेगी उचित मुआवजा

लोक तंत्र की आवाज़

**सुनील कुमार**

**नवादा ।** घोसी विधनसभा के विधायक रामबली सिंह यादव ने शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर नवादा पहुंचे। उन्होंने भाकपा माले के जिला कार्यालय में बैठक आयोजित किया। बैठक संपन्न करने के बाद माले कार्यकर्ताओं के साथ पकरीबरावा प्रखंड के बुधौली पहुंचे। बता दें कि बीते दिन 13 जून की रात को जिले के पकरीबरावां प्रखंड के बुधौली पंचायत के मुखिया पप्पू मांझी को गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद उन्होंने पीड़ित परिवार से मिलकर संतावना दिए। उन्होने बताया कि जब से बिहार में एनडीए की सरकार बनी है। दलितों पर जुल्म, अत्याचार ,हत्या जैसे मामला बढ़ गया है। ये सरकार पूंजीपतियों और सामंतवादियों की सरकार



है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि न्याय के साथ विकास की बात तो करते हैं, लेकिन दलितों का कितना विकास हो पाया है किसी से छुपा हुआ नहीं है । बिहार में विकास सिर्फ और सिर्फ माफियाओं और लुटेरों का विकास हुआ है। जिला सचिव भोला राम ने बताया कि भाकपा माले मुखिया के हत्या जैसी घटना की घोर निन्दा करता है। हमारी पार्टी हमेशा शोषित वंचित की लड़ाई लड़ती है। मुखिया के हत्या के बाद जांच में जुटी पुलिस क़ो मिली सफलता : बता दें कि 13 जून की रात को नवादा जिले के पकरीबरावां प्रखंड के बुधौली पंचायत की मुखिया पप्पू मांझी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। 14 जून की सुबह उनका शव गांव में इंटर स्कूल के पास पाया गया था। हालांकि, पुलिस ने इस मामले का राजफाश करने में सफल रही है। पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुखिया के ग्रामीण और कर्ताधर्ता अमरेंद्र यादव तथा इसी पंचायत की दिऔरा गांव के मनीष सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

## संक्षिप्त खबरें

### रविवार को भी खुलेंगे विद्युत वितरण खंड के कैश काउंटर



रिपोर्ट मुकेश सिंह
नगीना विद्युत वितरण खंड के अंतर्गत नगीना, कोतवाली, अकबराबाद, रायपुर व बढ़ापुर के कैश काउंटर व कार्यालय सामान्य दिवस की भांति 30 जून 2024 रविवार को खुले रहेंगे। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में विद्युत वितरण खंड नगीना के अधिशासी अभियन्ता अमरीश कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि अवकाश के दिन भी विद्युत बिल जमा किए जाएंगे व बिल संशोधन का कार्य भी होगा, उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि बकाया पर विच्छेदन की कार्रवाई से बचने के लिए अपने विधुत बिल समय से जमा कराए।

### मेधावी विद्यार्थी सम्मान2024 से सम्मानित हुए आदित्य शर्मा



घनश्याम तिवारी
**सुखपुरा/बलिया।** गायत्री ज्ञानपीठ इंटर कालेज सुखपुरा बलिया के हाई स्कूल के छात्र आदित्य शर्मा पुत्र लालचंद शर्मा (शिवपुर) ने जिले में हाई स्कूल परीक्षा में पांचवा स्थान प्राप्त कर अपने अभिभावक तथा शिक्षकों का मान बढ़ाया है, प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह 2024 , जो विकास भवन सभागार में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज के हाथों छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिसमें प्रशस्ति पत्र,टैबलेट और 21000 रुपए का चेक दिया गया। इस कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक बलिया रमेश सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी,मनीष सिंह, माध्यमिक शिक्षा विभाग के कर्मचारी ,अभिभावक तथा छात्र /छात्राएं उपस्थित रहे।

### ओवरटेक करने में दो लोगों की मृत्यु

घनश्याम तिवारी
**बलिया।** सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के लीलकर गांव निवासी 35 वर्षीय अपने चचेरे 20 वर्षीय निकेश कुमार के साथ बाइक से अपने ससुराल पाण्डेय पुर अहिरौली जा रहे थे। खड़सरा बाजार से करीब 100 मीटर पहले पिकअप को ओवरटेक करने के प्रयास में सुरजीत की मोटरसाइकिल सामने से आ रही परिवहन निगम की बस में टकरा गई। इससे दोनों युवक छिटक कर दूर जा गिरे। घटनास्थल पर इकट्ठा लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों को जिला अस्पताल भेज दिया। अस्पताल में चिकित्सकों ने निकेश कुमार को मृत घोषित कर दिया और सुरजीत की हालत गंभीर देख वाराणसी को रेफर कर दिया। परिजन उसे मऊ ले जा रहे थे कि रसड़ा के आगे पकवाइनार के पास हालत खराब होने पर फिर वहीं सीएचसी लेकर पहुंचे, वहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों लोगों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बिजनौर पत्रकार के साथ अभद्रता करने वाले ग्राम पंचायत सचिव के खिलाफ पत्रकारों में गहरा रोष

**कहा कि चाहें इसके लिए लखनऊ से लेकर दिल्ली तक लड़ाई क्यों न लड़नी पड़े**



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह
**चांदपुर।** राष्ट्रीय प्रेस क्लब की एक बैठक महामंत्री सलीम अहमद के बिजनौर बाईपास रोड़ स्थित कार्यालय पर हुई, जिसमें पत्रकारों ने भागूवाला ग्राम पंचायत सचिव विवेक देशवाल के द्वारा पत्रकारों के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी पर गहरा रोष प्रकट करते हुए कहा कि यदि ग्राम पंचायत सचिव के खिलाफ कानूनी कार्यवाही नहीं हुई, तो संगठन पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेंगा। उन्होंने कहा कि चाहें इसके किए लखनऊ से लेकर दिल्ली तक लड़ाई क्यों न लड़नी पड़े। प्राप्त समाचार के अनुसार विकास खंड नजीबाबाद की ग्राम पंचायत भागूवाला पर तैनात ग्राम सचिव विवेक देशवाल ने फोन कॉल पर पत्रकार मुकेश कुमार से अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए पत्रकारों को दो कौड़ी का एवं दलाल बताया था। जिसको लेकर पूरे जनपद सहित चांदपुर के पत्रकारों में भी भारी रोष व्याप्त है। राष्ट्रीय प्रेस क्लब ने बैठक का आयोजन कर सर्वसम्मति से पत्रकारों के हित में लड़ाई लड़ने का फैसला लिया और शीघ्र ही संगठन के पदाधिकारी जिलाधिकारी को ग्राम पंचायत सचिव विवेक देशवाल के खिलाफ कार्यवाही के सन्दर्भ में ज्ञापन देंगे।बैठक में राष्ट्रीय प्रेस क्लब संस्थापक आफाक अहमद, संरक्षक नईम परवेज, अध्यक्ष नागेंद्र सिंह राजपूत, महामंत्री सलीम अहमद, उपाध्यक्ष मौहम्मद हनीफ, गौरव अग्रवाल, सचिव नावेद आलम, प्रयांशू वर्मा, हाजी जफर आलम एवं सचिन वर्मा आदि पत्रकार शामिल रहे।

## लाउडस्पीकर का प्लग लगाते समय बिजली करंट का झटका मौत

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी
**बलिया।** शुक्रवार के दिन कोदई गांव निवासी 60 वर्षीय शिवाजी सिंह घर के पास स्थित मंदिर में साफ सफाई करने के बाद भक्ति गीत बजाने के लिए लाउडस्पीकर का प्लग विद्युत सॉकेट में लगा रहे थे तब तक विद्युत का करंट उनके शरीर में उतर गया क्योंकि मंदिर की साफ सफाई किए थे फर्श भीगा हुआ था और अर्थिंग से करंट पकड़ लिया और शिवाजी सिंह जमीन पर गिरकर तड़पने लगे अगल-बगल के लोगों द्वारा किसी तरह से विद्युत तार की सप्लाई डंडा से पीट कर काटा गया और बेहोशी की हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को ले गए परिवार और गांव के लोगों के द्वारा वहां पर डॉक्टरों ने मृतक घोषित कर दिया शिवाजी सिंह के शरीर पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय थाने के लोग जिला चिकित्सालय भेज दिया शिवाजी सिंह की दो लड़का और तीन लड़की है पत्नी सीता सिंह का रो-रो करके बुरा हाल है ।

## भामाशाह जयंती का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी
सुखपुरा /बलिया- भामाशाह जयंती को उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश के अनुसार व्यापारिक कल्याण दिवस के रूप में मनाया जा रहा है इसी क्रम में बलिया शहर के गुरुद्वारा रोड में स्थित कार्यालय पर संयुक्त व्यापार मंडल के द्वारा भामाशाह जयंती का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने माल्यार्पण और पुष्प अर्पित करके श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद अरविंद गांधी प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ,उत्तर प्रदेश में दानवीर भामाशाह जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने देश के लिए सर्वस्व दान कर दिया। इसी तरह व्यापारी भी देश के लिए समय-समय पर दान करके देश को मजबूत बनाता है। उत्तर प्रदेश सरकार को व्यापारी कल्याण दिवस घोषित करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद भी उन्होंने दिया। श्री प्रदीप वर्मा एडवोकेट प्रदेश अध्यक्ष पूर्वांचल उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश में कहां की दानवीर भामाशाह व्यापारियों के मसीहा है। उनसे हम लोग सीख लेते हैं कि जब देश को जरूरत होती है व्यापारी समाज बढ़-चढ़कर सरकार को आर्थिक सहयोग करता है। श्री प्रयाग चौहान , जिला अध्यक्ष, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, बलिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने ₹व्यापारी कल्याण दिवस₹ घोषित करके व्यापारी समाज का सम्मान बढ़ाया है। श्री मंजय सिंह ,जिला अध्यक्ष, पूर्वांचल उद्योग व्यापार मंडल, बलिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने जिस तरीके से व्यापारी दिवस घोषित करके व्यापारियों का मान और सम्मान बढ़ाने का काम किया है इससे यह साबित होता है कि यह सरकार व्यापारियों की शुभचिंतक है। इस समारोह की अध्यक्षता श्री प्रयाग चौहान, जिला अध्यक्ष ने किया और संचालन श्री मंजय सिंह जिला अध्यक्ष पूर्वांचल उद्योग व्यापार मंडल ने किया। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में दिनेश तुरैहा जिला अध्यक्ष तुरैहा समाज, जिला मंत्री मनीष कुमार बंटी जी, युवा जिला अध्यक्ष श्री सतीश कुमार गुप्ता जी ,फेडरेशन ऑफ व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष आकाश पटेल, रोहित सिंह मंडल अध्यक्ष सुखपुरा ,रोहित पांडे मंडल अध्यक्ष शहर बलिया, जितेंद्र सोनी व्यापारी नेता एवं सभासद सिकंदरपुर ,सूचना मंत्री प्रीतम गुप्ता जी, गणेश श्रीवास्तव जी, राजेश मौर्य जी, अनिल पासी जी, चंदन माली जी, संजय वर्मा जी, विनय वर्मा जी ,संजय गुप्ता जी इसके अलावा बहुत सारे व्यापारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित व्यापारियों ने भामाशाह अमर रहे, व्यापारी कल्याण दिवस जिंदाबाद का नारा लगाता रहा।

## बलिया : जनपद के नये जिलाधिकारी ने ग्रहण किया कार्यभार



लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी
**बलिया।** जिलाधिकारी रवींद्र कुमार के स्थान पर नए जिलाधिकारी के रूप में प्रवीण कुमार लक्षकार ने कोषागार में कार्यभार ग्रहण किया। 2012 बैच के आईएएस अधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार अभी तक निर्वाचन आयोग में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पद पर तैनात थे। इससे पहले वे हाथरस, मिर्जापुर और पीलीभीत के जिलाधिकारी रह चुके हैं।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज, एडीएम डीपी सिंह,सीआरओ त्रिभुवन, वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद दूबे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## माँ पूर्णागिरी सिद्धपीठ मंदिर पर श्रीराम आरती के साथ हुआ भण्डारा





लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह
आईटीआई रोड स्थित सिद्धपीठ माँ पूर्णागिरी मंदिर में सुंदर कांड मंडली के तत्वाधान में नवम दिवस में अवस्थी ज्योतिष संस्थान के आचार्यों द्वारा पंचाग पीठ एवं सभी पीठों का पूजन और देवी देवताओं का पूजन एवं माँ पीताम्बरा महायज्ञ करवाया। आचार्य आदित्य नारायण अवस्थी ने बताया कि चतुर्दशी की रात्रि को देवी बगलामुखी के रूप में प्रकट हुई, त्र्यैलोक्य स्तम्भिनी महाविद्या भगवती बगलामुखी नें प्रसन्न हो कर विष्णुजी को इच्छित वर दिया और तब सृष्टि का विनाश रुक सका। देवी बगलामुखी को बीर रति भी कहा जाता है। गृहस्थों के लिए देवी समस्त प्रकार के संशयों का शमन करने वाली हैं। उधर, राम कथा के नवम दिवस में कथा व्यास कपिल वशिष्ठ महाराज ने बताया कि नौ दिवसीय श्रीराम कथा का मंगल पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। प्रभु श्रीराम राम की आरती उतारी गई। वृदांवन से पधारे पूज्य गुरुदेव ने आशीर्वचन भक्तों को दिया। पूर्णाहुति के बाद श्री राम लला की भव्य महा आरती हुई। साथ मे विशाल भंडारा हुआ। इस दौरान छोटे लाल राजपूत, विमला राजपूत, विकास दीक्षित, अशोक सिहं, लीना राजपूत, ओमप्रकाश, दीपक शास्त्री, सांराश अवस्थी, मंजू अवस्थी, वैष्णवी अवस्थी, कनिका अवस्थी,विवेक शर्मा आदि मौजूद रहे।

# नजीबाबाद : जीएसटी अधिकारी नजीबाबाद से व्यापारियों की समस्याओं को लेकर की वार्ता



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह
**नजीबाबाद । व्यापारी** सुरक्षा फोरम संस्थान से जुड़े व्यापारियों ने नजीबाबाद के जीएसटी अधिकारियो से मुलाकात की। इस दौरान व्यापारियों ने टैक्स में किए जा रहे बदलाव व्यापारियों और की समस्याओं को लेकर चर्चा की। जीएसटी अधिकारियो ने भी व्यापारियों से जीएसटी में किए जा रहे बदलाव में जानकारी दी। शुक्रवार को व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान नजीबाबाद संगठन की ओर से संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने दरियापुर स्थित जीएसटी कार्यालय पर पहुचकर जीएसटी अधिकारी डीसी खंड एक शैलेंद्र एवं खंड दो डीसी पाठक से मुलाकात की। व्यापारियों ने केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी टैक्स में किए गए बदलाव पर विस्तार से चर्चा की। व्यापारियों ने अधिकारियों से मांग करते हुए कहा कि सरकार द्वारा समय-समय पर जीएसटी में जो बदलाव होते हैं उसकी एक प्रतिलिपि विभाग द्वारा व्यापारी संगठन को भी उपलब्ध कराए जिससे व्यापारी समाज उसे समझ कर अपना टैक्स जमा कर सके। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रदेश मंत्री संजीव अग्रवाल, नगर अध्यक्ष कमल बंधु, नगर महामंत्री अनुज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सौरव अग्रवाल, अजय अग्रवाल, विष्णु चंद, अंश अग्रवाल, मौहम्मद आदिल, एडवोकेट संजीव महेश्वरी आदि रहे।

## नगीना देहात पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह
**नगीना।** देहात। 26 जून को वादी अमित यादव पुत्र शिवराज सिंह निवासी ग्राम हैजरपुर थाना नगीना देहात जनपद बिजनौर द्वारा थाना नगीना देहात पर तहरीर दी गयी कि अभियुक्तगण राजेन्द्र, नरेन्द्र, व अशोक पुत्रगण शेरसिंह समस्त निवासीगण ग्राम कोटकादर थाना नगीना देहात जनपद बिजनौर द्वारा पीड़ित के साथ गाली- गलौच करते हुए लाठी-डन्डों से वार किया गया, जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया। तहरीर के आधार पर थाना नगीना देहात पर मु०अ०सं० 133/2024 धारा 308/323/504/506 भादवि बनाम राजेन्द्र आदि 03 नफर पंजीकृत किया गया। जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना नगीना देहात पुलिस द्वारा मु०अ०सं० 133/2024 धारा 308 / 323/504/506 भादवि में वांछित अभियुक्त नरेन्द्र उर्फ नीटू पुत्र शेरसिंह निवासी ग्राम कोटकादर थाना नगीना देहात जनपद बिजनौर को गिरफ्तार किया गया एवं शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक बबलू सिंह व कांस्टेबल विनय कुमार थाना नगीना देहात जनपद बिजनौर रहे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में मनाया गया व्यापारी कल्याण दिवस, मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुआ कार्यक्रम का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी
**बलिया।** जिलाधिकारी रवींद्र कुमार के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज की अध्यक्षता में राज्य कर, विभाग बलिया द्वारा दानवीर भामाशाह जयंती को व्यापार कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया।यह कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी ने भामाशाह की फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया।यहां पर कलेक्ट्रेट सभागार के बरामदे में विभिन्न विभागों एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादों के स्टाल लगाए गए थे, जिसका मुख्य विकास अधिकारी ने अवलोकन भी किया। यहां पर भामाशाह के जीवन पर आधारित अभिलेखों की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। कार्यक्रम में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने भामाशाह के जीवन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर व्यापारियों व उद्यमियों एवं सहायता समूह की महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि व्यापारियों का प्रशासन को अभूतपूर्व सहयोग रहता है। चाहे उद्योग बंधु,व्यापार बंधु या इन्वेस्टर सबमिट की बैठक हो। मुख्यमंत्री और प्रशासन हर साल इस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर कटिबद्ध है। कहा कि व्यापारियों के कई प्रकरणों को हम लोगों के द्वारा शासन स्तर से वार्ता कर उसका निराकरण कराया गया है और आगे भी उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराया जाएगा। कहा कि जब तक इस जनपद में उद्योग धंधे नहीं लगेंगे तब तक इस जनपद की समस्या को हल नहीं किया जा सकता। कहा कि उद्यमियों और व्यापारियों के द्वारा ही हमारे समाज का उत्थान संभव है। यहां पर व्यापारियों एवं उद्यमियों ने भी उद्योग एवं व्यापार से संबंधित अपने अनुभव साझा किया।इस कार्यक्रम में सीआरओ त्रिभुवन, परियोजना निदेशक उमेश मणि त्रिपाठी, डीसी एनआरएलएम डी एन पांडे, उपायुक्त राज्य कर सुरेन्द्र बहादुर और बजरंगी यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## नवीन दाण्डिक विधियों पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ शुभारम्भ



लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी
**बलिया।** गंगा बहुउद्देशीय सभागार में नवीन दांडिक विधियों पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें ज़िले के सभी पुलिस अधिकारी, सभी थानाध्यक्ष, अधिवक्ता गण व क़ानून से संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया । सभी को नवीन दांडिक विधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला का शुभारंभ ज़िला जज अशोक कुमार सप्तम ने बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने भी भारतीय न्याय संहिता (इठर), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (इठरर) तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम (इरअ) की नवीन दाण्डिक विधियों के महत्वपूर्ण बिंदुओं से सबको अवगत कराया। कार्यक्रम में जोनल अभियोजन अधिकारी स्वदेश शर्मा ने इन नवीन विधियों की विभिन्न धाराओं के बारे में बताते हुए किन धाराओं में कैसे कार्यवाही होगी, इसकी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी महेश चंद्र वर्मा, अपर जिला जज अरविंद उपाध्याय, पुनीत गुप्ता, ज्ञान प्रकाश तिवारी, रवि करन, नीलम ढाका, हरीश कुमार, रामकृपाल व अन्य पीठासीन अधिकारियों के अलावा क्रिमिनल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रणजीत सिंह, सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी, सभी न्यायिक अधिकारी-कर्मचारी आदि मौजूद थे।

# हाई प्रोफाइल महिला कांस्टेबल स्नेहा मंडल कांड की अगर सीबीआई जांच हुई होती तो, सफेदपोश व कई पुलिस अफसर के चेहरे हो जाते बेनकाब

लोकतंत्र की आवाज

**रंजीत कुमार विद्यार्थी**

**मुंगेर।** हाई प्रोफाइल महिला कांस्टेबल स्नेहा मंडल की संदिग्ध मौत की सीआईडी जांच पूरी हो चुकी है, लेकिन मृतक के परिजनों को सीआईडी जांच पर भरोसा नहीं है. घटना के बाद लंबे समय तक चले आंदोलन के दौरान कांड की सीबीआई जांच की मांग उठी थी. लेकिन सरकार ने सीआईडी जांच पर भरोसा जताया था.स्नेहा मंडल की संदिग्ध मौत की सीबीआई जांच की मांग से संबंधित मामले अब भी पटना उच्च न्यायालय में लंबित है. स्नेहा मंडल के पिता भाजपा नेता विवेकानंद मंडल पिछले 06 वर्षों से न्याय के लिए पटना हाई कोर्ट और सरकारी दफ्तर के कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें अब तक न्याय नहीं मिल पाया है. मृतक सिपाही स्नेहा मंडल के परिजनों तथा क्षेत्र वासियों की माने तो मामले की अगर सीबीआई जांच होती तो, कई रहनुमा तथा सीवान जिले के कई पुलिस पदाधिकारी के चेहरे बेनकाब हो जाते.

**सीवान पुलिस लाइन में स्नेहा मंडल की फंदे से लटकी मिली थी लाश:** नौवागढी निवासी भाजपा नेता विवेकानंद मंडल की पुत्री स्नेहा मंडल सिपाही के पद पर सीवान में पदस्थापित थी. 29 मई 2019 को स्नेहा मंडल की लाश सीवान पुलिस लाइन स्थित उसके कमरे में फंदे से लटकी मिली थी. स्नेहा के परिजनों को 01 जून 2019 को मुंगेर जिले के नयारामनगर थाना पुलिस द्वारा घटना जानकारी दी गई थी. सूचना मिलने पर सीवान पुलिस लाइन पहुंचे तो पुलिस पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि उपचार के लिए स्नेहा मंडल को पटना भेजा गया है. सीवान पुलिस स्नेहा मंडल के परिजनों को लेकर पटना जब पीएमसीएच पहुंची, तो वहां बताया गया कि स्नेहा की मौत हो गई है. के परिजनों की माने तो पटना स्थित पीएमसीएच में पुत्री का लाश देखने के लिए नहीं दिया गया. घटना के तीन दिन बाद महिला सिपाही स्नेहा मंडल की लाश ताबूत मे पैक कर सीवान पुलिस ने उसके मुंगेर स्थित नौवागढी घर पहुंचाया था. परिजनों ने बताया कि यहां भी सीवान पुलिस उस वक्त ताबूत खोल कर परिजनो को लाश दिखाने को तैयार नही थे. सीवान पुलिस चाह रही थी कि ताबूत सहित स्नेहा का दाह संस्कार कर दिया जाए. इस पर स्थानीय मीडिया कर्मी और क्षेत्रीय लोग भड़क उठे और जबरन ताबूत खोलकर जब देखा तो सभी भौचक रह गए थे।

## सीवान पुलिस लाइन में स्नेहा मंडल की फंदे से लटकी मिली थी लाश



## पटना हाई कोर्ट में लंबित है मामला

महिला सिपाही स्नेहा मंडल के पिता भाजपा नेता विवेकानंद मंडल ने पुलिस और सरकार से न्याय नहीं मिलते देख वर्ष 2019 में मुंगेर सीजेएम कोर्ट में सीवान के तत्कालीन एसपी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी तथा एक महिला पुलिस कर्मी पर हत्या करने और लाश बदलने का मुकदमा दायर किया था. इसके बाद विवेकानंद मंडल ने कांड के सीबीआई जांच की मांग को लेकर पटना हाई कोर्ट में मामला लाया जो अभी लंबित है.विवेकानंद मॉडल बताते हैं कि पटना हाईकोर्ट ने सीआईडी को घटना के वक्त की ओरिजिनल फोटो और वीडियो उपलब्ध कराने को कहा था जो अब तक सीआईडी के द्वारा उपलब्ध नहीं कराया है।

**सीवान पुलिस पर लगा था स्नेहा का लाश बदलने का आरोप:** ताबूत खोल कर जब परिजन सहित स्थानीय लोगों ने देखा तो ताबूत के अंदर महिला सिपाही स्नेह मंडल के बदले किसी वृद्ध महिला की लाश थी. इसके बाद परिजन सहित ग्रामीण आकर्षित हो उठे और मुंगेर - भागलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 80 को जाम कर उग्र प्रदर्शन किया था. उस वक्त मुंगेर पुलिस को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा था. जाम के दौरान प्रदर्शनकारियों ने घटना की सीबीआई जांच की मांग की मांग रखी थी.मुंगेर जिला प्रशासन के तरफ से वस्तु स्थिति से राज्य सरकार को अवगत कराने का आश्वासन दिया गया था. इसके बाद सड़क जाम हट सका था. स्नेहा मंडल के परिजनों को न्याय दिलाने तथा घटना की सीबीआई जांच की मांग को लेकर जस्टिस ऑफ स्नेह और स्नेह न्याय मोर्चा तथा जनधिकार मोर्चा के बैनर तलै विभिन्न राजनीतिक तथा सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं के द्वारा घटना के 06 महीने तक धरना प्रदर्शन, कैंडल मार्च व मसाल जुलूस सहित अन्य प्रदर्शन किए गए थे. उस वक्त पंचायत के पूर्व मुखिया ने मंत्री तथा सांसद के दबाव में आकर आंदोलन को कुचलना का कार्य किया था. ऐसा मृतक के परिजनों तथा क्षेत्रीय लोगों का कहना है. लेकिन राज्य सरकार के मुखिया नीतीश कुमार ने कांड की सीबीआई जांच के बदले सीआईडी जांच सौपी थी. जबकि भाजपा नेता विवेकानंद मंडल के घर क्षेत्रीय सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री शैलेश कुमार, स्थानीय विधायक विजय कुमार विजय सहित, बूलो मंडल, राजद नेता अविनाश कुमार विद्यार्थी उर्फ मुकेश यादव तथा कई अन्य रहनुमा पहुच कर मृतक सिपाही स्नेहा मंडल के परिजनों को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया था।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बिहार राज्य मुखिया संघ उपाध्यक्ष झुंपा सिंह ने मंत्रियों को दी भागलपुरी आम



**केदार नाथ पाण्डेय**

पीरपैंती। बिहार राज्य मुखिया संघ के उपाध्यक्ष और कीर्तनीय पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि झुंपा सिंह ने पटना में सभापति महोदय ,प्रभारी मंत्री गण ,और विधान पार्षद सहित अनेक नेताओं को भागलपुरी आम की सौगात दी ।उनसे भागलपुर आने का निवेदन किया। माननीय मंत्री सुमित कुमार, विधान पार्षद सभापति नारायण सिंह , एमएलसी विजय सिंह ,विधान पार्षद संजय कुमार सहित तमाम नेताओं से भाईचारा और सौहार्द पूर्ण वातावरण में मुलाकात हुई।

### धूलियान और गया पैसेंजर ट्रेन में सफर कष्ट दायक



**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** मालदा भागलपुर डिविजन में चलने वाले धुलियां पैसेंजर और गया पैसेंजर ट्रेन में यात्री जानवर की तरह सफर करने पर मजबूर है ।यात्रियों का कहना है कि ट्रेन में बहुत कम डब्बा रहने के कारण पैसेंजर भेड़ बकरी की तरह लटक कर जाते हैं ।सफर के दौरान कई महिला यात्री गर्मी से बेचैन होकर के बेहोश हो गई ।इन दोनों ट्रेन में पैर रखने की जगह नहीं मिलती है। लोग जानवरों की तरह यात्रा करने पर मजबूर हो जा रहे हैं ।भेड़ बकरी का लटक करके लोगों की सफर करना मजबूरी हो जाती है ।धुलियान पैसेंजर के समय परिवर्तन से भी यात्रियों को बड़ी कष्ट हो रही है। कुछ यात्रियों ने नाम नहीं छापने के आसार पर बताया कि धूलियान पैसेंजर का पहले का समय ही ठीक था। बदले हुए समय में बड़ी परेशानी झेलनी पड़ती है। रेल प्रशासन को इस पर ध्यान देनी चाहिए। यात्रियों की यात्रा सुखद हो इस बात की मांग कुछ यात्रियों ने की।

### केवाईसी के नाम पर राशन घोटाला , प्रस्ताव पारित



**दीपक कुमार। गायघाट**

गायघाट प्रखंड मुख्यालय परिसर में पंचायत समिति की विशेष बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रखंड प्रमुख श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि प्रखंड के 23 पंचायतों का डीलर पर ये आरोप लगा है कि राशन कार्ड में केवाईसी के नाम पर बड़ी घोटाला हुआ है। बैठक के दौरान प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुपस्थित पाए गये हैं। सदन में एजीएम को बुलाकर तीन दिनो के अंदर राशन की कहां आवंटन कितना हुआ जुन महीने में रिपोट निर्गत करे ।ग्रामीणों से इस मामले में जब पूछताछ की गई तो उनहोंने भी कहा कि जून महीने का राशन नहीं दिया हैं। फिंगर तो ले लिया गया है। वहीं मनरेगा में भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं ।लूट खसोट का भी आरोप सदन में सदस्यों ने लगाया हैं। प्रखंड प्रमुख ने कहां कि बैठक में मनरेगा पदाधिकारी मनोज कुमार बराबर अनुपस्थित रहते हैं ।15 करोड़ रुपये का लगभग घोटाला हुआ है। इसकी जांच निगरानी से कि जाएगी। ये प्रस्ताव भी पास किया है। इधर मनरेगा पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि अनुपस्थित रहने की खबर हमने बीडीओ और जिला में मंगलवार को भी रिपोट भेज दिया था।

# हेमंत सोरेन को झारखंड हाई कोर्ट से जमानत मिलने से झामुमों कार्यकर्ताओं में बाटी मिठाइयां



लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**

**बरहरवा।** झारखंड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह झामुमो के केंद्र कार्यकारिणी अध्यक्ष हेमंत सोरेन शुक्रवार को 5 महीने बाद न्यायालय से जमानत मिलने पर बरहरवा नगर झामुमो कार्यकर्ताओं ने बरहरवा स्टेशन चौक में लोगों के बीच मिठाईयां बांटी एवं एक दूसरे को गुलाल लगाए इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए आतिशबाजी की इस दौरान स्टेशन चौक में नगर अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो* के नेतृत्व में मिठाई बाटकर खुशियों का इजहार किया !नगर अध्यक्ष श्री महतो ने कहा हेमंत सोरेन को जमानत मिलने से कार्यकर्ता में नई ऊर्जा का संचार हुआ है चुनाव आयोग जब चाहे चुनाव करवा ले हम तैयार हैंआगामी विधानसभा चुनाव में भी हेमंत सोरेन की सरकार बनेगी इसका पूर्ण विश्वास व्यक्त करता हूँ।कार्यकर्त्ताओं ने झारखंड हाई कोर्ट के प्रति आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो जिला कोषाध्यक्ष शक्ति नाथ अमन* मौजूद थे श्री अमन* ने कहा सच्चाई की जीत हुई है कोर्ट ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को जमानत देकर न्याय देने का काम किया है उन्होंने कहा भाजपा द्वारा संठयंत्र रच कर हेमंत सोरेन को जेल में भेजा गया था लेकिन सत्य की जीत हमेशा होती है और आज भी सत्य की जीत हुई है ! मौके पर नगर अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो, नगर सचिव मोहम्मद इकबाल, नगर कोषाध्यक्ष दिनेश सेन, नगर उपाध्यक्षअजय गुप्ता, बपन साव, नीलकंठ शाह, सुशील सेन, वरुण मंडल, सनाऊल शेख, एनामुल शेख, नीरज महतो, मुन्नासाव, विवेक कुमार, मंगल शर्मा,मुकेश कुमार, मुन्ना यादव, प्रशांत मंडल, अजय पासवान,दिवाकर कुमार महतो, बामा दास, कंचन दे, बाबूसाहा,चंदन रजक, कौशल कुमार, सहीत अन्य झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे !

**● जेल का ताला टूट गया हेमंत सोरेन छूट गया के नारों के साथ कि आतिशबाजी**

# हूल दिवस समारोह बरहेट स्थित भोगनाडीह में मुख्य कार्यक्रम स्थल का उपायुक्त ने लिया जायजा

लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**

साहिबगंज भोगनाडीह में आयोजित हूल दिवस समारोह की तैयारी को लेकर उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से जायजा लिया । उपायुक्त ने उपस्थित पदाधिकारियों से हूल दिवस की तैयारी की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उपायुक्त ने पचकठीया में स्थित अमर शहीद सिद्धो -कान्हू मुर्मू स्मृति स्थल, भोगनाडीह के सिद्धो -कान्हू पार्क एवं सिद्धो -कान्हू के वंशजों से मिलकर उनसे आवश्यक जानकारी ली। उपायुक्त ने विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि जिन पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दी जा रही हैं, वे लोग सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त ससमय करना सुनिश्चित करेंगे। इस बीच पेयजल की व्यवस्था, टेंट, पंडाल, एलइडी स्क्रीन, लाभार्थियों के लिए व्यवस्थाएं, वीर शहीद सिद्धो-कान्हू के वंशजों को दी जाने वाली सुविधाएं आदि की व्यवस्था संबंधित आवश्यक और उचित निर्देश दिए। मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, सदर एसडीपीओ, एवं संबंधित थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे।

# विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला का शुभारंभ 22 जुलाई से, तैयारी जोरों पर, बोल बम के नारों से एक माह तक गूंजेगा कावरिया पथ

लोकतंत्र की आवाज



**संग्रामपुर/मुंगेर ।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला का शुभारंभ 22 जुलाई 24 से हो रहा है। इस मेले की सुदृढ़ व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर मैराथन बैठक की गई। मेले से संबंधित सभी विभागों को यह निर्देश दिया गया कि श्रावणी मेला के पूर्व सुदृढ करने की जरूरत है। बाबजूद श्रावणी मेला की तैयारी नगण्य है। विदित हो कि मुंगेर जिला अन्तर्गत 26 किलोमीटर कांवरिया पथ है। जिसमें 12 किलोमीटर संग्रामपुर प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत है। मणियां व कुमरसार सरकारी धर्मशाला कांवरियों का मुख्य पडाव होता है। श्रावणी मेला शुरू होने के 26 दिन शेष बच गया है। यूं कहा जाय कि मेला की उल्टी गिनती शुरू हो गया है। सुलतानगंज बाबा अजगैबीनाथ गंगा घाट से जल लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर जाने के क्रम में कांवरियों का मुख्य पडाव होता है। बावजूद इसके मणियां व कुमरसार सरकारी धर्मशाला में मरम्मती व रंग रोगन का कार्य शुरू नहीं किया गया है धर्मशाला के अन्दर कुडे का अंबार लगा था। कांवरिया पथ में बालू नहीं बिछाया जा रहा है। कुमरसार व मणियां के मध्य जनकपुर में दो व कु हुआ में स एक सरकारी शौचालय का छत तोड़ा जा रहा था। पूछने पर कार्य की देखरेख कर रहे कर्मी ने बताया कि यह कार्य पीएचईडी की ओर से कराया जा रहा है। छत तोड़ने का कारण पूछा तो बताया कि छत उंचा करना है। मेले की तैयारी की दृष्टि से देखा जाय तो तीन शौचालय के पुर्ननिर्माण के सिवा कुमरसार से मणियां तक मेले की तैयारी नगण्य है।

# मुंगेर : मुख्यमंत्री सोलर लाइट योजना का कार्य शीघ्र पूरा करें, अन्यथा एजेंसी पर होगी कार्रवाई : डीएम

लोकतंत्र की आवाज



**मुंगेर।** मुख्यमंत्री सोलर लाइट योजना की समीक्षा बैठक शुक्रवार को समाहरणालय में जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संबंधित एजेंसी द्वारा किए जा रहे कार्यों पर बिंदुवार चर्चा हुई। इस अवसर पर विशेष कार्य पदाधिकारी कुमार अभिषेक सहित योजना कार्य में लगे दोनों एजेंसी के अधिकारी भी मौजूद थे। जिलाधिकारी द्वारा जिले में मुख्यमंत्री सोलर लाइट योजना के प्रगति की जानकारी ली गई। योजना का कार्य दो एजेंसियों सावित्री और जीआई कर रही है। सावित्री के संवेदक द्वारा जहां निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 65 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वहीं जीआई के धीमे कार्य प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने जीआई एजेंसी के अधिकारी को एक सप्ताह के अंदर निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया। कहा कि यदि एक सप्ताह के अंदर कार्य में प्रगति नहीं दिखी, तो एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने दोनों एजेंसी के अधिकारी से कहा शीघ्र ही योजना के अनुरूप कार्य को पूर्ण करें। कार्य में किसी तरह की लापरवाही अथवा गुणवत्ता की कमी न हो इसका विशेष ध्यान रखें।

# सुपर एक्सप्रेस के शौचालय में रखे दस प्लास्टिक के पैकेट से भारी मात्रा में गांजा बरामद, जैसे ही पुलिस ने खोला तो उड़े होश

लोकतंत्र की आवाज



**जमुई ।** रेल जीआरपी पुलिस ने शनिवार को जमुई स्टेशन पर ट्रेन जांच के दौरान 18183 टाटानगर से बक्सर जाने वाली सुपर एक्सप्रेस से लावारिस हालत में रखे दो बड़े प्लास्टिक के झोले से 16.534 किलो गांजा बरामद किया है। रेल थानाध्यक्ष मनोज कुमार देव ने बताया कि शनिवार को सुपर एक्सप्रेस जमुई स्टेशन पर लगभग तीन बजकर 36 मिनट पर पहुंची। जिसके बाद मेरे नेतृत्व में सिपाही अखिलेश कुमार, जितेश कुमार और विकास कुमार के साथ उक्त ट्रेन के बोगी की जांच की गई। इस दौरान सामान्य कोच के शौचालय के समीप एक ट्राली बैग और एक बैग लावारिस अवस्था में पाया गया। बैग के बारे में यात्रियों से पूछताछ की गई तो सभी ने अनभिज्ञता जाहिर की। बैग को ट्रेन से उतारकर जब उसकी जांच की गई तो उससे पीले रंग के प्लास्टिक में पैक अलग-अलग पैकेट से 16.534 किलो गांजा बरामद किया गया। मामले में अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# बाबा बर्फानी के दर्शन आज, बालटाल से तीर्थयात्रियों का पहला जत्था पवित्र गुफा के लिए रवाना नई दिल्ली

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो रिपोर्ट**

बम-बम भोले के जयघोष के साथ आज शनिवार को श्रद्धालुओं को बाबा बर्फानी के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। बालटाल से तीर्थयात्रियों का पहला जत्था पवित्र अमरनाथ गुफा के दर्शन के लिए रवाना हो गया है। शुक्रवार सुबह जम्मू से बम-बम भोले और जय बाबा बर्फानी के जयघोष लगाते हुए त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच 4603 श्रद्धालु कश्मीर के लिए रवाना हुए, जो देर शाम काजीगुंड की नवयुग टनल से होते हुए बालटाल और पहलगाम आधार शिविरों में पहुंचे। इससे पहले उधमपुर के टिकरी के काली माता मंदिर में जत्थे का पहला स्वागत किया गया। देश भर से आए शिव भक्तों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। आधार शिविर भगवती नगर जम्मू से शुक्रवार सुबह 5:25 बजे श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के चेयरमैन एवं उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच झंडी दिखाकर पहले जत्थे को रवाना किया। इसमें तीर्थयात्रियों के साथ साधु-संत भी शामिल थे। एलजी ने तीर्थयात्रियों को सुरक्षित, धन्य और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। कहा, बाबा अमरनाथ का आशीर्वाद सभी के जीवन में शांति, खुशी और समृद्धि लाए। इस दौरान भाजपा नेता देवेंद्र सिंह राणा, पूर्व मेयर राजेंद्र सिंह, महंत रामेश्वर दास, धार्मिक संगठनों के जनप्रतिनिधि, नागरिक प्रशासन, पुलिस, सुरक्षा बल, श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



**हर तीर्थयात्री के लिए आरएफआईडी कार्ड अनिवार्य :** सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक यात्री के लिए रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) कार्ड अनिवार्य है। इसके बिना किसी भी यात्री को आगे बढ़ने की अनुमति नहीं है। दक्षिण कश्मीर में पहलगाम के नुनवान रूट से पवित्र गुफा की दूरी 32 किलोमीटर और मध्य कश्मीर में गांदरबल के बालटाल मार्ग से यह दूरी 14 किलोमीटर है। बालटाल रूट से जाने वाले यात्री एक दिन में दर्शन करके लौट आते हैं और अधिकांश यात्री इसी रूट को प्राथमिकता देते हैं। इस बीच बालटाल व पहलगाम नुनवान बेस कैंप तक पहुंचने के दौरान यात्रा रूट पर जोरदार स्वागत किया गया। बालटाल और नुनवान बेस कैंप में भी श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन कर पूरे माहौल को शिवमय बना दिया। इस बार यात्रा 52 दिन तक चलेगी। 19 अगस्त तक भक्त बाबा बर्फानी के दर्शन कर सकेंगे।

# भूमि एवं राजस्व मामले से संबंधित स्पेशल लोक अदालत का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज




**मामलोत सेख**

साहिबगंज झारखण्ड विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के निर्देशानुसार और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में आज भूमि एवं राजस्व मामले को लेकर स्पेशल लोक अदालत एवं मासिक लोक अदालत का संयुक्त रूप सेआयोजन किया गया।मासिक लोक अदालत में कुल 682 मामलों का निष्पादन किया गया वही 14 करोड़ 82 लाख 18 हजार679 का सेटलमेंट हुआ है प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया की इन लोक अदालत के लिए कुल चार बेंचों का गठन किया गयो प्रथम बैच को धीरज कुमार, जिला सह अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम साहिबगंज, द्वितीय बेंच को धर्मेंद्र कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी साहिबगंज, तृतीय बेंच को राहुल कुमार रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी एवं चतुर्थ बेंच को सुमित कुमार वर्मा, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी, प्रमोद आनंद कार्यपालक दंडाधिकारी, अरविंद गोयल, चिफ डिफेंस काउंसिल के द्वारा संचालित किया गया।चतुर्थ बेंच के माध्यम से स्पेशल लोक अदालत के तहत भूमि एवं राजस्व से संबंधित मामले का निपटारा किया गया। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रेम नाथ तिवारी व अधिवक्तागण, पीएलवी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### नगर थाना में जानता दरबार का आयोजन

बगहा से शमशाद अंसारी

**बगहा।** सरकार द्वारा न्यायालय पर लगातार बोझ के दबाव को देखते हुए सभी थानों में सीओ व थानाध्यक्ष के देख रेख में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसको जनता दरबार का नाम दिया गया है। इसी कड़ी में शनिवार को नगर थाना में आधा दर्जन नए व पुराने मामलों को सुना गया। इसमें एक मामले का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। इसमें बडगांव निवासी रमेश मल बनाम ध्रुप चौधरी, मेहुडा.निवासी ललित नारायण बनाम अर्जुन चौधरी, खोडा.परसा निवासी अयोध्या साह बनाम नागेंद्र महतो, बड़गांव निवासी नीलम मल बनाम अविनाश मल आदि शामिल है। इसमें एक मामले का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया ।इसके साथ ही सभी को अपने अपने दावा के कागजात के साथ आने के लिए निर्देश दिया गया। बता दें कि अब जनता दरबार में निशुल्क हो रहे मामलों के निष्पादन को लेकर लोगों में समाधान दिवस के प्रति विश्वास बढ़ा है। अब शनिवार को न्यायालय के बजाय जनता दरबार में आने लगे हैं।

### मोतिहारी: सुगौली में मोटरसाइकिल चोरी की घटना से परेशान हैं वाहन मालिक

ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत

पूर्वी चम्पारण जिले के सुगौली में चोरों ने मचाया आतंक सुगौली थाना क्षेत्र में वाहन चोरों के हौसले हैं बुलंद। आपको बता दें कि सुगौली ताजबाबू चौक से अज्ञात चोरों ने मोटरसाइकिल लेकर हुए फरार,पीड़ित व्यक्ति ने थाने में आवेदन सौंपकर अज्ञात चोर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर में पिछले कई महीनों से दो पहिया वाहन चोर सक्रिय हैं। इसके चलते आए दिन वाहन चोरी के मामले सामने आ रहे हैं।बढ़ते वाहन चोरी के मामलों के बाद भी पुलिस द्वारा इस ओर गंभीरता से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसके चलते बाइक चोर गिरोह पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं।घटनाओं के बाद पुलिस द्वारा न तो बाइक की तलाश की जाती है और न ही जिस स्थान से बाइक चोरी हुई है वहां जांच पड़ताल। इससे न तो बाइक मिलती है और न ही बाइक चोरी करने वाले। चोरों पर कार्रवाई न होने से उनके हौसले बुलंद हैं। इससे चोरी की घटनाओं का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। वाहन मालिकों का कहना है कि चोरी की घटनाओं से वाहन चोरी होने का डर बना रहता है। पुलिस प्रशासन को मुस्तैदी बरतना चाहिए।

### नीट परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले के दोषियों को सजा दो: दीपक कुमार




ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत

**मोतिहारी।** नीट परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले में भारत की जनवादी नौजवान सभा के तत्वाधान में चांदमारी चौक पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया गया।कार्यक्रम का शुरुआत चांदमारी स्थित जिला कार्यालय से भारत की जनवादी नौजवान सभा के जिला मंत्री दीपक कुमार एवं जिला उपाध्यक्ष शशि रंजन के नेतृत्व में नौजवान सभा के कार्यकर्ताओं के द्वारा जुलूस के शक्ल में अपने मांगों के समर्थन में नारा लगाते हुए राजेंद्र छतरवास , मॉडर्न पब्लिक स्कूल रामशरण द्वार हुए चांदमारी चौक पहुंचे जहां शशि रंजन के अध्यक्षता में मिलकर सभा हुई। सभा को संबोधित करते हुए संगठन के जिला मंत्री दीपक कुमार ने कहा विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्री अभिलंब इस्तीफा दें तथा नीट परीक्षा को रद्द करते हुए पूर्व के ही प्रतियोगी का पुन: छात्रों को परीक्षा में शामिल करा कर सही ढंग से परिणाम प्रकाशित कर परिणाम प्रकाशित कर न्याय दिलाने का काम करें। उन्होंने प्रश्न पत्र लिख मामले में दोषियों को कठोर सजा दिलाने का मांग सरकार से की है। संबोधित करने वालों में मुकेश कुमार,संतोष कुमार, अमरेश कुमार, राजेश राम, संदीप कुमार पंडित, भोला कुमार यादव, सहित अन्य लोग शामिल थे। अंत में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला जलाकर विरोध दर्ज किया। मौके पर युवा नेता सत्येंद्र कुमार मिश्रा एवं अशोक पाठक ,रामदेव पासवान आदि मौजूद थे।

# बेतिया : विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए वृक्षारोपण कार्य में लें सहयोग

लोकतंत्र की आवाज

**व्यवस्थित तरीके से कराएं सघन वृक्षारोपण : जिला पदाधिकारी**




ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

**बेतिया ।** जिला पदाधिकारी, दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में आज कार्यालय प्रकोष्ठ में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन समिति, जिला स्वच्छ गंगा समिति, आर्द्रभूमि प्राधिकरण समिति, जिला पर्यावरण समिति सहित एकल उपयोग प्लास्टिक के प्रतिबंध के क्रम में गठित जिला टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुयी। उक्त समिति की बैठक में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, वृक्षारोपण, तरूण मित्र-इको क्लब, नदियों की साफ-सफाई आदि विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान समिति के सदस्यों द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये। जिला पदाधिकारी, दिनेश कुमार राय ने निर्देश दिया कि विभागीय दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए विभिन्न समितियों को अग्रतर कार्रवाई करनी है। उन्होंने निर्देश दिया कि जिले में सघन वृक्षारोपण कराना सुनिश्चित किया जाय। वृक्षारोपण व्यवस्थित तरीके से करायी जाय ताकि बाद में किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न नहीं हो सके। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि विद्यालयों में वृक्षारोपण का कार्य चहारदीवारी के पास कराना सुनिश्चित किया जाय। इस कार्य में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए वृक्षारोपण कार्य में सहयोग लिया जाय। इस अवसर पर नगर आयुक्त, नगर निगम, बेतिया, शंभू कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अतिश कुमार, जिला गोपनीय शाखा, सुजीत कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, अनंत कुमार, वरीय उप समाहर्ता, श्रीमती बेबी कुमारी, एस प्रतिक, जिला मत्स्य पदाधिकारी, गणेश राम, जिला खनिज पदाधिकारी, घनश्याम झा, कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, समलदेव कुमार, डीपीएम, जीविका, आर के निखिल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## समाधान दिवस, चौतरवा व भैरोगंज थाना जनता दरबार का आयोजन, भूमि विवाद मामलों का निष्पादन



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

**बगहा।** बगहा पुलिस जिला के चौतरवा व भैरोगंज थाना परिसर में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। भैरोगंज थाना परिसर में आयोजित जनता दरबार में अंचलाधिकारी बगहा एक नर्मदा श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष भरत कुमार व राजस्व कर्मचारी रुपेश कुमार मौजूद रहे। वही चौतरवा थाना परिसर में आयोजित जनता दरबार में पुलिस इन्स्पेक्टर सह चौतरवा थानाध्यक्ष संजीत कुमार एवं अंचल कार्यालय बगहा एक के राजस्व कर्मचारी प्रिंस कुमार, अमीत कुमार व फिरोज आलम मौजूद थे। अंचलाधिकारी बगहा एक ने बताया कि थाना परिसर में आयोजित जनता दरबार में थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के गांवों से आये फरियादियों की बारी - बारी से भूमि संबंधित विवाद की समस्या सुनी गई, तथा त्वरित कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि समाधान दिवस पर भैरोगंज थाना परिसर में चार भूमि संबंधित मामले में दो मामलों का निष्पादन करते हुए दो फरियादियों को नोटिस जारी की गई। जबकि चौतरवा थाना परिसर में नया 6 आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें 4 मामलों का निष्पादन करते हुए 8 फरियादियों को नोटिस जारी की गई। थानाध्यक्षों ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि कोर्ट कचहरी के चक्कर में नहीं पडे। बल्कि छोटे - छोटे विवादित मामलों को गवई स्तर पर सुलह समझौता करें, तभी आर्थिक, मानसिक व शारीरिक परेशानी नहीं होगी। तथा आपसी सहयोग व प्रेम से विवादित मामलों का निपटारा किया जा सकता है। इस दौरान थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से दर्जनों की संख्या में फरियादी भूमि विवाद समेत विभिन्न प्रकार की विवादित मामलों को लेकर जनता दरबार में शामिल रहे। इस अवसर पर सब - इन्स्पेक्टर नवल किशोर ठाकुर समेत कई पुलिस पदाधिकारी एवं दर्जनों की संख्या में फरियादी मौजूद रहें।

## राष्ट्रीय राजनीति के फलक पर पहुंचे राज्यसभा सांसद संजय झा

लोक तंत्र की आवाज़

आकिब शेख संवाददाता

**बिरौल।** राज्यसभा सांसद व मिथिला के लाल संजय झा जी को जदयू का कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने से मिथिलांचल में खुशी की लहर है। पहली बार मिथिला से किसी राजनेता राष्ट्रीय राजनीति के फलक पर पहुंचने में सफलता प्राप्त किया है। राज्यसभा सांसद के अनुमंडल प्रतिनिधि संजीव झा ने कहा कि ईमानदार विकास पुरुष की छवि को प्राप्त कर झा ने राजनीतिक में एक नया आयाम गढ़ा है। उन्होंने कहा कि दरभंगा, मधुबनी, सिमरियाधाम में सहित बिहार में किये गये कार्य उनके विकास के प्रति सकारात्मक सोच को दर्शाता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से देश भर में एनडीए को मजबूती मिलेगी। महावीर मुखिया ने कहा कि उनकी इस सफलता का श्रेय निश्चित रूप से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी को जाता है। मिथिला को यह सम्मान देने और श्री संजय झा जी पर विश्वास करने के लिए मुख्यमंत्री जी को जितना भी धन्यवाद दिया जाय कम है। प्रखंड प्रमुख पति रामाधीन शर्मा, उपप्रमुख पति श्रवण सिंह, बीरबल राय, हेमंत झा, सहसराम मुखिया राधा मोहन चौधरी, लदहो मुखिया दिलीप चौधरी, राज किशोर झा, कैलाश चौपाल, श्याम मोहन चौधरी, मदन चौधरी सहित कई ने कहा कि नये कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष को मिथिला और समस्त बिहार की ओर से हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं है।

## 6 अभियुक्त अभियुक्त,10.5 लीटर शराब, एक बाईक किया बरामद

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

**बगहा।** पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण,विधि-व्यवस्था संधारण एवं पूर्ण शराबबंदी प्रभावी हेतु संदिग्ध व्यक्ति,वाहनों का किया गया विधिवत जांच अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए रखने हेतु दिवा गश्ती के दौरान विभिन्न थाना अंतर्गत वाहनों,बैंकों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग नियमित रूप की गई बगहा। बगहा पुलिस जिला में शुक्रवार को विगत 24 घंटा में 06 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है,कुल-23 वारंट का निष्पादन किया गया है। जिसमें अजमानतीय 20 अजमानतीय 03 है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक, बगहा सुशांत कुमार सरोज ने प्रेस रिलीज़ जारी करके दिया। उन्होंने बताया कि बगहा थाना,धनहाँ थाना,ठकराहा थाना,वाल्मीकिनगर थाना,रामनगर थाना द्वारा शराब के काण्ड एवं अन्य कांड मामले में 06 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया साथ ही 10.5 लीटर देशी शराब, एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया।एसपी ने बताया कि बगहा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जॉच किया गया। जॉच के क्रम में बगहा थाना द्वारा-10,000, चौतरवा थाना द्वारा-7,000, रामनगर थाना द्वारा-6,000, धनहाँ थाना द्वारा-6,000 इस प्रकार कुल-29,000 रूपये का जुर्माना लगाया गया। एसपी श्री सरोज ने बताया कि बगहा पुलिस जिला में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए शुक्रवार की रात्रि में विभिन्न थाना क्षेत्रों में बगहा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण,विधि-व्यवस्था संधारण एवं पूर्ण शराबबंदी प्रभावी हेतु संदिग्ध व्यक्ति,वाहनों का विधिवत जांच किया गया।शनिवार को एसपी,बगहा के निर्देशन में बगहा पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए रखने हेतु दिवा गश्ती के दौरान विभिन्न थाना अंतर्गत वाहनों,बैंकों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग नियमित रूप की गई।



## सिटी मांटेसरी स्कूल में सुलेख प्रतियोगिता एवं एलोक्यूशन कांटेस्ट का किया गया आयोजन

लोकतंत्र की आवाज




**● नन्हें बच्चों ने अपने स्मरण से कविता, कहानी, गीत आदि की प्रस्तुति की**

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

**बगहा।** बगहा नगर के सिटी मांटेसरी स्कूल में सुलेख प्रतियोगिता एवं एलोक्यूशन कांटेस्ट का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधक सौरभ के.स्वतंत्र ने जानकारी देते हुए बताया कि नर्सरी से कक्षा दो तक के छात्रों के बीच एलोक्युशन कांटेस्ट का आयोजन हुआ जिसमें निर्णायक मंडल में प्राचार्या डा.सीमा स्वधा एवं निदेशक प्रो.प्रमोद कुमार गुप्ता रहें। नन्हें बच्चों ने अपने स्मरण से कविता, कहानी, गीत आदि की प्रस्तुति की। दोनों प्रतियोगिता में वर्गवार प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान अर्जित करने वाले छात्रों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया। एलोक्यूशन कांटेस्ट में अयांशी गुप्ता, आर्या सिंह,आराध्या सिंह, कोमल जयसवाल,अंतिमा, पुष्कर राज,अथर्व वैभव प्रथम स्थान पर रहे।वही द्वितीय स्थान पर अश्विनी,अनाबिया,अंशिका, रुद्र प्रताप,संजीदा,रमीजा, शबनम रही।दूसरी तरफ सुलेख प्रतियोगिता में रुद्र,हर्षित पाण्डेय,अफान इरशाद,अभय कुमार,स्वाति प्रजापति,फारिया अंजुम,प्रिंस कुमार गुप्ता,हर्ष राज,आराध्या कुमारी, पंकज प्रकाश, पलक जायसवाल, हादीया अर्जी, प्रियल यादव, हर्षाली कनक, समृद्धि कुमारी, यश कुमार ने प्रथम स्थान अर्जित किया तो वही द्वितीय स्थान पर जूही, आस्था, गीता, पूनम, नमन, सुष्मिता, दीपू, आदित्य राज, पीहू, तौहीद, नेहा, आयुष, आशीष, शाहिद, नेहा एवं श्रेया रही। विद्यालय प्रबंधक सौरभ के.स्वतंत्र ने कहा कि समय समय पर छात्रों के बीच प्रतियोगिताओं का आयोजन होते रहना चाहिए ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। बताते चले कि इस कार्यक्रम में संजय कुमार वर्मा, अशोक चौधरी, रामाकांत प्रसाद, रामार्चा शरण आदि शिक्षकों की महती भूमिका रही।

## मुजफ्फरपुर में बढ़ने लगा बागमती नदी का जलस्तर गायघाट, कटरा और औराई में सहमे लोग

लोकतंत्र की आवाज



दीपक कुमार। मुजफ्फरपुर

बिहार में मानसून के दस्तक देने के साथ ही मुजफ्फरपुर में बागमती नदी का जलस्तर काफी तेजी से बढ़ने लगा है. नदी का जलस्तर सामान्य से 4 फीट की ऊंचाई से बह रहा है. जिले के गायघाट, कटरा और औराई प्रखंड के कई क्षेत्रों में बागमती नदी से हर वर्ष काफी नुकसान होता है. नदी के जलस्तर बढ़ जाने उस इलाके में कई खेतों में लगी फसलें बर्बाद हो जाती हैं. आसपास के इलाकों के मिट्टी और फूस के बने घर तबाह हो जाते हैं. वहीं जिले के एक और नदी लखनदेई नदी में भी जलस्तर बढ़ गया है. नदियों का जलस्तर बढ़ाः बिहार में मानसून आते ही मुजफ्फरपुर जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में शुमार गायघाट, औराई और कटरा में नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी शुरू हो गई है. कटरा प्रखंड के बकुची पीपा पुल का एप्रोच पथ पर पानी चढ़ गया था। जिससे शुबह छोटे-बड़े सभी वाहनों का परिचालन ठप कर दिया गया था। दोवहीं घंटे बाद पीपा पुल को सुचारू रूप से चालू कराया गया। जिले के कटरा प्रखंड के उत्तरी 14 पंचायत समेत औराई और गायघाट की 5 लाख आबादी को शहरी इलाकों से जुड़ता है ये पीपा पुल इससे बड़ी संख्या में लोगों की परेशानी बढ़ गई है. अचानक जिले में बागमती नदी के जलस्तर बढ़ने का अंदाजा किसी को नहीं था. जब इस इलाके का लिंक पथ ध्वस्त हुआ तो पीपा पुल के दोनों छोर से छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतार लग गई. लंबी कतार को देखते हुए पहसौल जजुआर जाने वाले कई यात्री कटरा से वापस जारंग- बेनीबाद के रास्ते अपने गंतव्य की ओर निकल पड़े. वहीं, महिलाओं और बच्चों को काफी कठिनाई का सामना पड़ा।

## मुजफ्फरपुर में टॉपर्स को मिला सम्मान, मेधावियों को मिला मेडल

लोकतंत्र की आवाज





दीपक कुमार। मुजफ्फरपुर

मुजफ्फरपुर में आयोजित प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में डीएम और एसपी, मंत्री केदार गुप्ता सहित लोगों ने आयोजित हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में मेरिट लिस्ट में स्थान बनाने वाले छात्रों को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम का शहर के लंगट सिंह कॉलेज के सभागार में किया गया। इस दौरान बिहार बोर्ड-2024 की परीक्षा में जिले में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को विधायक, डीएम और एसएसपी, सीटी एसप ने सम्मानित किया।

**लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया:** इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंत्री केदार गुप्ता ने कहा कि इन बच्चों ने अपनी मेधा से जिले का गौरव बढ़ाया है। सामान्य पृष्ठभूमि से आने वाले सभी छात्रों ने अपने परिश्रम के बल पर उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए हैं।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नीतियों की वजह से अब अखबारों से प्रतिभा को सम्मान मिलना शुरू हो गया है। परीक्षा नकल विहीन हो रही है। शिक्षा बदलाव का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी टॉपर्स को अपने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

**कठिन मेहनत से मुकाम हासिल किया जा सकता है:** जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने मेधावी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम एवं अनुशासन से बड़े से बड़े लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। प्रतिभा सुविधा की मोहताज नहीं होती। ये सभी बच्चे भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्वकर्ता की भूमिका में आने का सामर्थ्य रखते हैं। उन्होंने छात्रों को बड़े लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

**गायघाट के शिवदाहा पंचायत के शिशु कल्याण कोचिंग सेंटर के दर्जनो छात्र हुए सम्मानित:** कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर विजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जिले के अखबार द्वारा सम्मानित कार्यक्रम में शिशु कल्याण कोचिंग सेंटर के दर्जनो सफल छात्रोराजद की बैठक आयोजित को सम्मान समारोह के दौरान सम्मानित किया गया है। ये गर्व की बात है। एसएसपी राकेश कुमार और सिटी एसपी अवधेश दीक्षित ने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करें। अपना लक्ष्य तय करें और नियमित रूप से अध्ययन करें। कठिन मेहनत से मुकाम हासिल किया जा सकता है। सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं उनके सुखद भविष्य की कामना की। हाईस्कूल परीक्षा 2024 में सम्मानित होने वाले टॉपरों में पलक शुक्ला, विशाखा कुमारी, निवेदिता सिंह, सलोनी प्रजापति, दिलीप तिवारी, पल्लवी वर्मा, सिद्धि प्रजापति, अदिति कुशवाहा, अमृता यादव शामिल हैं। मैट्रिक परीक्षा में सम्मानित होने वाले टॉपरों में दर्जनो व छात्र शामिल हैं।सफ़ल छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किया गया।इस अवसर पर डीईओ, डीपीओ सहित विभिन्न अधिकारी, शिक्षक और छात्रों के अभिभावक मौजूद रहे।

## बगहा के रतवल बिंदवलिया में प्रस्तावित टेक्सटाइल मेगा पार्क बनाने की भाजपा की शिष्टमंडल ने दिल्ली में केंद्रीय राज्यमंत्री को सौपा ज्ञापन

लोकतंत्र की आवाज



क्षितिज राज

**चौतरवा** मंडल अध्यक्ष आशुतोष मालवीय के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल दिल्ली में भारत सरकार के राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे से मिलकर उनके नवदायित्व के लिए गुरुवार को शुभकामना दिया। साथ ही रतवल में प्रस्तावित मेगा टेक्सटाइल पार्क जो ठंडे बस्ते में चला गया है उसको बनाने की मांग के लिए ज्ञापन सौंपा है।

साथ में जिला संयोजक प्रमोद प्रसाद काजू, मंडल महामंत्री मंटू दुबे, पप्पू कुमार राव, नितेश पाठक शामिल रहे। इस दौरान आशुतोष मालवीय ने बताया कि केंद्रीय राज्यमंत्री सतीशचंद्र दुबे को राज्यमंत्री बनने से चंपारण विकास को ओर अग्रसर होगा। और जनता की अपेक्षा भी है। उन्होंने बताया की रतवल के समीप बिंदवलिया में टेक्स्टटाईल मेगा पार्क बनाने के लिए 17 सौ एकड़ भूमि को चिन्हित कर पैमाईस भी कराया गया था। पूर्व के डीएम ने लगातार प्रस्तावित पार्क के लिए दौड़ा भी किया था। परंतु किसी कारण बस ठंडे बक्से में पड़ गया है। इसे चालू कराने की मांग के लिए सतीश चंद्र दुबे की आवास पर एक ज्ञापन सौपा गया है। ताकि सरकार की ध्यान आकृष्ट हो सके। उन्होंने बताया की एनडीए की सरकार बनने से चंपारण की जनता को एक बार फिर से टेक्स्टटाइल मेगा पार्क की उम्मीद जगी है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### भागलपुर और बांका के 12 भोलिबाल खिलाड़ियों का चयन



लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय, भागलपुर। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण बिहार, पटना के तत्वावधान में 29 जून 2024 को सैंडिस कंपाउंड मैदान भागलपुर में, भागलपुर प्रमंडल स्तर पर वॉलीबॉल अंडर – 15 बालक चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। इस चयन ट्रायल में भागलपुर एवम बांका जिले के लगभग 50 से अधिक वॉलीबॉल बालक खिलाड़ी ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया। चयन ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखा गया। यह बताते चले की सरकार द्वारा राज्य में वॉलीबॉल खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन सूबे के कुल 9 प्रमंडलों में कराया जा रहा है । इस ट्रायल में आए प्रतिभावान 12 खिलाड़ियों का चयन कर उनकी सूची बिहार राज्य खेल प्राधिकरण को भेजी गई है जिसका प्रकाशन खेल प्राधिकरण द्वारा किया जायेगा। इस चयन ट्रायल का विधिवत उदघाटन जयनारायण कुमार, जिला खेल पदाधिकारी, भागलपुर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद किया।

### सीएचसी में शासी निकाय एवं कार्यकारी समिति का गठन



लोकतंत्र की आवाज
धर्मेंद्र कुमार शर्मा, पकरीबरावां । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां में प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति के तहत शासी निकाय एवं कार्यकारी समिति का गठन किया गया। कार्यकारी समिति की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनिल कुमार द्वारा की गई। बैठक का संचालन करते हुए पॉपुलेशन फाऊंडेशन ऑफ इंडिया के जिला प्रतिनिधि नवीन कुमार पांडेय ने रोगी कल्याण समिति के गठन के उद्देश्य, अध्यक्ष– सचिव के कार्य, अधिकार, वित्तीय प्रबंधन एवं सामुदायिक सहभागिता से स्वास्थ्य सुविधाओं का गुणवत्तापूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित करना आदि के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि शासी निकाय समिति का प्रत्येक तिमाही एवं दो माह पर कार्यकारी समिति की बैठक होना आवश्यक है। बैठक में उपस्थित सदस्यों को नई नियमावली के तहत विस्तृत जानकारी दी गई।

### आईसीडीएस की बैठक में सेविकाओं को दी गई जानकारी



लोकतंत्र की आवाज
धर्मेंद्र कुमार शर्मा, पकरीबरावा।
बाल विकास परियोजना कार्यालय में शनिवार को सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं की बैठक हुई। बैठक में सेविकाओं को पोषण ट्रैकर, कन्या उत्थान, अन्नप्राशन आदि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही कई दिशा– निर्देश दिए गए।इस मौके पर महिला पर्यवेक्षिका ममता चौधरी, अहिल्या कुमारी, रीता कुमारी, प्रभावती, पिरामल फाउंडेशन के जिला प्रतिनिधि मंतोष कुमार उपस्थित थे।

### ढोढ़ा में नाली पर अतिक्रमण, कई जगहों पर जल जमाव

लोकतंत्र की आवाज
धर्मेंद्र कुमार शर्मा, पकरीबरावां प्रखंड के ढोढ़ा पंचायत मुख्यालय में हल्की बारिश के बाद कई जगहों पर जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो गई है। जल जमाव से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण रामलखन सिंह यादव ने बताया कि वार्ड संख्या– 5 में कई जगहों पर बारिश का पानी जम गया है। उन्होंने बताया कि नालियों पर अतिक्रमण के कारण ऐसी समस्या उत्पन्न हुई है। कई लोगों ने नाली पर ही मकान का निर्माण कर लिया, जिससे नाली के पानी का निकास अवरुद्ध हो गया है। उन्होंने कहा कि हल्की बारिश के बाद ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है, तो आने वाले बरसात के मौसम में समस्या और भी भयावह हो सकती है। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधि से लेकर प्रशासन से इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

### सिरदला-पुलिस ने 7.50 लीटर महुआ शराब के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज
प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला ।
परना डाबर पुलिस ने बलुआ तरी गॉव में छापेमारी कर 7 .50 लीटर महुआ शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। साथ मे एक बाइक पर लदा 60 लीटर महुआ शराब को बरामद किया है।धंधेबाज भागने में सफल रहा। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान जगदेव राजवंशी के पुत्र रोहित कुमार बताया गया है। जिसके विरुद्ध शराब अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है। साथ में जप्त शराब मोटरसाइकिल को परना डाबर थाना परिसर लाया गया है। तथा धंधेबाज की पहचान कर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्वाई की जा रही है।

# कृषि चौपाल का आयोजन किसानों को दी गई खेती-बाड़ी से जुड़ी जानकारियां

लोकतंत्र की आवाज़

दिलिपकुमार ठाकुर
**शिवाजीनगर/समस्तीपुर।** प्रखंड में जाखर धरमपुर एवं दहियार रन्ना में खरीफ किसान चौपाल 2024 का आयोजन किया गया। किसान चौपाल में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, कृषि समन्वयक ने बारी-बारी से कृषि व किसान हित से संबंधित सरकारी योजनाओं की किसानों को जानकारी दी। अध्यक्षता सहायक तकनीकी प्रबंधक आतीश कुमार कौशल ने की। संचालन कृषि समन्वयक मणिकांत चौधरी ने किया।

प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अभय नाथ ने किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना, आत्मा योजना, उद्यान योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, अनुदानित बोरिंग, सोलर पंप सेट के अलावे अनुदानित बीजों व नई किस्म के मक्का की खेती विस्तृत में जानकारी दिए। सहायक तकनीकी प्रबंधक आतीश कुमार कौशल ने किसानों को बाग बगीचे घरों के आसपास खाली जगहों पर फलदार वृक्ष लगाने की सलाह दिए। कृषि समन्वयक मणिकांत चौधरी ने सभी किसानों को खरीफ फसल व खेती किसानी से संबंधित सरकारी योजनाओं की जानकारी दीए। उन्होंने कहा कि किसानों को धान की नर्सरी गिरने के साथ-साथ बीज को उपचार करने की जरूरत है जिसमें पौधा में लगने वाली विभिन्न प्रकार के रोग बीमारी नहीं लगता है और पौधा सुरक्षित रहता है। इससे भरपूर उत्पादन होता है।



जानकारी देते हुए कृषि समन्वयक मणिकांत चौधरी ने कहा कि मक्का, बाजरा सहित सभी प्रकार के मोटे अनाज की खेती के लिए सरकार द्वारा प्रोत्साहन को लेकर अनुदान दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने हर खेत सिंचाई योजना के तहत निजी नलकूप व सामुदायिक नलकूप की जानकारी देते हुए आवेदन की प्रक्रिया को बताते हुए आवेदन देने की सलाह दी। कृषि विभाग के सभी अधिकारियों ने उपस्थित किसानों को विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिए। किसानों ने कई महत्वपूर्ण जानकारी कृषि विभाग के अधिकारियों से भी लिया। मौके पर कृषि समन्वयक कैलाश सहनी, पुरुषोत्तम कुमार, सुशील राम, रामबालक सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, बिट्टू कुमार, दीपक कुमार, सज्जन कुमार , माला देवी ,लक्ष्मी देवी, विमल देवी, रीना देवी ,रेखा देवी ,सीता देवी ,रीता देवी ,गीत देवी पवन महतो, मुकेश राय, प्रभात कुमार, मनीष कुमार मंडल, सुरेश प्रसाद मंडल ,ललित पासवान सहित कृषि विभाग के अधिकारी एवं किसान मौजूद थे।

# भगवान की सेवा, पूजा करने वाले को मिलेगा पेंशन



लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय
**पीरपैंती।** भारत सरकार ने मजदूरों को सहायता प्रदान करने के लिए ई-श्रम कार्ड की शुरुआत की ।इस योजना के माध्यम से सरकार ने मजदूरों को दुर्घटना बीमा, पेंशन का लाभ देने का निर्णय लिया था। लेकिन अब इसमें भगवान की सेवा करने वाले, पूजा करने वाले पुरोहित गिरी करने वाले भी शामिल है। कम से कम छोटे मंदिरों के साथ भगवान की सेवा पूजा करने वाले, देश भर के पुजारी और पुरोहित को सामाजिक सुरक्षा का दायरे में लाने के लिए केंद्र सरकार ने पहल की है। श्रम रोजगार मंत्रालय इस योजना ई-श्रम कार्ड के पात्र आवेदक को केंद्र सरकार के 15 सदस्य योजनाओं का लाभ के साथ-साथ 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर पेंशन भी मिलेगा ।

जानकारी के अभाव में कम संख्या में पुजारी, पण्डित , पुरोहित ई श्रम कार्ड बनवाया है। रोजगार मंत्रालय ने देशभर में असंगठित क्षेत्र में कामगारों के जीवन मे व्यापक बदलाव लाने के लिए आर्थिक स्तर पर आजादी देने के लिए ई-श्रम पोर्टल के रूप में डिजिटल मंच उपलब्ध कराया है। ई-श्रम विभाग के अधिकारियों के अनुसार असमय मृत्यु होने पर पात्र के परिवार को बीमा की रकम भी मिलेगी ।आर्थिक स्तर पर मदद भी मिलेगी इस ए-श्रम कार्ड के आनेको फायदे बताए गए हैं। जैसे पीएम आवास, श्रम योगी मानव धन योजना, सुरक्षा बीमा, आयुष्मान भारत सार्वजनिक सहित केंद्र की 15 से अधिक योजनाओं का लाभ मिलेगा। 16 से 59 वर्ष की उम्र के लोग ई-श्रम कार्ड बनवा सकते हैं।

ई-श्रम कार्ड के अंतर्गत ई मित्र का आधार कार्ड, बैंक खाता, मोबाइल नंबर से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने पर 12 अंक का विशेष कोड मिलेगा। ई-श्रम कार्ड बनने पर दो लाख का जीवन बीमा, आंशिक विकलांगता पर सहयोग राशि प्रदान की जाएगी।60 वर्ष की आयु होने पर ₹2000 पेंशन भी मिलेगी। पीरपैंती तथा आसपास के क्षेत्र को मंदिर के पंडित ,पूजा पाठ करने वाले पंडित, से स्थानीय ब्राह्मण समाज ने निवेदन किया है कि अपना ई-श्रम कार्ड जरूर बनवा ले।

# एएनएम की मासिक बैठक में सफल आयोजन पर विमर्श

लोकतंत्र की आवाज़

दिलिपकुमार ठाकुर
**शिवाजीनगर/समस्तीपुर।** प्रखंड में पीएचसी शिवाजीनगर मनरेगा भवन सभागार में एएनएम की मासिक बैठक प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमित कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान पीएचसी प्रभारी ने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ परिवार विकास पखवाड़ा में महिला बंध्याकरण, पुरुष नसबंदी को लेकर लोगों को जागरूक करने और इसके सफल आयोजन पर चर्चा की।

वही नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को बढ़ाने को लेकर जरूरी निर्देश दिए गए। यूनिसेफ के विक्रम कुमार चौधरी के द्वारा बताया गया कि टीकाकरण के लिए आशा को डोर टू डोर बच्चों एवं गर्भवती महिलाएं का लिस्ट, सर्व रजिस्टर नियमित उद्यतन करवाते रहना चाहिए। स्वास्थ्य प्रबंधक अमानुल्लाह ने बताया कि सभी एएनएम को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया है। जिससे एएनएम को स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे योजना की जानकारी हो।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे हैं सभी योजना को हरएक आम नागरिक तक पहुंचे इसके लिए सभी एएनएम को कहा गया है। मौके पर मूल्यांकन पदाधिकारी अमोद कुमार , सुनील कुमार , एएनएम शोभा कुमारी , रेशमा कुमारी , चांदमानी कुमारी , नीलम कुमारी , निशा कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे है।

# भारत-नेपाल जिला स्तरीय सीमा समन्वय समिति की बैठक आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत
**मोतिहारी/रक्सौल।** सीमा पार की चुनौतियों से निपटने के लिए आपसी सहयोग की एवं समन्वय के उद्देश्य से नेपाल के बीरगंज स्थित पर्सा आईसीपी के हाल मे इंडो नेपाल वार्डर कॉर्डिनेशन कमिटि की उच्चस्तरीय बैठक का अयोजन किया गया।

इस बैठक नेपाली सीमावर्ती जिले के पदाधिकारी एवं पूर्वी चम्पारण तथा पश्चिम चम्पारण जिला के वरीय पदाधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक में सीमा सुरक्षा, जाली नोट, आर्म्स, ड्रग्स एण्ड नारकोटिक्स, लिकर, तम्बाकू एवं अन्य अवैध वस्तुओं की तस्करी नियंत्रण, कॉस बोर्डर काईम कन्ट्रोल, मोस्ट वांटेड अपराधियों के धर पकड़, विदेशी नागरिकों और संदिग्ध लोगों की अवैध आवाजाही एंव अवांछित गतिविधि पर रोक तथा आपसी सूचनाओं के आदान-प्रदान और आपसी



सहयोग संबंधित मुद्दों पर गहन विमर्श किया गया।

बैठक की संयुक्त अध्यक्षता पर्सा जिला के सीडीओ एवं जिलाधिकारी पूर्वी चम्पारण के द्वारा किया गया। बैठक के वाद संयुक्त रूप से दोनों जिलाधिकारी ने बताया कि वार्ता काफी सौहार्दपूर्ण और सकरात्मक माहौल में हुई है जिससे आने वाले समय में क्रॉस बॉर्डर अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने में काफी सहयोग मिलेगी। बैठक के प्रारंभ में जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण एवं जिलाधिकारी पश्चिमी चंपारण के द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर नेपाल के तरफ से प्राप्त सहयोग के लिए उपस्थित नेपाली सिस्टम मंडल का धन्यवाद किया गया। बैठक में पर्सा एवं बारा जिला के सीडीओ सहित नेपाली शिष्टमण्डल के साथ पूर्वी चम्पारण के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी चंपारण के जिलाधिकारी, बगहा के पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त नगर निगम मोतिहारी,अपर समाहर्ता, सदर एसडीओ मोतिहारी, एसडीओ रक्सौल, डीसीएलआर रक्सौल,एसडीपीओ, डीएफओ, उत्पाद अधीक्षक पूर्वी चंपारण, एसएसबी कमांडेंट, सहित अन्य अधिकारी शामिल थे।

# मंदिर के दान पेटी से चोरी, एक चोर गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

## पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज फुटेज के आधार की कार्रवाई



**सुपौल।** जिले के जदिया थाना क्षेत्र के कोरियापट्टी दुर्गा मंदिर में बीते गुरुवार को दान पेटी चोरी के मामले में जदिया पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, बताया जाता है कि दिनदहाड़े दुर्गा मंदिर में रखे दान पेटी को पांच युवक मिलकर चोरी कर ली, चोरों ने कुछ दूर जाकर चोरी किये गए दान पेटी को तोड़कर उसमें रखे रुपया निकाल कर दान पेटी को वहीं छोड़ दिया,मंदिर में सीसीटीवी फुटेज लगा हुआ था, सभी चोरों के चोरी करते कैद हो गई, ग्रामीणों ने इसकी जानकारी जदिया पुलिस को दिया ।

जदिया थाना प्रभारी राजीव कुमार ने मंदिर में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को एक युवक को गिरफ्तार करते हुए चोरी किये गए दान पेटी को भी बरामद किया है, गिरफ्तार युवक की पहचान जदिया थाना क्षेत्र के कोरियापट्टी निवासी बबलू कुमार पिता बद्री मंडल के रूप में हुई है, जिस संदर्भ में जदिया थाना कांड संख्या 104/ 24 धारा 379/ 461 के तहत दर्ज कर न्याय हिरासत में भेज दिया है, इस बाबत जदिया थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि दुर्गा के दान पेटी चोरी के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है, इस घटना में शेष बचे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है,

# दहशत फैला ने के नियत से किया फायरिंग

लोकतंत्र की आवाज

वारिसनगर/समस्तीपुर। वारिसनगर ब्लॉक के तहत मथुरापुर थाना क्षेत्र के मन्नीपुर वार्ड संख्या 11 मोहल्ला में भूमि विवाद को लेकर शनिवार की सुबह बदमाशों ने एक स्थल पर फायरिंग की और भाग गये। अहले सुबह हुई फायरिंग की घटना के स्थानीय लोगो मे दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। घटना की सूचना पर मथुरापुर पुलिस की 112 नंबर टीम मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन की। पुलिस ने मौके से तीन खोखा भी बरामद किया है। इस संबंध मे उक्त वार्ड निवासी राजेश शर्मा की पत्नी पुष्पा शर्मा ने मथुरापुर थाना में एक आवेदन दिया है।

बताया कि हाल ही में उसने एक जमीन बेचने के लिए वारिसनगर थाना क्षेत्र के सारी टोले चकमुराद निवासी ने मेरे पति से बहला - फुसलाकर 2 कठ्ठा 8 धुर जमीन बॉन्ड किया था। बाउंड के मुताबिक 65 लाख 50 हजार रुपए में उक्त जमीन को बेचा जाना था। जमीन खरीदने वालों ने 4 लाख रुपए एडवांस दिया और यह बांड बनाया गया कि 3 महीना के अंदर सभी जमीन की राशि का भुगतान कर देंगे उसके बाद इसकी रजिस्ट्री कराई जाएगी। लेकिन काफी दिनों बाद भी अब तक रजिस्ट्री नहीं कराए जाने और भुगतान नहीं देने के बाद जब वह उक्त व्यक्ति के पास पहुंची तो वह उल्टे धमकाने लगा पिछले दिनों वह समस्तीपुर से बाहर थी। इसी दौरान उक्त व्यक्ति द्वारा जमीन पर बाउंड्री वॉल कर लिया गया और गेट में ताला भी लगा दिया गया। जब वे लोग समस्तीपुर पहुंचे तो घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस के सामने उन्होंने उक्त गेट में अपना ताला लगाया। जिससे नाराज हुए बदमाशों ने शनिवार सुबह उक्त जमीन स्थल पर पहुंचकर फायरिंग की और ताला तो डाला।

बच्चों का अपहरण करने की दी धमकी। महिला का आरोप है कि कुछ दिनों पहले वह इन सब बातों को लेकर वह बाउंड कर्ता के पास गई थी तो उन लोगों के द्वारा बच्चा का अपहरण कर किडनी आदि बेच देने की भी धमकी दी गई है। साथ ही पति के साथ भी मारपीट की गई थी। बताते चलें की सुबह-सुबह हुई इस गोलीबारी की घटना से आसपास के इलाके में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गये।हालांकि इस दौरान तब तक बदमाश वहां से फरार हो गये थे। साथ ही महिला ने पुलिस पर पुर्व मे दिए गये आवेदन के आलोक मे कार्रवाई नही करने का आरोप लगाई है। मथुरापुर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया की भूमि विवाद का मामला था। शनिवार को लगने वाले जनता दरबार मे बुलाया गया था। फोन करने पर फोन नही उठाया गया था। शनिवार की सुबह अज्ञात बदमाशों द्वारा गोली चलाया गया है। उन्होंने बताया की शंकर राय पर गोली चलवाने का आरोप है।

# प्रधान शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा जिले के 13 परीक्षा केंद्रों शांतिपूर्ण संपन्न

लोकतंत्र की आवाज

**समस्तीपुर।** बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आज आयोजित प्रधान शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा जिला मुख्यालय के 13 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। उन 13 परीक्षा केंद्रों में गोल्फ फील्ड रेलवे कॉलोनी उच्च माध्यमिक विद्यालय समस्तीपुर भी एक परीक्षा केंद्र था। बीपीएससी की गाइडलाइन के मुताबिक परीक्षार्थियों को पूर्वाहन 10:00 से 11:00 बजे तक ही प्रवेश की अनुमति दी गई। प्रवेश द्वार पर ही परीक्षार्थियों की सघन फिक्सिग की गई। महिला परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग महिला वीक्षकों एवं पुरुष परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग पुरुष वीक्षकों द्वारा की गई।

परीक्षा कक्षा में भी परीक्षा साथियों की दोबारा फ्रिस्किंग की गई। किसी भी परीक्षार्थी को कलम और एडमिट कार्ड के अलावा कोई भी अन्य सामग्री परीक्षा भवन में ले जाने की इजाजत नहीं थी। परीक्षा केंद्र के प्रवेश द्वार पर ही परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड की स्कैनिंग करने के बाद उन्हें कमरे में जाने की इजाजत दी गई थी। दोपहर 12:00 बजे से अपराह्न 2:30 तक आयोजित परीक्षा में कुल 150 अंकों 150 प्रश्न पूछे गये थे।

इसमें पार्ट वन में 75 नंबर के तथा पार्ट 2 में 75 अंकों के 75 - 75 प्रश्न पूछे गये थे। पार्ट वन में समान अध्ययन तथा पार्ट 2 में डीएलएड से संबंधित प्रश्न पूछे गये थे। तमाम प्रश्नों का जवाब ओएमआर में गोलक भर कर देना था। विद्यालय के प्राचार्य सह केन्द्राधीक्षक शाह ज़फ़र ने जानकारी दी कि उनके केंद्र पर 420 परीक्षार्थी आवंटित थे जिनमें से 405 परीक्षा में शामिल हुए

जबकि सिर्फ 15 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। प्रत्येक परीक्षा कक्ष में जैमर एवं सीसीटीवी की व्यवस्था आयोग द्वारा की गई थी। उन्होंने जानकारी दी की जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह ने इस परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया तथा की गई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। केंद्राधीक्षक ने बतलाया कि परीक्षार्थियों को प्रश्न पुस्तिका अपने साथ ले जाने का निर्देश था। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार का मामला संज्ञान में नहीं आया। परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में सदाचार रहित संपन्न हो गई।

# मोतिहारी: जिला परिषद आवश्यक बैठक हुई संपन्न

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत

**जिला परिषद, पूर्वी चम्पारण।** दिनांक 29.06.2024 को जिला परिषदीय महात्मा गांधी सभा भवन में श्रीमती ममता राय, अध्यक्ष, जिला परिषद, पूर्वी चम्पारण की अध्यक्षता में सामान्य बैठक सम्पन्न हुई। माननीय अध्यक्ष ने बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारियों एवं अनुपालन प्रतिवेदन नही उपलब्ध कराने वाले पदाधिकारियो से कारण पृच्छा करने का निदेश देते हुए कहा कि संबंधित पदाधिकारियो एवं विभागो के विरूद्ध कार्रवाई हेतु उनके मूल विभाग को सूचित करने का निर्णय हुआ।

अध्यक्ष के द्वारा बताया गया कि जिला परिषद् को आर्थिक रूप से सुदृढ़ के निमित सैरातो की निलामी हेतु अखबारो एवं सोसल मीडिया के माध्यम से काफी प्रचार



प्रसार कराया जिससे हमे एक करोड़ चौदह लाख अड़सठ हजार छः सौ पचास रूपये की प्राप्ति हुई तथा जिला परिषदीय बकायादारो आवंटयो पर सख्ती कर एक करोड़ एक्कीस लाख पचीस हजार दो सौ उन्तालीस रूपये की वसूली हुई जो एक बड़ी उपलब्धी है। जिला परिषद् के दुकान आवंटियो के यहा किराया बाकी है उन्हे शीध्र जमा कराने तथा जिनका एकरारनामा नही हुआ है उन्हे शीध्र कार्यालय में सम्पर्क कर एकरारनामा कराने हेतु शक्त हिदायत दिया गया साथ ही अगर बकायादार बकाया नही चुकाते है तथा एकरारनामा नही करते है तो उनके आवंटन को रद्द करने का निदेश मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद् को दिया गया। मा0 अध्यक्ष ने चिन्ता प्रकट करते हुए कहा कि जिले के विद्यालयो में बेंच-डेस्क के आपूर्ति एवं विद्यालयों की मरम्मति, शौचालय, एवं चापाकल में हुई घोर अनियमितता तथा समग्र विद्यालय अनुदान में ली गई । सुरेश प्रसाद यादव को अपराधियों द्वारा निर्मम हत्या के दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने, उनके स्वजनों को अनुग्रह अनुदान राशि देने, उनके परिवार में एक नौकरी देने का अनुरोध पुलिस अधीक्षक एवं जिलाधिकारी से किया गया। इस की बैठक में मा0 उपाध्यक्ष गीता देवी, मा0 विद्यायक ई0 राणा रंधिर सिंह, मा0 अध्यक्ष, शिक्षा समिति, जिला परिषद श्री पप्पू रंजन मिश्र, मा0 अध्यक्ष, लोक कार्य समिति, जिला परिषद्, श्री दिलीप कुमार, मा0 अध्यक्ष उत्पादन समिति जग्गी देवी, मा0 अध्यक्ष, सामाजिक न्याय समिति, सीता रानी, जिला परिषद सदस्य, मो0 नवी हसन, सुनिता देवी, नसीमा खातुन, नजमा खातुन, तेजनारायण प्रसाद, अहमद हुसैन, उमरावती देवी, रूबी देवी, मनोज पासवान,मनोज मुखिया, पंकज द्विवेदी, सुनैना देवी,माला गिरी, आभा कुमारी, मो0 तौसिफुर रहमान,मुनि देवी, कृष्णा दास,नितु गुप्ता, रिंकी कुमारी, निर्माला देवी, मो0 सदरे आलम, अनिता देवी, मनोज कु0 सहनी, अनिता देवी, संतोष कुमार सिंह, श्री आकाश कु0 गुप्ता, श्रीमती शहनाज बेगम, सोनालाल साह, श्रवण यादव, लालबाबू प्र0 यादव, मो0 शाब्बीर आलम, नूर नेशा, शाहजहाँ खातुन, दिलीप कुमार, आभा देवी, मो0 नशीम अख्तर,राकेश पासवान,किरण कुशवाहा,अकबरी खातुन, परमानन्द पटेल, शिव कुमार चौधरी, मा0 प्रमुख पीपराकोठी, मा0 प्रमुख कोटवा, मा0 प्रखंड प्रमुख छौड़ादानो, मा0 प्रखंड प्रमुख तेतरिया, मा0 प्रखंड प्रमुख मधुबन, मा0 प्रखंड प्रमुख पताही, मा0 प्रखंड प्रमुख चकिया, समीर सौरभ, उप विकास आयुक्त-सह- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी राजेन्द्र राम, जिला अभियंता, जिला परिषद एवं निदेशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सिविल सर्जन, विधुत ,शिक्षा, पशुपालन, पथ निमार्ण एवं ग्रामीण कार्य विभाग, सहित अन्य विभाग के पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त खबरें ।

### महिला के साथ हो रही छेड़छाड़ का किया विरोध, मारपीट, थाना में दी गई शिकायत



लोकतंत्र की आवाज
सहरसा संवाददाता। सदर थाना क्षेत्र के सिमराहा, वार्ड नंबर – 4 निवासी चंदन कुमार के साथ गुरुवार की देर शाम कुछ युवकों ने जहां मारपीट किया। वही उनकी बाइक को भी तोड़फोड़ दिया है। जिन्हें सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। पीड़ित ने बताया कि कुछ युवक एक महिला के साथ छेड़छाड़ कर रहे थे। इस दौरान वे भी उस होकर गुजर रहे थे। ऐसे में उन्होंने युवकों को डांट–डपट कर भगा दिया। महिला को भी वहां से हटा दिया। जिसके थोड़ी देर बाद वे बाइक से सब्जी खरीदने बाजार गए थे। जहां पूर्व से घात लगाए मो आजाद, शौक त मियां, सोहेल मियां, मो इरशाद सहित अन्य लोग उन्हें घेर कर मारपीट किया। साथ ही उनकी बाइक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। उन्होंने आगे बताया कि जिसकी शिकायत उन्होंने सदर थाना में की है। पुलिस उनकी शिकायत पर जांच कर रही थी।

### सिरदलाः पुलिस ने दो पियक्कड़ को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय





लोकतंत्र की आवाज
प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला। परना डाबर पुलिस ने कलाली मोड तथा बलुआतरी से दो पियक्कड़ को गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष रंजन चौधरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार पियक्कड़ की पहचान फतेहपुर थाना क्षेत्र के कोड़या गांव निवासी रेवा यादव के पुत्र मुकेश कुमार तथा बलुआतरी से गिरफ्तार पियक्कड़ की पहचान बलुआ तरी गांव निवासी सकलदेव राजवंशी बताया गया है। जिसे पुलिस ने न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेज दिया है।

### एटीएम अपडेट करने के नाम पर आया कॉल,मांगा ओटीपी, खाते से निकल गई 25 हजार की रकम, मामला दर्ज

लोकतंत्र की आवाज
सहरसा संवाददाता। जिले के सोनवर्षा राज थाना क्षेत्र अंतर्गत बसनही थाना क्षेत्र के महुआ गांव निवासी क्रांति कुमारी ने अपने बैंक खाते से अवैध निकासी कर लिए जाने के शिकायत साइबर थाना में दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि उनके मोबाइल पर एटीएम अपडेट करने के नाम पर मोबाइल कॉल आया था। जिसमें एटीएम अपडेट करने के लिए आवश्यक ओटीपी की मांग की गई थी। जिसे देने के बाद उनके अकाउंट से कुल 24 हजार 891 रुपए की अवैध निकासी कर ली गई है। साइबर डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी।

# जिला पुलिस द्वारा लगातार तीसरी बार मिनी गन फैक्ट्री का सफल उद्भेदन

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवाददाता** । सहरसा अब अवैध हथियार निर्माण कार्य के लिए मुंगेर जिला की राह पर चल पड़ा है। यहां लगातार अत्याधुनिक हथियारों का कारखाना खुल रहा है। कई अवैध कारखाना संचालित हो रहे हैं। हालांकि पुलिस भी सजग और सतर्क है। उनके द्वारा लगातार अवैध गन फैक्ट्री का उद्वेदन भी किया जा रहा है। पुलिस के द्वारा अवैध हथियार के विरूद्ध निरंतर अभियान जारी है। इसी क्रम में सहरसा जिला द्वारा लगातार तीसरी बार मिनीगण फैक्ट्री का सफल उभेदन किया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार बीते 27 जून को बसनही थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली कि बसनही थानान्तर्गत ग्राम–गड़ेरी टोला में मो नशरूल पिता स्व मो बौकु अपने घर पर अवैध हथियार का निर्माण कर रहा है।

वरीय पदाधिकारी को इसकी सूचना देते हुए थानाध्यक्ष बसनही व अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के साथ ग्राम–गड़ेरी टोला में मो नशरूल के घर पहुंचेतथा उसके घर का घेराबंदी कर छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में मिनीगण फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया। साथ ही पूर्ण निर्मित एवं अर्धनिर्मित हथियार एवं हथियार बनाने वाला औजार के साथ तीन अभियुक्त को गिरफतार किया गया। इस संबंध में बसन–ही थाना कांड संख्या–122/24 आर्म्स एक्ट दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की गई। उक्त गिर– फ्तार तीनों अभियुक्तों का अपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। छापामारी के दौरान एक ड्रिल मशीन, तीन देशी कट्टा का लोहे का अर्धनिर्मित बॉडी, चार लोहे का अर्थनिर्मित बैरल, दो वैस मशीन, एक जिन्दा कारत– स, एक कट्टा का लॉक, तीन कट्टा का घोड़ा, तीन कट्टा का ट्रिगर, छह कट्टा का घोड़ा का स्पींग, तीन कट्टा का चाँद, चार कट्टा का हेमर– , दो कट्टा का लॉक स्पींग, चार कट्टा के बॉड़ी का चदरा, चार लॉक का चदरा, एक कट्टा के बॉड़ी के बैठी, एक कट्टा के बॉड़ी का फेम, एक रेलवे का लोहे का टुकड़ा, एक ब्लेड सहित आरी, पांच आरी ब्लेड, सात रेती, एक हेण्ड– ल, दस छेनी, बीस ड्रील मशीन, एक पिलास, एक रिंच, एक हथौड़ी, दो बैस का हेण्डल एवं एक लोहे का रड़ बरामद किया गया। इस दौरान मो नशरूल, पिता स्व मो बौकु, साकिन गड़ेरी टोला, वार्ड नम्बर–07. थाना–वसनही, मो सलीम, पिता अब्दुल हक, साकिन मिजापुर वर्धा, थाना–मुफ– स्सिल, जिला–मुंगेर एवं पप्पु यादव, पिता स्व मोलन यादव, साकिन मेपिलपहार तौफिर, थाना–मुफस्सिल, जिला–मुंगेर को गिरफ्तार किया गया।

इस छापामारी टीम में बसनही थानाध्यक्ष संतोष कुमार निराला, पु–लिस अवर निरीक्षक रामव्रत प्रसाद, अमरेश कुमार, ज्योति कुमारी एवं बसनही थाना पुलिस मौजूद थे। ज्ञात हो कि पतरघट थाना क्षेत्र में पूर्व मे की गई छापामारी के दौरान दो मिनी गन फैक्ट्री का उद्वेदन हुआ था। साथ ही मौके से ही दो आरोपी अपराधी की गिरफ्तारी हुई थी। गन फैक्ट्री में तैयार हो रहे दर्जनों अवैध अर्ध निर्मित हथियार की भी बरामदगी हुई थी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बाढ़ पूर्व तैयारी की समीक्षा बैठक



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता।**जिलाधिकारी वैभव चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को बाढ़ पूर्व तैयारी की समीक्षा की गई एवं समीक्षा क्रम में संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही वर्षा मापक यंत्र की अद्यतन स्थिति के संबंध में बताया गया कि वर्षा मापक यंत्र सभी अंचलों एवं प्रखंड में कार्यशील है। समय समय पर इसके भौतिक सत्यापन का निर्देश दिया गया है। तटबंधों की वर्तमान स्थिति के संबंध में कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण द्वारा तटबंधों के पूर्णत सुरक्षित होने के संबंध में आश्वस्त किया गया है। जिलाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी को तटबंधों के निरंतर पर्यवेक्षण एवं इसके सुरक्षा को लेकर ठोस कारवाई का निर्देश दिया है।

वही संभावित बाढ़ की स्थिति में स्थानीय स्तर व जिला स्तर पर आवश्यक सूचनाओ के आदान प्रदान एवम इसके आधार पर त्वरि– त कारवाई हेतु पंचायत स्तर पर कम्युनिकेशन प्लान के निर्माण एवं तत्संबंधी सूची जिला को अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। उक्त आशय के निर्देश का अनुपालन अंचलाधिकारी सिमरी, महिषी, नवह–ट्टा, सलखुआ सुनिश्चित कराएंगे। गैर निबंधित नावों कापरिचालन कदापि न हो, इसे सुनिश्चित कराने का निर्देश सभी अंचलाधिकारी को दिया गया है। बाढ़ पूर्व तैयारी समीक्षा के क्रम में जानकारी दी गई की वर्तमान में 119 नावों की इकरारनामा संबंधित सूची बाढ़ से प्रायः प्रभावितहोने वाले अंचलों द्वारा उपलब्ध कराई गई है। आवश्यक तानुसार अतिरिक्त नाव संबंधित सूची भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। बाढ़ से प्रभावित परिवारों के आश्रय हेतु चिन्हित स्थलो के पुन भौतिक सत्यापन एवं अतिक्रमण की स्थिति में अतिक्रमण मुक्ति हेतु यथोचित कारवाई का निर्देश दिया गया है।

कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग को बाढ़ आश्रय स्थल से संबंधित सड़को के समुचित संधारण एवं कार्यपालक अभियंता, ८– पीएचईडी को बाढ़ आश्रय स्थल से संबंधित चपाकलो के मरम्मती का निर्देश दिया गया है। सिविल सर्जन को संभा– वित बाढ़ की स्थिति से निपटने हेतु आवश्यक चिकित्सीय तैयारी का निर्देश दिया गया है। पंचायत अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित करते – हुए संभावित बाढ़ से प्रभावित होने वाले परिवारों की सूची – को अंतिम रूप देने का निर्देश संबंधित अंचलाधिकारी को दिया गया है। बैठक में अपर समाहर्ता सहित अन्य संबंधित – उपस्थित थे।

# शेरपुर बसेरियां से पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा न्यायालय



लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला।** सिरदला पुलिस ने क्षेत्र के शेरपुर बसेरीया गांव में छापेमारी कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपी कमलेश कुमार बताया गया है।गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ सिरदला थाना में कांड संख्या 166/24 बिहार मध्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 के तहत प्राथमिक दर्ज है। गिरफ्तार आरोपी को शनिवार को माननीय न्यायालय में उपस्थापन कराया गया जहां से माननीय न्यायालय के आदेशानुसार मंडल कारा नवादा भेज दिया गया।

# जिलाधिकारी ने सभी सीओ को अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर निजी क्लिनिक के विरूद्ध छापेमारी का निर्देश

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवाददाता।**जिलाधिकारी वैभव चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित बैठक में राजस्व संबंधित कार्यो की अद्यतन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई एवं यथोचित दिशा–निर्देश दिये गये। ऑन लाइन दाखिल खारिज की अद्यतन स्थिति समीक्षा क्रम में यह पाया गया कि बनमा ईटहरी, कहरा, महिषी, नव– हट्टा, पतरघट, सलखुआ, सहित अन्य अंचलों में ऑनलाइन दाखिल खारिज संबंधित मामलें विभिन्न स्तरों पर लंबित है। जिनको सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर अविलंब निष्पादित करने का निर्देश दिया गया है।

विभिन्न अवसरों पर आयोजित बैठको में दिये गये निदेर्शों के अनुरूप ऑन लाइन दाखिल खारिज मामलों के निष्पादन में कुछ अंचल यथा सौर बाजार, कहरा, सिमरी बख्तियारपुर आदि में संतोषजनक प्रगति परिलक्षित हुई है।

साथ ही निर्देश दिया गया कि लंबित मामलों को ओर घटाने हेतु ठोस प्रयास की जाय। सभी अंचलों को पूर्व के बैठको में दिये गये निर्देश के अनुरूप निर्धारित संख्या में वासगीत पर्चा के वितरण हेतु आवश्यक कारवाई का निर्देश दिया गया है। सभी अंचलाधिकारियों को प्रत्येक शनिवार को भूमि विवाद संबंधित मामलों के निष्पादन हेतु बैठक अनिर्वाय रूप से आयोजित करने, प्राप्त शिकायत के नियमानुकूल निष्पादन एवं बैठक संबंधित कारवाई अपलोड करने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों को अंचल अंतर्गत अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर निजी क्लिनिक के विरूद्ध छापामारी अभियान संचालन का निर्देश दिया है। बैठक में तटबंधों की वर्त्तमान स्थिति के संबंध में गहन समीक्षा की गई सभी अंचलाधिकारियो को तटबंध के सतत पर्यवेक्षण एवं सुरक्षा हेतु आवश्यक कार्यवाही का निर्देश दिया गया है सभी अंचलाधिकारीयों को राजस्व से संबंधित कार्यों के नियमित समीक्षा एवं ससमय निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया है।

बैठक में पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु भूमि उपलब्धता की समीक्षा की गई समीक्षा क्रम में पाया गया कि कुछ अंचलों यथा–क– हरा, सत्तरकटैया, नवहट्टा, सोनवर्षा, सौरबाजार, महिषी, आदि से संबंधित कुछ पंचायतों में पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भूमि उपलब्धता संबंधित प्रतिवेदन अप्राप्त है। निर्देश दिया गया कि स्थल निरीक्षण पश्चात तत्संबंधित प्रतिवेदन अविलंब उपलब्ध कराया जाय। बैठक में अपर समाहर्त्ता, सहरसा, श्री ज्योति कुमार, अपर समाहर्त्ता, आपदा प्रबंधन सहित अन्य सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मालवाहक वाहन के चालक का संतुलन बिगड़ने से नहर के पूल में घुसी वाहन, चालक और खलासी घायल

लोकतंत्र की आवाज

● बेलहर थाना क्षेत्र के जमुआ गांव के समीप घटी घटना

**संग्रामपुर/मुंगेर** । सुलतानगंज देवघर मुख्य एनएच बेलहर थाना क्षेत्र के जमुआ गांव के समीप एक मालवाहक वाहन चालक के संतुलन बिगडने से सड़क किनारे नहर के पूल में घूस गई।

जिसमें चालक सहित तीन लोग सवार थे। जिसमेंमोहम्मद चांद ड्राइवर तथा मोहम्मद छोटू मोहम्मद अली लेबर सहित तीन आदमी गाड़ी पर सवार थेमोहम्मद चांद ड्राइवर तथा मोहम्मद छोटू मोहम्मद अली लेबर सहित तीन आदमी गाड़ी पर सवार थे। जिसमें चालक मुहम्मद चांद, कारोबारी मुहम्मद छोटू गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि मजदूर मुहम्मद अली मामूली चोट लगी है। जानकारी के अनुसार मालवाहक वाहन मुंगेर की है। पुराने बैटरी के खरीददारी के लिए संग्रामपुर आ रहा था। जमुआ गांव के समीप चालक का संतुलन बिगड़ गया। जिससे सड़क किनारे नहर के पूल में जा घूसा। आस पास के लोग दौडकर आए तो देखा कि वाहन में बुरी तरह से फंसे लोग चिल्ला रहे हैं। लोगों ने घटना की सूचना संग्रामपुर व बेल हर थाने को दिया। सूचना मिलते ही संग्रामपुर थाना पुलिस घटना स्थल पर पहूंच कर वाहन में फंसे घायलों को निकालने का भरसक कोशिश की। तब जेसीबी बुलाकर वाहन को पूल बाहर खींचकर निकाले जाने के बाद घायल चालक व बैटरी कारोबारी को बाहर निकाला गया। जिसे



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र संग्रामपुर लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चालक मुहम्मद चांद व बैटरी कारोबारी मुहम्मद छोटू की गंभी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए भागलपुर रेफर कर दिया। तबतक कारोबारी के स्वजन भी अस्पताल पहूंच गए। जो मुहम्मद छोटू को लेकर प्राइवेट एम्बुलेंस से पटना ले



गए। जबकि चालक मुहम्मद चांद को सरकारी एम्बुलेंस से भागलपुर भेजा गया। वहीं मजदूर को प्राथमिक उपचार के बाद उसके स्वजन घर ले गए।

# रेल मंत्री जी कृपया ध्यान दें, मुंगेर के सारोबाग हॉल्ट में यात्री सुविधा नदारद, यात्रियों को रही परेशानी

लोकतंत्र की आवाज

**मुंगेर।** जमालपुर–किउल रेलखंड के सारोबाग हॉल्ट पर यात्री सुविधाओं का घोर अभाव है। यात्री सुविधा नहीं रहने के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हॉल्ट पर न तो शौचालय और न ही पर्याप्त मात्रा यात्री शेड ही है। हॉल्ट पर शौचालय की सुविधा नहीं रहने के स्वच्छ भारत को अभियान को भी मुंह चिढ़ाने का काम कर रही है। शौचालय की व्यवस्था नहीं रहने के कारण सबसे भारी फजीहत महिला यात्रियों को उठाना पड़ रहा है। लेकिन रेल विभाग इस समस्या के निदान के प्रति उदासीन बनी हुई हैं।



**मात्र तीन जोड़ी पैसेंजर ट्रेन का है ठहराव :** हॉल्ट की स्वीकृति के दो दशक बीतने के बावजूद अब तक इस हॉल्ट पर मात्र तीन जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव दिया गया है। ट्रेन के ठहराव की स्थिति यह है कि तीन बजे शाम के बाद सुबह 5 बजे सुबह मे ट्रेन मिलती है।

**प्लेटफार्म और ओवरब्रिज का भी नहीं हो सका निर्माणः** हॉल्ट का उपेक्षा का आलम यह है कि अब तक प्लेटफार्म का निर्माण नही हो सका है। इसके साथ ही प्लेटफार्म का सतह नीचे रहने के कारण ट्रेन पर चढ़ने के क्रम में अक्सर दुर्घटना होती रहती है। अब तक ट्रेन चढ़ने के क्रम में तीन यात्रियों की मौत हो चुकी है। आये दिन हो रही दुर्घटना को देखते हुए यहां के ग्रामीण ओवरब्रिज निर्माण कराने की मांग कर रहे है।

**क्या कहते है यात्रीः** सारोबाग निवासी सुखदेव यादव व सहदेव तांती ने बताया कि वर्षो से गया–जमालपुर पैसेंजर ट्रेन व रात्रि में जमालपुर–किउल पैसेंजर ट्रेन का ठहराव नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। निमियाटोला के प्रभु यादव, दरियापुर के कृष्णनंदन पंडित ने बताया कि हॉल्ट पर बिजली नहीं है। शेड का अभाव बना हुआ है।

● 14 घंटे के अंतराल पर मिलती है है हॉल्ट पर ट्रेन

**क्या कहते है सारोबाग हॉल्ट विकास संघर्ष समिति के अध्यक्षः** डॉ शशि कांत सुमन ने कहा कि हॉल्ट के विकास और ट्रेन ठहराव के लिए विभाग से लगातार पत्राचार किया जा रहा है। जल्द समस्याओं का निदान नहीं हुआ तो धरना के साथ ही चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

# सहरसा में मालगाड़ी से गेहूं चोरी मामले में आरपीएफ ने दो चोरों को किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता।** सहरसा मानसी रेलखंड पर कोपरिया स्टेशन पर खड़ी मालगाड़ी ट्रेन से गेहूं चोरी मामले में आरपीएफ ने फरार चल रहे दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों की पह– चान हरे राम यादव गांव नवटोलिया सलखुआ और अनिल सादा मुसहरी दिन टोला सलखुआ का निवासी। है।
दोनों आरोपियों को आर– पीएफ ने मुखबिर की सूचना पर उसके निवास स्थान से गिरफ्तार किया है। जानकारी अनुसार लदी माल ट्रेन कोपरिया स्टेशन पर मेंन लाइन पर खरी थी। स्थानीय 7 लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से माल ट्रेन से गेहूं चोरी करने की योजना बनाया। इसके बाद माल ट्रेन से कुल 11 बोरा गेहूं चोरी कर झाड़ी में छुपा दिया गया। जिसकी सूचना मिलते ही आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची। आरपीएफ को देखते ही सभी आरोपी भागने लगे इनमें से एक आरोपी कुंदन कुमार को सबसे पहले आरपीएफ ने पकड़ लिया जबकि अन्य सभी आरोपी भागने में सफल हो गए। इस दौरान चोरी की गई 11 बोरा गेहूं भी आरपीएफ ने बरामद किया था। वही 6 आरोपियों की धर पकड़ के लिए आरपीएफ ने मुखबिर लगा दी थी। इसके बाद दो अन्य आरोपी की गिरफ्तारी हुई थी। वही आरपीएफ में छापामारी कर अन्य दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जिसे जेल भेज दिया गया है अन्य दो फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

### महिला की आपत्तिजनक तस्वीर वायरल मामले में एक गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज
सहरसा संवाददाता। बीते दिनों सोशल प्लेटफॉर्म पर युवती की आप– त्तिजनक तस्वीर को वायरल किए जाने के दर्ज मामले में एक आरोपी की गिरफ्तारी हुई। जिन्हें जेल भेज दिया गया। साइबर डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि साइबर थाना में पीड़ित ने अपनी तस्वीर को सोशल प्लेटफार्म पर वायरल करने की शिकायत दर्ज कराई थी। जिसको लेकर साइबर थाना कांड संख्या – 40/24 दर्ज किया गया था। जिसमें सहरसा बस्ती निवासी मो निकाय को आरोपित किया गया था। जिनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित हुई है। उन्हें अग्रतर कार्रवाई के लिए जेल भेज दिया गया।

# मुंगेर में बाल हृदय रोग से पीड़ित दो बच्चों को स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए भेजा गया पटना

लोकतंत्र की आवाज

**मुंगेर।** बाल हृदय रोग से पीड़ित दो बच्चों को स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए पटना स्थित इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान भेजा गया है। इस आशय की जानकारी राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम ( आरबीएसके ) के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर प्रेम रंजन दुबे ने दी। उन्होंने बताया कि असरगंज के अमैया गांव निवासी सिंटू कुमार कि 9 महीने की बेटी शिवानी भारती को हृदय रोग की स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए निः शुल्क एंबुलेंस से राजधानी पटना स्थित इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान भेजा गया है।

वहां हृदय रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर के द्वारा जांच करने के बाद यह बताया जाएगा कि शिवानी भारती के हृदय रोग का ऑपरेशन किया जाना है या एक समय के बाद लगातार उपचार के बाद स्वयं ठीक हो जाएगा। इसके बाद ही बच्ची को हृदय रोग के उपचार के लिए गुजरात के अहमदाबाद स्थित श्री सत्य साई हृदय रोग अस्पताल भेजने का निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिवानी भारती को कुपोषित होने के कारण 14 दिनों तक सदर अस्पताल परिसर स्थित पोषण एवं पुनर्वास केंद्र में भर्ती भी कराया गया था। जहां सही देखभाल और उपचार के बाद बच्ची के पोषण स्तर में सुधार हुआ। उन्होंने बताया कि एनआरसी में भर्ती होने के बाद हमलोगों ने जब शिवानी भारती को देखा तो हमलोगों को उसके हृदय में जन्मजात छेद होने की आशंका हुई। इसके बाद हमलोगों ने बच्ची का ईको टेस्ट कराया तो बच्ची के जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित होने की पुष्टि हुई। उन्होंने बताया कि शिवानी भारती के साथ तारापुर प्रखंड के हरपुर के रहने वाले चंद्र किशोर के 11 वर्षीय बेटे शिवम कुमार को भी हृदय रोग कि स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए आईजीआईसी पटना भेजा गया है।



● जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित तीन अन्य बच्चों को स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए बहुत जल्द भेजा जाएगा

डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर मुंगेर में अर्ली इंटरवेंशनिस्ट सह एजुकेटर के पद पर कार्यरत निशांत कुमार ने बताया कि जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित तीन अन्य बच्चों को स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए बहुत ही जल्द पटना भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि सदर प्रखंड मुंगेर के बिंदवाड़ा में रहने वाले राणा राजीव सिंह की सात वर्षीय बेटी रिशु कुमारी, मुंगेर सदर के ही मुबारकचक के रहने वाले अली मनन के 3 महीने के बेटे हबीब उल्ला और मुंगेर शहरी क्षेत्र के चूहाबाग के रहने वाले दिलीप राय की 12 वर्षीय बेटी रितिका कुमारी को जन्मजात बाल हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के रूप में चिन्हित किया है। आने वाले कुछ दिनों में इन सभी बच्चों को भी स्वास्थ्य विभाग के द्वारा निः शुल्क एंबुलेंस से स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए राजधानी पटना स्थित इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान भेजा जाएगा।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के अंतर्गत जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों का राज्य सरकार के द्वारा निः शुल्क उपचार कराया जाता है। इसके अंतर्गत बाल हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को उनके अभिभावक के साथ राज्य सरकार के खर्चे पर हवाई जहाज से गुजरात के अहमदाबाद स्थित श्री सत्य साई हृदय रोग संस्थान में ऑपरेशन करवाया जाता है।

लोकतंत्र की आवाज

झारखंड

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक डिजीटल समाचार पत्र

नवादा, रविवार, 30 जून 2024



## संक्षिप्त खबरें ।

### घाटशिला की पल्लवी भारती को मिला प्रधानमंत्री का प्रशंसा पत्र



लोकतंत्र की आवाज
रवि प्रकाश सिंह, घाटशिला। घाटशिला कॉलेज के राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक प्रोफेसर इंदल पासवान की सुपुत्री पल्लवी भारती को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक प्रशंसा पत्र शनिवार को प्राप्त हुआ बता दें कि ताम्र प्रतिभा मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा के दौरान पल्लवी भारती ने अपनी पेंटिंग्स को प्रधानमंत्री को सौंपा था अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने पल्लवी की पेंटिंग्स की तारीफ की थी इसी के क्रम में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पल्लवी को एक प्रशंसा पत्र भेजा जिसमें उसकी नैसर्गिक प्रतिभा की सराहना की थी बता दें कि इस समय पल्लवी श्री श्री रविशंकर विद्या मंदिर की कक्षा सातवीं की छात्रा है इस मौके पर इसकी जानकारी देते हुए पल्लवी के पिता प्रोफेसर इंदल पासवान ने बताया किया प्रशंसा पत्र वास्तव में हमारे लिए बहुत ही गर्व का पत्र है और यह किसी की जिंदगी बदलने वाला पत्र भी है उन्होंने इस प्रशंसा पत्र के लिए प्रधानमंत्री का आभार भी प्रकट किया

### पलामू में नये डीडीसी ने लिया प्रभार,जिले के 54वें उप विकास आयुक्त बने शब्बीर अहमद




लोकतंत्र की आवाज
संवाददाता,अरविंद अग्रवाल
छत्तरपुर पलामू, मेदिनीनगर (पलामू)। जिले के 54वें उप विकास आयुक्त के रूप में शनिवार को शब्बीर अहमद ने पदभार ग्रहण किया। वहीं निवर्तमान उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके पश्चात उन्होंने सभी डीआरडीए व विकास शाखा के कर्मियों से परिचय प्राप्त किया।पदभार ग्रहण के बाद श्री अहमद ने कहा कि निवर्तमान उप विकास आयुक्त के कार्य को आगे बढाना, विभाग से संबंधित योजना को जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की टीम व प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ मिलकर गति देने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना के लक्ष्य को प्राप्त करना और उसे धरातल पर उतारना मेरी प्राथमिकता रहेगी।

### संभावित बाढ़ को देखते हुए उपायुक्त ने किया दियरा क्षेत्र का भ्रमण



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख
साहिबगंज। उपायुक्त हेमंत सती ने संभावित बाढ़ को देखते हुए रामपुर दियारा क्षेत्रों में पड़ने वाले गांव का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने दियारा क्षेत्रों में ग्रामीणों से बातचीत की। साथ ही उन्होंने सभी ग्रामीणों से बाढ़ के समय तैयारी के लिए अस्वस्थ किया। ग्रामीणों ने बाढ़ से होने वाली समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। ग्रामीणों की समस्या से रूबरू होते हुए उनकी सभी समस्याओं के निपटारे के लिए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।उपायुक्त ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनके पशुओं की सुरक्षा के लिए भी जिला प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्था की जाएगी। पशुओं के लिए चारे, दवा इत्यादि की व्यवस्था भी की जाएगी गई ।मौके पर अंचलाधिकारी, साहिबगंज रामबालक कुमार एवं राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बड़ाखुर्शी में एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ



लोकतंत्र की आवाज
संवाददाता रवि प्रकाश सिंह
घाटशिला। शनिवार को गालुडीह पंचायत उल्दा और बड़ा खुर्शी में "एक पेड़ माँ के नाम अभियान का शुभारंभ किया गया।अभियान का शुभारंभ गालुडी मंडल प्रभारी भाजपा नेत्री सुश्री गीता मुर्मू ने किया। भाजपा नेत्री सुश्री गीता मुर्मू गालुडीह के पंचायत उल्दा बूथ संख्या 16/18 और बड़ाखुर्सी बूथ संख्या 9/10 के ग्राम में पौधारोपण किया सुश्री गीता मुर्मू ने कहा की पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित रखना जरुरी है।पेड़—पौधा रहने से मनुष्य के जिवन के लिए बहुत महत्व है गर्मी से राहत समय से मानसून और आँकसीजन महत्व का एहसास करता है। उपस्थित मंडल अध्यक्ष अमरदीप शर्मा, जिला महामंत्री हराधन सिंह,जिला ,मंडल उपाध्यक्ष मुचिराम गिरि,महिला मंडल अध्यक्ष ममता महतो ,सोनी देवी, हीरा महतो शाहिद काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह द्वारा व्यवहार न्यायालय गिरिडीह में मासिक लोक अदालत का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज




**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह झारखंड।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के द्वारा व्यवहार न्यायालय गिरिडीह में भूमि एवं राजस्व संबंधित मामले मुआवजा तथा विस्थापन संबंधित मामलों पर विशेष लोक अदालत सहित मासिक लोक अदालत का हुआ आयोजन। इस दौरान कुल 50736 मामलों मे सुलहनीय वितरित राशि 10 करोड़ 25 लाख 61 हजार रुपए के साथ मासिक लोक अदालत में कुल 329 मामलों का निष्पादन हुआ तथा कुल सुलहनीय राशि 92 लाख 69 हजार 450 रुपए रही।

माननीय झालसा, रांची के निर्देशानुसार आज दिनांक 29 जून, 2024 को भूमि एवं राजस्व संबंधित मामले मुआवजा तथा विस्थापन संबंधित मामलों पर विशेष लोक अदालत एवं मासिक लोक अदालत का संयुक्त आयोजन माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह, श्री गोपाल पांडेय (प्रभार )के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह, श्रीमति सोनम बिश्नोई के नेतृत्व में किया गया।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह, श्री गोपाल पांडेय (प्रभार) ने कहा कि इस विशेष लोक अदालत का आयोजन आमजनों एवं पक्षकारों को मामले का निष्पादन पक्षकारों की सहमति से करने हेतु माननीय झालसा, रांची के निर्देश पर आज के दिन किया जा रहा है। इस प्रकार के आयोजनों से पक्षकारों को अपने मामलों में त्वरित निष्पादन का लाभ तो मिलता ही है साथ ही साथ न्यायालय का बोझ भी कम होता है। आमजनों एवं पक्षकारों को इस विशेष लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामलों का निष्पादन करवाने के लिए बधाई प्रदान करते हुए कहा कि न्यायालय के द्वारा समय—समय पर लगाए जा रहे इस प्रकार के आयोजनों में शरीक होकर अपने मामलों को निष्पादित कराएं तथा अपने समय एवं धन की बचत करें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव महोदया, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह, श्री मति सोनम बिश्नोई ने कहा कि आज के इस विशेष लोक अदालत तथा मासिक लोक अदालत में आप सभी विद्वान अधिवक्ता गण एवं पक्षकारगण अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने के लिए इस प्रांगण में उपस्थित हैं। यह इस भूमि एवं राजस्व संबंधी मामले मुआवजा तथा विस्थापन संबंधित पर विशेष लोक अदालत की महत्ता एवं जन—जन तक इसकी पहचान को प्रदर्शित करता है।

गिरिडीह न्यायमंडल द्वारा आज के इस भूमि एवं राजस्व संबंधी मामले मुआवजा तथा विस्थापन संबंधित मामलों पर विशेष लोक अदालत को सफल बनाने हेतु निरंतर कार्य किया गया। लगातार इन मामलों का निष्पादन संबंधित न्यायालय में तथा विभाग में किया जा रहा था। इसे सफल बनाने हेतु संबंधित न्यायिक पदाधिकारियों, भूमि एवं राजस्व संबंधी पदाधिकारी के , विद्वान पैनल अधिवक्ताओं के साथ मीटिंग किया गया था। साथ ही संबंधीत न्यायालयों के द्वारा पूर्व से ही मामलों को चिन्हित कर संबंधित पक्षकारों को नोटिस के माध्यम से सूचना प्रदान किया गया।

आज इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के निर्देश पर कुल 08 पीठों का गठन किया गया था जिसमें सभी पीठों के पीठासीन पदाधिकारियों ने आज इस लोक अदालत के दिन अपने—अपने पीठों में आवंटित मामलों को निष्पादित किया। आज इस भूमि एवं राजस्व संबंधित मामले मुआवजा तथा विस्थापन संबंधित मामलों पर विशेष लोक अदालत में 50736 मामलो में 10करोड़ 25 लाख 61 हजार, तथा मासिक लोक अदालत में बिजली विभाग के मामले, एवं एन. आई. एक्ट चेक बाउंस मामला बैंक संबंधित मामले बैंक सुलहनीय अन्य निष्पादित वादों में 92 लाख 6हजार 450 रु राजस्व की प्राप्ति हुई।

इस भूमि एवं राजस्व संबंधित मामले मुआवजा तथा विस्थापन संबंधित मामलों पर विशेष लोक अदालत के साथ जून माह के लिए मासिक लोक अदालत का भी आयोजन किया गया जिसमें न्यायालय में लंबित विभिन्न वादों का निष्पादन संबंधित पीठों के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह के द्वारा किया गया।

## उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर अवैध उत्खनन भंडारण एवं परिवहन को लेकर जिले भर में हो रही है छापेमारी



लोकतंत्र की आवाज

- चैनपुर एवं नौडीहा में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जप्त
- पिपरा में ओवरलोड चिप्स ले जाते ट्रक पकड़ाया

**संवाददाता,अरविंद अग्रवाल**
**छत्तरपुर पलामू, झारखंड।** पलामू जिले में अवैध उत्खनन भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर उपायुक्त श्री शशि रंजन के निर्देश के आलोक में पूरे जिले में छापेमारी की जा रही है, छापामारी के दौरान पिपरा से सीओ परितोष प्रियदर्शी के नेतृत्व में ओवरलोड चिप्स ले जाते ट्रक को पकड़ा, वहीं चैनपुर एवं नौडीहा में अवैध बालू ले जाते दो ट्रैक्टर को जप्त किया गया। डीएमओ आनंद कुमार ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर जिले भर में अवैध उत्खनन भंडारण एवं परिवहन को लेकर छापामारी जारी है।

उन्होंने बताया कि पिपरा अंचल अधिकारी परितोष प्रियदर्शी द्वारा ट्रक इफ—02—ई—4776 को ओवरलोड चिप्स ले जाते पकड़ा गया था, जबकि नौडीहा बाजारे थाना प्रभारी एवं चैनपुर थाना प्रभारी के द्वारा छापेमारी कर अवैध रूप से बालू परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर समेत सौ—सौ सीएफटी बालू को जप्त किया गया था एवं कार्रवाई को लेकर खनन विभाग भेजा गया था इसके बाद विभाग के द्वारा जांच के उपरांत ट्रैक्टर एवं ट्रक मालिकों पर कार्रवाई की जाएगी।

डीएमओ आनंद कुमार ने कहा है कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण नहीं होने दिया जाएगा जिले भर में अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही है एवं अवैध कारोबारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## घाटशिला: प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित



**लोकतंत्र की आवाज**
**संवाददाता रवि प्रकाश सिंह**
**घाटशिला।** शिक्षा विभाग की ओर से जगदीश चंद्र उच्च विद्यालय परिसर के मैदान में शनिवार को प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में पूरे प्रखंड से कुल 24 टीमें शामिल हुईं हैं. प्रतियोगिता में तीन ग्रुप है. इसमें अंडर 15 में बालक ग्रुप तथा अंडर 17 ग्रुप में बालक एवं बालिका की टीम को शामिल किया गया है. इस संबंध में शिक्षक मोहम्मद साजिद ने बताया कि फुटबॉल प्रतियोगिता के तीनों ग्रुप से विजयी प्रतिभागियों को जिला स्तरीय टीम में शामिल किया जाएगा. प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए उत्पल चक्रवर्ती, संजीत कुमार दत्ता, कृष्ण दत्ता, सुष्मिता कुमारी, डॉक्टर कमर अली, सहित अन्य शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा.

## घाटशिला के संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर में ''मदर इंटरएक्टिव सेशन'' एवं ''पपेट थिएटर का हुआ विमोचन

लोकतंत्र की आवाज



**संवाददाता रवि प्रकाश सिंह**
**घाटशिला।** संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर , घाटशिला में आज ₹मदर इंटरएक्टिव सेशन₹ का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा द्वितीय तक की माताओं को बुलाया गया था। इस सेशन में 63 माताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सेशन की शुरुआत में ₹एस. एन. एस .वी .एम पपेट थिएटर₹ का विमोचन माताओं के कर कमलों द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रशासिका शोभा गनेरीवाल, प्रबंधक डॉ प्रसेनजीत कर्मकार एवं प्रधानाचार्या नीलकमल सिन्हा मौजूद थी। इस पपेट थिएटर के माध्यम से विद्यालय, बच्चों के मनोरंजन के साथ—साथ अनेक महत्वपूर्ण गुण और कौशल को सिखाने का एक भरपूर प्रयास लेकर आया हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलकमल सिन्हा ने कहा कि कठपुतली थिएटर बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए एक महत्वपूर्ण और प्रभावी माध्यम है। यह न केवल उनकी शैक्षिक समझ को बढ़ाता है, बल्कि उन्हें सृजनात्मक, संवेदनशील और सामाजिक रूप से जागरूक नागरिक बनने में भी मदद करता है।

इस सत्र में आगे नई शिक्षा नीति में उल्लेखनीय ₹हॉलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड₹ के बारे में माताओं को विस्तार से समझाया गया। उन्हें बताया गया कि प्राथमिक शिक्षा में समग्र प्रगति (हॉलिस्टिक प्रोग्रेस) का महत्व अत्यधिक महत्वपूर्ण है। यह सुनिश्चित करता है कि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो और वे मानसिक, शारीरिक, भावनात्मक और सामाजिक रूप से मजबूत बन सकें।

इस संदर्भ में प्रशासिका शोभा गनेरीवाल ने माताओं से कहा कि समग्र प्रगति से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है, जिससे वे जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सफल हो सकते हैं और एक संतुलित और खुशहाल जीवन जी सकते हैं। प्राइमरी प्रभारी सुजाता वर्मा ने सभी माताओं को धन्यवाद दिया और कहा कि वे इसी तरह से विद्यालय एवं बच्चों के साथ जुड़े रहे। मंच का संचालन सोमा दत्ता एवं श्रावणी आदित्य ने किया। इस सेशन को सफल बनाने में सह शैक्षणिक विभाग , टेक्निकल टीम तथा सभी प्री प्राइमरी शिक्षिकाओं ने अपना पूर्ण योगदान दिया।

## हूल दिवस के पूर्व डिवाइन कॉन्वेंट सक्सेस एकेडमी में कार्यक्रम आयोजित

लोकतंत्र की आवाज



**संवाददाता रवि प्रकाश सिंह**
**घाटशिला।** डिवाइन कॉन्वेंट सक्सेस अकैडमी में हूल दिवस के पूर्व कार्यक्रम आयोजित किया गया मौके पर पद्मश्री डा जानम सिंह सोय मुख्य अतिथि उपस्थित थे इसमे विशेष अतिथि के रूप में कोल्हान विश्वविद्यालय के पूर्व दीन डॉक्टर प्रोफेसर एसपी मंडल उपस्तिथ थे।

सिद्धू कानू के छायाचित्र में माला पहनाते हुए डॉक्टर सोए ने हूल दिवस के इतिहास के बारे में बताया। स्कूल के प्रिंसिपल मुकुल महापात्रा ने कहा कि हमें महापुरुष जीवन से प्रेरणा लेनी होगी और एक सुंदर भारत बनाने के लिए कहा। स्कूल के अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप भौमिक ने बच्चों से कहा कि एक सुनहरा भविष्य चरित्र निर्माण से वह संभव है। वरिष्ठ अध्यापिका संध्या घोष ने स्वागत भाषण दिया जबकी ज्योत्सना पॉल ने सबका स्वागत किया। इस अवसर पर शिक्षक संजीव घोष, शिक्षिका खुशबू गोस्वामी, सुदीपा बारिक, श्रीमोंटो बारिक, निर्मल राउल भी उपस्थित थे। संस्कृतिक कार्यक्रम में एलकेजी के स्मृति शॉ तथा भाषाएँ विकाश कुमार, फरिज़ू परवीन, आसिया खातून ने दिया। मंच संचालन मुस्कान सलीम और अफीदा ने मिल कर किया ।

## घाटशिला के धालभूमगढ़ बाज़ार स्थित सामुदायिक भवन में निशुल्क स्वास्थ्य जांच

लोकतंत्र की आवाज



**संवाददाता रवि प्रकाश सिंह**
**घाटशिला।** धालभूमगढ़ जिला परिषद सदस्य हेमंत मुंडा के सहयोग से सामुदायिक भवन में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर अयोजित किया गया निशुल्क स्वास्थ जॉच में संजीव नेत्रालय जमशेदपुर से आए चिकित्सक सुकुमार पंडित, सिंगो सोरेन, जितेन मिश्रा मार्केटिंग मैनेजमेंट से आए नंदा रजक ने 28 ग्रामीण पुरूष महिला के नेत्र जांच कर उसमे 5 मोतियाबिंद मरीजों को चयनित कर आयुष्मान स्वस्थ बीमा के तहत निशुल्क आपरेशन किया जाएगा,

जॉच में आए न्यूट्रिशन हेल्थ काउंसलिंग जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा 38 लोगो ने क्वांटम मैग्नेटिक एंलाइजर एव बीएमआई अत्याधुनिक तकनीक मशीन द्वारा पूरे शरीर के जांच कर लोगो को स्वस्थ रहने की सलाह दी, मैडम अनुराधा और दीपा कौर ने घरेलू उपचार कर स्वस्थ टिप्स की जानकारी दी, साथ ही उन्होने घर घर आयुर्वेद के तुलसी ड्रॉप का सेवन करने की बात कही, मैडम अनुराधा ने विशेष कर आयुर्वेद ब्यूटी टिप्स की जानकारी दी। जिला परिषद सदस्य हेमन्त मुंडा लगातार प्रत्येक सप्ताह शनिवार और रविवार निशुल्क कैंप कर गांव गांव जाकर लोगो को स्वस्थ सुबिधा का लाभ दिलाने का कार्य किया,, श्री मुंडा ने कहा कि आगे भी समय को देखते हुए दूर दराज गांव में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर कैंप किया जाएगा, कल रविवार को मोहली शोल ग्राम पंचायत भवन में निशुल्क स्वस्थ कैंप सुबह 10 बजे से किया जाएगा, श्री हेमन्त मुंडा ने निशुल्क स्वस्थ कैंप में आए सभी हेल्थ टीम सदस्य को धन्यवाद कहा।

## हंटरगंज प्रमुख ने कि उपायुक्त से मुलाकात

लोकतंत्र की आवाज़

### प्रखण्ड क्षेत्र की समस्याओ के समाधान हेतु सौपा आवेदन



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**चतरा(झारखंड)।** जिले के हंटरगंज प्रखण्ड प्रमुख ममता कुमारी ने शनिवार को चतरा उपायुक्त रमेश घोलप से मुलाकात करते हुए उन्होंने चार सूत्री मांगों पर आवेदन उपायुक्त के समक्ष सौंप दी।

ज्ञापन में जिक्र किया गया है कि प्रखण्ड क्षेत्र करमा पंचायत के निंजरा गांव में संचालित क्रेशर से डस्ट उड़ने एवं दिन रात मशीन चलने कि आवाज से कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के छात्राओं कि पढ़ाई अच्छी से नही हो पा रही है एवं डस्ट उड़ने से छात्राओं को सांस संबंधित बीमारी का शिकार हो सकती हैं इसलिए क्रेशर को बंद किया जाए ताकि छात्राओं कि पढ़ाई में कोई समस्या ना हो। आगे उन्होंने क्षेत्र में अवैध नर्सिंग होम चिकित्सा पदाधिकारी के मिलीभगत से चलाया जा रहा है इसकी भी आवेदान में जिक्र कि इसके बाद प्रखण्ड में अंचल अधिकारी व बाल विकास पदाधिकारी का प्रभार प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा चलाया जा रहा है जिले के बडा प्रखण्ड (28 पंचायत) होने के कारण सभी विभागों को योजना कार्यक्रम एवं आम जनता का कार्य सही समय से नही हो पा रहा है। जिससे जनता प्रभावित हैं। आगे आवेदन में जिक्र किया गया कि प्रखण्ड में ओवर लोडिंग व नो इंट्री का अनुपालन ना करते हुए अवैध रूप से हाईवा द्वारा पत्थर भेजा जा रहा है। अनियंत्रित वाहन होने के कारण कई लोग अपनी जान गवां चुके हैं इसे रोकने कि कृपा कि जाय।

## झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स तथा एंप्लाइज फेडरेशन की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

लोकतंत्र की आवाज



**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह झारखंड।** आज दिनांक 29 जून 2024 को झारखंड ऑफिसर टीचर्स एंड एम्पलाइज फेडरेशन की एक बड़ी महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यकारिणी और प्रखंड कार्य कारनी के पदाधिकारी के साथ जिला अध्यक्ष मुन्ना प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें मुख्य रूप से प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद उपस्थित थे। आज की बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रखंड स्तरीय सदस्यता अभियान हेतु जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी का मनोनयन करना प्रखंड स्तरीय सम्मेलन का आयोजन करना : झारखंड ऑफिसर टीचर्स एंड एम्पलाइज फेडरेशन का आगामी जुलाई को भव्य विशाल जिला सम्मेलन का आयोजन हेतु रणनीति बनाना

प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में जिला की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु पदाधिकारी की जिम्मेदारी तय करना

आज के इस बैठक में जिला कार्यकारिणी के साथ—साथ प्रखंड पदाधिकारी का एक विशेष टीम गठित की गई जो उपरोक्त बिंदुओं पर आगामी 1 जुलाई से लेकर 15 जुलाई तक प्रखंड वार का सघन दौरा करते हुए प्रखंड सम्मेलन और सदस्यता अभियान को तेज करेगा

**नामित पदाधिकारी :** गिरिडीह प्रखंड के लिए श्री राजेश कुमार सिंह कुमार लाल पहन सत्येंद्र मुंडा चंदन कुमार सिंह बबलू चौधरी और लालमोहन दास

गंदे प्रखंड के लिए महेंद्र प्रसाद डांगी युगल किशोर पंडित नौशाद समाज सुधीर पासवान मनीष कुमार वर्मा सुदीप कुमार अनुज कुमार प्रशांत रजक

बेंगाबाद प्रखंड के लिए अवधेश यादव मिथुन राज भुवनेश्वर प्रसाद वर्मा उमाशंकर राम उमेश चौधरी

**जमुआ प्रखंड के लिए :** ऋषिकांत सिंह अवधेश कुमार यादव रविकांत चौधरी आनंद शंकर अजीत कुमार राय और प्रभात पांडे

**सरिया प्रखंड के लिए :** सूरज देव प्रसाद नरेश मंडल खूब लाल पंडित

बिरनी प्रखंड के लिए शंभू प्रसाद गुप्ता दीनदयाल सत्संग अंजनी कुमार और श्याम देव राय

बगोदर प्रखंड के लिए अभिषेक कुमार सिंह नवीन निश्चल रमेश कुमार ठाकुर गौतम मंडल

पीरटांड़ प्रखंड के लिए रामकिंकर उपाध्याय विजय दास संतोष कुमार विकास कुमार , सफदर अली

डुमरी प्रखंड के लिए रजनीकांत प्रसाद सहदेव यादव युवराज सिंह संजय महतो

**देवरी प्रखंड के लिए :** विकास सिंह सुधीर प्रसाद पप्पू कुमार केदार प्रसाद यादव मुकेश कुमार राय गणेश खन्ना

तीसरी प्रखंड के लिए घनश्याम गोस्वामी कमलेश सिंह महेश बरनवाल संजीत कुमार रामशरण कुमार यादव गम प्रखंड के लिए अभय कुमार चतुर्वेदी अमित कुमार बृजेश पांडे

धनवार प्रखंड के लिए विनोद साहब यादव विमलेंदु त्रिपाठी प्रवीण कुमार और विकास पांडे को जिम्मेदारी सौंप गई है।

संगठन लगातार कर्मचारी हिट में संघर्ष,समन्वय स्थापित करके बड़े बड़े मुद्दों को प्राप्त करवा रहा है।

सभी प्रखंडों में जिला कार्यकारी के पदाधिकारी को प्रतिनिधित्व किया गया है ताकि उपरोक्त कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सके

सभी नामित पदाधिकारी आगामी 1 जुलाई से 15 जुलाई तक अपने—अपने प्रखंडों में सभी सरकारी कर्मचारियों से संपर्क और प्रखंड स्तरीय बैठक करते हुए संघन सदस्यता पर जोर देंगे ताकि 15 तारीख से 20 तारीख के बीच जिलास्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जा सके उल्लेखनीय है कि आगामी 1 सितंबर को रांची में झारखंडऑफिसर टीचर्स एंड एम्प्लॉयज फेडरेशन की भव्य रैली आहूत है।।

## संक्षिप्त खबरें ।

### ओपी राजभर खामोश' !, बीजेपी ने आखिर क्यों अपनी बयानबाजी के लिए चर्चाओं में रहने वाले नेता को दी नसीहत



लोक तंत्र की आवाज
रत्ना
लखनऊ। अपने बयानों के लिए हमेशा चर्चाओं में रहने वाले सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर की बयानबाजी अब भारतीय जनता पार्टी नहीं चाहती है। लोकसभा चुनाव में घोसी में मिली हार और पेपर लीक केस में उनकी पार्टी के एमएलए का नाम आने के बाद भाजपा नेतृत्व ने ओम प्रकाश राजभर को बयानबाजी से दूर रहने की सलाह दी है।सूत्रों के अनुसार भाजपा नेतृत्व ने उन्हें अनुशासन में रहने व बयानबाजी से दूर रहने की सलाह दी है। गुरुवार को ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सुभासपा प्रमुख को तलब किया था।

### उत्तरप्र्रदेश के इन विभागों में खूब हुए तबादले; सिंचाई विभाग में 49 और यूपीपीसीएल के 339 अभियंताओं का हुआ ट्रांसफर




लोक तंत्र की आवाज
रत्ना
लखनऊ। यूपी के कई विभागों में तबादले हुए हैं। 30 जून तक तबादले हो सकते हैं किंतु शनिवार व रविवार को अवकाश के कारण ज्यादातर विभागों ने शुक्रवार को ही अपने यहां तबादले कर आदेश जारी कर दिए। पावर कारपोरेशन प्रबंधन द्वारा गुरुवार को 300 से अधिक तबादले किए गए। वहीं सिंचाई विभाग में 49 अभियंताओंचिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में भी विभिन्न पदों के तबादले हुए हैं। लोक निर्माण विभाग, नगर विकास विभाग में भी देर रात तक तबादला आदेश जारी होते रहे। स्टांप एवं पंजीयन विभाग में भी तबादले हुए हैं। प्रयागराज मुख्यालय में उप महानिरीक्षक एके मिश्रा को मेरठ स्थानांतरित किया गया है। इसी तरह 14 सहायक महानिरीक्षक और 48 उप निबंधकों का तबादला भी किया गया है।

### जनता दरबार सात मामलों का हुआ निष्पादन

लोकतंत्र की आवाज़
दिलिप कुमार ठाकुर, खानपुर/समस्तीपुर। थानाक्षेत्र के भूमि संबंधी मामलों के समाधान वास्ते खानपुर थाना परिसर में सअ नि अनिल कुमार की उपस्थिति एवम सीओ मनीष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई ।जिसमे लम्बित तेरह नया पांच कुल अठारह में से सात मामलो का ऑन स्पॉट निष्पादन करते हुए शेष ग्यारह पर नोटिस निर्गत किया गया । इस अवसर पर अंचल कर्मी अवनीश कुमार पत्रकार दिलिपकुमार ठाकुर सहित थानाक्षेत्त से आए फरियादी मौजूद रहे हैं।

# भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क 2024 में केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा को सातवां रैंक हुआ हासिल

**शिक्षा को छात्र केंद्रित जबकि अनुसंधान को किसान केंद्रित कर विश्वविद्यालय कर रहा है तेजी से प्रगति**



**लोकतंत्र की आवाज**

**रामजी कुमार**
**पूसा/समस्तीपुर।** डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा समस्तीपुर ने एक बार फिर से नया गौरव हासिल किया है। मिली जानकारी के अनुसार आई आई आर एफ रैंकिंग 2024 में केंद्रीय विश्वविद्यालय पूसा को सातवां रैंक हासिल हुआ है। भारत में विश्वविद्यालयों इंजीनियरिंग संस्थानों, बिजनेस स्कूलों, डिजाईन संस्थानों तथा अन्य अकादमिक संस्थानो के लिए रैंकिंग प्रणाली को भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (आई आई आर एफ रैंकिंग) कहा जाता है। बिहार के इतिहास में यह पहली बार है कि किसी विश्वविद्यालय को इतना उच्च स्थान हासिल हुआ है।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने इसकी सूचना मिलने पर हर्ष जताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के प्रगति में सभी विश्वविद्यालय कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने सभी वैज्ञानिकों अधिकारियों और कर्मचारियों को शुभकामनायें दी और कहा कि इस उपलब्धि के हासिल होने से विश्वविद्यालय का आत्मविश्वास बढा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के विकास में जितना योगदान शीर्ष वैज्ञानिकों का है उतना ही योगदान सफाई कर्मचारियों का भी है। सब एकनिष्ठ होकर काम कर रहे हैं इसी का यह परिणाम है। उन्होंने कहा आने वाले वर्षों में हमें और बेहतर करना है ताकि हम राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष के संस्थान में शामिल हो सकें। निदेशक शिक्षा डा उमाकांत बेहरा ने कहा कि विश्वविद्यालय कुलपति डॉ पी एस पांडेय के नेतृत्व में तेजी से प्रगति कर रहा है। पिछले लगभग दो वर्ष में शिक्षा अनुसंधान और प्रसार की दिशा बदली गई है। शिक्षा को छात्र केंद्रित किया गया है जबकि अनुसंधान को किसान केंद्रित किया गया है।

वैज्ञानिकों को अमेरिका इंग्लैंड सहित विभिन्न देशों में प्रशिक्षण के लिए भेजा जा रहा है। इस सबका परिणाम है कि विश्वविद्यालय को उच्च रैंकिंग हासिल हुई है। उन्होंने कहा कि कुलपति डॉ पांडेय विश्वविद्यालय को नई दिशा दे रहे हैं और आने वाले समय में इसका फायदा सभी को नजर आयेगा। विश्वविद्यालय को उच्च रैंकिंग मिलने से विश्वविद्यालय में हर्ष का माहौल है। कुलसचिव डा मृत्युंजय कुमार, निदेशक अनुसंधान डॉ ए के सिंह, ? डीन पीजीसीए डॉ मयंक राय, डीन बेसिक साइंस डॉ अमरेश चंद्रा तथा अन्य वैज्ञानिकों, पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कुलपति को शीर्ष रैंकिंग हासिल होने को लेकर बधाई दी है।

## भारत की जीत का जश्नः आधी रात में खुशियों से सराबोर हुआ पूरा देश

**टी-20 वर्ल्ड कप 2024 भारत विजेता**




**लोकतंत्र की आवाज**

**धर्मजीत सिन्हा**
**नवादा।** भारतीय टीम ने 11 साल का सूखा खत्म करते हुए टी20 विश्वकप दूसरी बार अपने नाम कर लिया है। भारत ने विश्वकप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से मात दी। भारत की इस एतिहासिक जीत से हर भारतीय गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उत्तर से लेकर दक्षिण और पूर्व से लेकर पश्चिम तक हर कहीं इस जीत का जश्न मनाया जा रहा है।

**जीत के जश्न में डूबी राजधानी दिल्लीः** टी20 विश्वकप में भारत की एतिहासिक जीत के बाद राजधानी दिल्ली में भी लोगों में खूब उत्साह नजर आया। राजधानी में लोगों ने फुलझड़ियां और पटाखे जलाकर जमकर जश्नन मनाया। इसके वीडियो भी सामने आए हैं। इनमें लोगों को उत्साह से नाचते हुए भी देखा जा सकता है।

**नवादा में भी में नाचते-गाते लोग मना रहे खुशियांः** भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 7 रनों से हराकर दूसरी बार टी-20 विश्व कप ट्रॉफी जीती। नवादा शहर सहित ग्रामीा इलाकों में भी भारतीय क्रिकेट टीम के प्रशंसकों ने भारत की जीत का जश्न मनाया। इस दौरान लोगों ने भारत माता की जय के नारे भी लगाए। हर गली-मुहल्लो में रात साढ़े 11 बजे भारत की जीत के बाद एक-दूसरे को बधाई थी दी।

## बिजली विभाग ने किया जबरदस्त चेकिंग अभियान डोर टू डोर



**लोक तंत्र की आवाज**

**रत्ना**
**लखनऊ।** लखनऊमें बिजली विभाग का जबरदस्त एक्शन, डोर टू डोर चेकिंग अभियान ने खोल दी पोल, चोरों पर केस यूपी में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चल रहा है। हालांकि चंद अभियंता ही अपने क्षेत्रों में अभियान चला रहे हैं। शुक्रवार को ठाकुरगंज के अधिशासी अभियंता दीपक कुमार के नेतृत्व में बालागंज महबूबगंज दौलतगंज ठाकुरगंज गऊघाट अहमदगंज पजाया में बिजली चेकिंग करते हुए 16 व्यक्तियों को बिजली चोरी करते पकड़ा गया। सभी के खिलाफ बिजली चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

वहीं रेजीडेंसी उपकेंद्र से संबंधित नबीउल्लाह रोड, नई बस्ती में चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान 11 किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी गई। मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल ने बताया कि डोर टू डोर चेकिंग अभियान में 11 घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई। 10 लोग मीटर से पहले कट लगाकर बिजली चोरी करते हुए पाए गए।

## अनुमंडल स्तरीय सतर्कता सह अनुश्रवण समिति की बैठक



**लोकतंत्र की आवाज**

**दलसिंहसराय/समस्तीपुर।** अनुमंडल स्तरीय अनुसूचित जाति एबं अनुसूचित जन जाती अत्याचार निवारण की बैठक अनुमंडल पदाधिकारी प्रियंका कुमारी की अध्यक्षता में हुई। अनुमंडल कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई बैठक में महादलित टोलो में हर घर नल का जल ,बासगीत पर्चा,भ्रम नीति के तहत भूमि उपलब्धतापर बिस्तार से चर्चा करते हुए अन्य बिंदुओं पर सुझाव प्राप्त किया गया। बाढ़ पूर्व तैयारी की बैठक में तटबंधों की सुरक्षा नाव,नाविक की व्यवस्था सूखा भोजन शुध्द, पेयजल महाजाल, गोताखोरों की व्यवस्था सामुदायिक रसोई केंद्र,ऊँचे स्थलों पर शरण की व्यवस्था बचाव राहत दल का गठन सहित अन्य मांगों पर बिचार किया गया एबं आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिबेक कुमार शर्मा सभी बीडीओ ,सी ओ,थानाध्यक्ष बल बिकास पदाधिकारी, पीएचईडी सहायक अभियंता,प्रखण्ड प्रमुख सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

## रफीगंज नगर पंचायत के बस स्टैंड, चौक बाजार का हुआ डाक

**लोकतंत्र की आवाज**



**सुनील कुमार मिश्र, (मगध ब्यूरो)**
**औरंगाबाद।** जिले के रफीगंज नगर पंचायत के बस स्टैंड, चौक बाजार का सशक्त स्थायी समिति के समक्ष 1 जुलाई से 31 मार्च 2025 तक डाक के लिए नगर कार्यालय सभागार भवन में मुख्य पार्षद मिरिख दरखशां की अध्यक्षता में निविदा की प्रक्रिया डाक के माध्यम से पूर्ण कर लिया गया। जिसमें बस स्टैंड के लिए मनोज कुमार एवं चौक बाजार के लिए उपेंद्र यादव ने निविदा किया। जिसमें राशि 805000 बस स्टैंड के लिए टेंडर हुआ।

चौक बाजार के लिए निविदा मे 240800 रुपया के डाक किया गया। इस मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी सहाब यहया, मुख्य पार्षद मिरिख दरखशां,उप मुख्य पार्षद आरती देवी, वार्ड पार्षद सुबोध कुमार, नुरुल होदा खां,सविन प्रवीण उपस्थित थे।

## 10 ली महुआ शराब के साथ एक मैजिक गाड़ी जब्त, एक कारोबारी गिरफ्तार

**लोकतंत्र की आवाज**
**औरंगाबाद।** सुनील कुमार मिश्र। जिले के रफीगंज पुलिस ने टिकट काउंटर के पास से मैजिक गाड़ी पर लदे 10 लीटर महुआ शराब के साथ एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया।प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि सूचना मिला की मैजिक गाड़ी जेएच 15 टी 9997 से शराब लेकर टिकट काउंटर के पास खड़ी है। गाड़ी में रखा 10 लीटर शराब बरामद किया गया। नाम पता पूछा गया तो पौथु थाना क्षेत्र के अचूकी गांव निवासी नीतीश कुमार बताया। हिरासत में लेकर प्राथमिकी दर्ज कर मध्य निषेध उत्पाद अधिनियम के तहत नीतीश को जेल भेजा गया।

## घर बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी ने दिए निर्देश, जल्द ही उत्तर प्रदेश में लागू की जाएगी नई पॉलिसी, इनको मिलेगा फायदा

**लोक तंत्र की आवाज**



**रत्ना**
**लखनऊ।** घर बनाने के लिए प्रयुक्त होने वाली बालू और मौरंग के स्थान पर योगी सरकार एम सैंड का विकल्प ला रही है। इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खनन विभाग की प्रस्तावित नीति पर चर्चा की। सीएम योगी ने एम सैंड को बाजार में उतारने और इसके प्रयोग के प्रोत्साहन के निर्देश दिए हैं। योगी सरकार की इस नीति की उद्देश्य पर्यावरण और नदियों के इकोसिस्टम को बचाना है।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को खनन विभाग की प्रस्तावित नीति पर चर्चा करते हुए कहा कि नदी तल से प्राप्त होने वाली बालू की सीमित मात्रा और इसकी बढ़ती मांग के दृष्टिगत 'एम-सैंड' बालू-मौरंग के विकल्प के रूप में बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इससे रोजगार के भी नए अवसर सृजित होंगे।

## गया नगर निगम के आयुक्त ने वार्ड पार्षद के साथ जलापूर्ति संबंधित समिक्षा की गई

**लोकतंत्र की आवाज़**

**वार्ड के समस्या को नगर आयुक्त ने गंभीरतापूर्वक सुनने के बाद समुचित कार्यवाई करने का आश्वासन**



**गया।** गया नगर निगम आयुक्त अभिलाषा शर्मा नगर निगम कार्यालय में पितृपक्ष मेला के वार्ड संख्या 32 से 46 एवम दोपहर में वार्ड संख्या 01 से 14 तक के वार्ड पार्षद के साथ समीक्षा बैठक की गई है। इस बैठक में मुख्यतः बुडको एवम अन्य विभाग द्वारा जलापूर्ति पाइप लाइन बिछाने के क्रम में तोड़े गए ऐसे पथों की सूची जिसकी अभी तक मरमती नहीं कराई गई, अविलंब देने को कहा गया ताकि संबंधित विभाग से समन्वय कर अविलंब बनवाया जा सकेगा।

नाली सफाई के क्रम में तोड़े गए नाली ढ़क्कन की सूची भी मांगी गई ताकि जांच कराकर बनवाने की कार्यवाई की जायेगी। वार्ड के अन्य समस्या को भी गंभीरतापूर्वक सुनने के बाद समुचित कार्यवाई करने का आश्वासन दिया गया है। इस बैठक में उप नगर आयुक्त, शैलेंद्र कुमार सहायक अभियंता, राकेश कुमार कार्यपालक अभियंता, ज्योति प्रकाश सहायक अभियंता, बुडको, लोक स्वच्छता पदाधिकारी कनीय अभियंता मौजूद थे।

## आरपीएफ ने अंग्रेजी शराब के साथ शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

**लोकतंत्र की आवाज**

**सुनील कुमार मिश्र,(मगध ब्यूरो)**
**औरंगाबाद।** पंडीत- दीन दयाल उपाध्याय रेल मंडल के वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेथीन बी. राज के निर्देश पर रेल गाड़ियों से प्रतिबंधित एवं नशीले सामानों का परिवहन रोकने एवं ऐसे कार्य करने वाले व्यक्तियों पर नकेल कसने हेतु विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

निर्देश के आलोक में निरीक्षक प्रभारी रेल सुरक्षा बल रफीगंज वी. के. सिंह के नेतृत्व में रेल सुरक्षा बल रफीगंज की टीम के उप निरीक्षक इंदल कुमार मंडल, सहायक उप निरीक्षक राधेश्याम यादव ,प्रधान आरक्षी राकेश कुमार राय, ज्ञान प्रकाश, आरक्षी ब्रज भूषण कुमार एंव आरक्षी अखिलेश सिंह ने प्लेटफार्म पर छापामारी अभियान चलाया। गाड़ी संख्या 18104 डाउन टाटा नगर जालिया वाला बाग एक्स्प्रेस के रफीगंज रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म संख्या 03 पर नियमित ठहराव के बाद सुरक्षित पास करने के बाद पूर्वी छोर पर एक व्यक्ति के उपर संदेह होने पर उसे पकड़ा गया।पूछताछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम पता गोपाल चौधरी, पिता- स्व० चंद्र देव चौधरी,- राजबिगहा, वार्ड संख्या 16 का बताया। जांच के दौरान अंग्रेजी शराब लगभग 22 ली, किमत 18000 रुपये का विदेशी शराब वरामद हुआ। पकड़े गए व्यक्ति को बिहार प्रदेश के भीतर पूर्ण शराब बंदी होने एवं बिहार प्रदेश के भीतर शराब रखना, शराब बेचना, खरीदना एवं पीना एक संगीन अपराध बताकर व्यक्ति के विरुद्ध मद्य निषेध उत्पाद संसोधन अधिनियम-2018 के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।



लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।